*     ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 81

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

बीसीसीआइ ने नयी सेलेक्शन कमेटी घोषित की, चेतन शर्मा फिर बने चीफ सेलेक्टर



# G D GOENKA PUBLIC SCHOOL

## RANCHI
## Jharkhand





## ADMISSIONS OPEN

**for 2023-24 Session**
**NURSERY TO GRADE VII**

### Facilities at GD Goenka

• Semi Olympic size swimming pool • Volleyball court • Badminton court • Olympic size basketball court & lawn tennis • Rifle Shooting • 24hr Ambulance for Emergency • Squash • Mini Golf Course • Smart Classes • Robotic Lab • Indian & Western Music Studio • Aerobics, Yoga & Meditation • Integrated Science lab • Maths lab • Language lab • GPS enabled AC buses with CCTV Camera

## VACANCY FOR PRT & TGT Teachers













G D. GOENKA SCHOOL

EXCELLENCE IN EDUCATION 29 YEARS GD GOENKA

GD Goenka Public School
Doranda- Namkum Road,
Near Namkum Block, Namkum, Ranchi 834010

CALL US ON :
7707001105/06/07/08

www.gdgoenkaranchi.com   /gdgoenkaranchi

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
YouTube Channel
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## महारैली : अमित शाह का आना कोल्हान के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए संजीवनी

# चाईबासा की जनता : कोल्हान भाजपा हारती नहीं, गुटबाजी के कारण हारी

### ■ टिकट का बंटवारा सही नहीं था, जो उम्मीदवार जीतता, उसे साइड कर दिया गया था ■ अमित शाह आये हैं, हो सकता है अब सही उम्मीदवार को परख लें

**दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के दूसरे सबसे बड़े नेता अमित शाह का झारखंड दौरा संपन्न हो गया। राजनीतिक हलकों में इसे भाजपा के 'मिशन 2024' और 'चार सौ प्लस' अभियान का आगाज बताया जा रहा है, लेकिन कई मायनों में अमित शाह की यह यात्रा जहां उन कारणों की जमीनी हकीकत समझना था, जिनके कारण भाजपा 2019 में पहले सिंहभूम संसदीय सीट और बाद में कोल्हान की सभी विधानसभा सीटें हार गयी थी, वहीं कोल्हान की जनता की आवाज के अनुरूप पार्टी को काम करने का मंत्र देने के लिए थी। अमित शाह इन दोनों मकसदों में न केवल कामयाब रहे, बल्कि उनकी यात्रा ने झारखंड भाजपा को सफलता का वह मंत्र बता दिया, जो वह 2019 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद भूलने लगी थी। राज्य में आदिवासियों के लिए सुरक्षित विधानसभा की 28 में से महज दो सीटें जीत पाने का दर्द जितना प्रदेश भाजपा को साल रहा था, उससे कहीं इसकी पीड़ा अमित शाह जैसे 'चुनावी चाणक्य' महसूस कर रहे थे। इस यात्रा ने उन्हें जनता की आवाज सुनने का मौका दिया और उन्होंने इसका खूब लाभ उठाया। अमित शाह के इस दौरे के परिप्रेक्ष्य में भाजपा की चुनावी संभावनाओं को टटोल रहे हैं पिछले दो दिनों से चाइबासा में कैंप कर रहे आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

**सारंडा** के जंगलों से होते हुए, घाटी में गहरी खूबसूरत, मगर भयावह खाइयों को निहारते और साइकिल पर कटी हुई लकड़ी अपनी आजीविका के लिए ले जाते लोगों को देखते हुए जब मैं छह जनवरी को चाइबासा पहुंचा, तो वहां का नजारा कुछ अलग ही था। पूरा शहर विजय संकल्प महारैली के पोस्टर से पटा था। मुझे टाटा कॉलेज ग्राउंड जाना था, क्योंकि वहीं पर सात तारीख की सुबह 11 बजे अमित शाह की महारैली होनी थी। सोचा एक दिन पहले ही पहुंचा जाये। चाइबासा पहुंचते ही मैंने गूगल मैप ऑन किया, लेकिन गूगल भी दिशाहीन होने लगा। लेकिन सड़कों पर लगे नेताओं के पोस्टर दिशाहीन नहीं हो रहे थे। मैंने गूगल छोड़ नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश के लगे पोस्टरों का सहारा लिया। वे बिल्कुल सही दिशा में ले जाकर मुझे लोकेशन पर छोड़ आये। सभास्थल पहुंचते ही देखा कि पुलिस फोर्स रिहर्सल कर रही थी। उनके सीनियर उन्हें दिशा-निर्देश दे रहे थे। मंच बनाया जा रहा था। होर्डिंग-पोस्टर लग रहे थे। गेंदा फूल की माला तैयार हो रही थी। मैंने थोड़ी देर तक वहां पर उपस्थित भाजपा नेताओं से बात की। सुबह होनेवाले कार्यक्रम के बारे में डिटेल लिया। रैली में जाने के लिए अपना पास लिया और चल दिया।

जैसे-जैसे शाम ढल रही थी, अंधेरा होना शुरू हुआ, साथ ही ठंड भी बढ़ने लगी। मन हुआ चाय पी लूं। नेता जी चौक पर रुका। दुकानदार चाय बना रहा था। इसी बीच मन हुआ कि पूछ ही लूं कि अमित शाह आ रहे हैं। क्या उनके आने से कोई फर्क पड़ेगा। उसने कहा, भैया क्यों नहीं फर्क पड़ेगा। मैंने पूछा, क्या फर्क पड़ेगा। उसने कहा, अमित शाह ही वह व्यक्ति हैं, जो यहां नेताओं को टाइट कर सकते हैं। मैंने जानना चाहा कि टाइट करने का उसका मतलब क्या है। चाय वाला बोला, सर देखिये ऐसा है यहां पर कि भाजपा में गुटबाजी बहुत है। इसी गुटबाजी के कारण यहां भाजपा विधानसभा का चुनाव हार गयी। उसे कोल्हान की सभी विधानसभा सीटों से हाथ धोना पड़ा। लोकसभा चुनाव भी इसीलिए हारी। मैं बस चायवाले की राजनीतिक समझ को देख कर दंग था।

खैर मैंने चाय पी और वहां से चला गया। ठंड लग रही थी। तबीयत भी ठीक नहीं थी। सुबह उठना था, क्योंकि चाइबासा की जनता की राजनीतिक समझ ने मुझे चौंका दिया था। मुझे और लोगों से बात करनी थी। सुबह जब उठा, तो नाश्ता करने मैं पोस्ट ऑफिस चौक गया। वहां पर एक ठेलावाला कचौड़ी छान रहा था। बहुत लजीज कचौड़ी और सब्जी थी। कचौड़ी खाते मैंने पूछ लिया कि आज अमित शाह आ रहे हैं। तभी मेरे पीछे खड़े एक व्यक्ति ने कहा, शेर आ रहा है। मैं घूमा, उस व्यक्ति को देखा और पूछा, आपने अमित शाह को शेर क्यों कहा। उस व्यक्ति ने कहा, मुझे वह शेर लगते हैं। अब इससे ज्यादा मुझसे मत पूछिए। मैं एक सरकारी कर्मचारी हूं। मैं आगे बढ़ा। पेट भी भर गया था। एक और दुकान में गया। यहां मैं यह नहीं बताना चाहता कि वह दुकान किस चीज की थी। वहां लिमिटेड ही दुकान रहती है, सो कुछ लोग अपनी पहचान उजागर नहीं करना चाह रहे थे। उस दुकान वाले से भी मैंने यही पूछा, अमित शाह आये हैं, क्या कहेंगे। उसने कहा, क्या कहूं। कुछ नहीं होगा। हलके गुस्से में उस दुकानदार ने कहा कि मैं खुद भाजपा का वोटर हूं, लेकिन भाजपा आयेगी नहीं। फिर मैंने सवाल किया, आप भाजपा के वोटर हैं, फिर भी आप ऐसा कह रहे हैं। उसने कहा, सर पहली बात तो अमित शाह बार-बार यहां आने वाले नहीं। उन्हें यह भी पता नहीं लगेगा कि यहां के नेताओं में आपस में ही नहीं बनती। सब एक-दूसरे की टांग खींचने में लगे रहते हैं। कोई बड़ा नेता यहां आता नहीं। गलती से आ भी गया, तो कब भागे, इसी जुगाड़ में रहता है। ऐसा लगता है कि क्षेत्र उसे काट रहा हो। जब तक भाजपा नेताओं की गुटबाजी खत्म नहीं होगी, कुछ नहीं होनेवाला। अमित शाह जी को भी यह समझ लेना चाहिए। वह तो राजनीतिक चाणक्य हैं, फिर भी उनसे चूक क्यों हो गयी। मैं वहां से निकला। एक ज्योतिष से मुलाकात हो गयी। उन्होंने कहा कि कोल्हान में भाजपा का नक्षत्र खराब था। इसलिए 2019 में हार गयी। मैंने पूछा, अब कैसा है, मतलब 2024 में कैसा रहेगा। उन्होंने कहा, शानदार। वहां से भी मैं आगे बढ़ा। एक मारवाड़ी दुकानदार से मुलाकात हुई। वह भी भाजपा का ही वोटर था। उसने कहा, सर भाजपा का जनाधार यहां बहुत है, लेकिन नेता लोग एक्टिव ही नहीं हैं। जो एक्टिव रहता है, उसकी टांग खींच ली जाती है। उस दुकानदार ने गीता कोड़ा की खूब तारीफ की। उसने कहा, कोड़ा दंपति यहां पूरा एक्टिव हैं। वे अच्छा काम कर रहे हैं। क्षेत्र आते रहते हैं और हाल-चाल भी लेते रहते हैं। फिर उसने पूछा, सर क्या गीता कोड़ा भाजपा में जानेवाली हैं। मैंने कहा, इसकी मुझे जानकारी नहीं। मैंने कहा, आपने कहां से सुना। उस व्यक्ति ने कहा, सर यहां तो इसकी चर्चा जोरों पर है। चर्चा तो यह भी है कि मधु कोड़ा भी भाजपा में जानेवाले हैं। मैंने कहा, इसकी भी मुझे जानकारी नहीं। ऐसे मैं एक पत्रकार हूं। धुआं कहां से उठा है, किसने उठाया है, उसकी जानकारी है भी, लेकिन कयासों पर बात करना सही नहीं।







खैर, 10 बजे मैं सभास्थल पहुंच गया, जहां अमित शाह का भाषण होना था। अमित शाह का आगमन हुआ। सभागार भीड़ से खचाखच भर गया। चाइबासा में इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। अमित शाह हेमंत सरकार पर खूब गरजे। उन्होंने भ्रष्टाचार से लेकर आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार, बलात्कार और उनकी निर्मम हत्याओं पर हेमंत सरकार को घेरा। उन्होंने घुसपैठियों पर भी सवाल उठाया। कैसे घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं की जमीन हथिया रहे हैं, उस पर भी कहा। कैसे केंद्र सरकार द्वारा जारी फंड में राज्य सरकार गड़बड़ी कर रही है, उस पर भी बोले।


उन्होंने हेमंत सोरेन को चेताया भी कि राज्य की जनता, खासकर आदिवासी समझ चुके हैं कि मौजूदा झारखंड सरकार उनके हित में काम नहीं कर रही है। आने वाले दिनों में जनता हेमंत सोरेन को सबक जरूर सिखायेगी। अमित शाह का आना 2024 का चुनावी बिगुल था। भाजपा 2019 में कोल्हान की सभी विधानसभा सीटें हार गयी थी। अमित शाह कोल्हान फतह करना चाहते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा झारखंड में जिन दो सीटों पर हारी थी, उनमें से चाइबासा भी एक थी। दूसरी सीट राजमहल थी।

अमित शाह एक रणनीति के तहत झारखंड आये थे। उन्होंने अपने विश्वसनीय लोगों को इस काम पर लगा भी दिया है। वह मैदान में कूद भी चुके हैं। अमित शाह को पूरी सूचना है कि कोल्हान में हुआ क्या था। किस नेता ने किसकी टांग खींची और जिसकी क्या भूमिका रही, यह भी वह जान गये हैं। अमित शाह ने भाजपा के शीर्ष नेताओं को टास्क भी दे दिया है। झारखंड में किस नेता को क्या करना है, कहां करना है, कितना करना है, यह भी निर्देश दिया गया है। कुल मिला कर अमित शाह ने झारखंड में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। 2024 आते-आते भाजपा उन सभी सीटों को टच कर लेगी, जो उसने 2019 के लोकसभा और विधानसभा में लूज किया था। खैर ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर यह कहा जा सकता है कि कोल्हान के शहरी इलाके में भाजपा मजबूत है और ग्रामीण में कांग्रेस और झामुमो। भाजपा अगर अपनी खेमेबाजी पर कंट्रोल कर ले और सभी नेता मिल कर काम करें, तो पार्टी के लिए कोल्हान की राह आसान हो जायेगी। अमित शाह के दौरे का लब्बो-लुआब यही है।

# चाइबासा की धरती से 2024 के चुनाव का शंखनाद हुआ

## उखाड़ फेंकिये हेमंत सरकार को : बाबूलाल

सुनील सिंह



**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** चाइबासा के टाटा कॉलेज मैदान में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित जोहार विजय संकल्प महारैली में 2024 के चुनाव का शंखनाद हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि 2024 में लोकसभा और विधानसभा में भाजपा के उम्मीदवारों को विजय बनायेंगे। सभा में भाजपा नेता मौजूदा राज्य सरकार और हेमंत सोरेन पर जमकर बरसे। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य लुटेरों का अड्डा बन गया है। राज्य सरकार को यहां की चिंता नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिंता है तो अपने परिवार की। मरांडी ने कहा कि भाजपा ने झारखंड अलग राज्य का निर्माण यहां की जनता के विकास के लिए किया था। कोल्हान और सारंडा की आयरन ओर से बड़े-बड़े शहरों का विकास हुआ, लेकिन सारंडा के लोग आज भी लाल पानी पीने को मजबूर हैं। डीएमएफटी फंड से विकास नहीं, लूट मची हुई है। राज्य को दलाल, बिचौलिया चला रहे हैं। खनिज, वन संपदा और बालू तक की लूट मची है। राज्य को इस कदर लूटा जा रहा है कि नदी का बालू भी नहीं छोड़ा जा रहा है। यहां के लोगों को घर बनाने के लिए बालू भी नहीं मिल पा रहा है। राज्य में कानून व्यवस्था खत्म है। गौ तस्कर, लुटेरे, अपराधी, बलात्कारी हावी हैं। राज्य की मां बहनें भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से कहा कि अमित शाह जी, उखाड़ फेंकिये हेमंत सरकार को।

## सभी 14 लोकसभा सीटें जिताने का संकल्प : दीपक प्रकाश



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड की धरती पर जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने वाली शख्सियत का स्वागत है। भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी, 303 सांसद जिताने, अटक से लेकर कटक तक भाजपा का विस्तार, कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने का काम, नॉर्थ इस्ट में हिंसा को खत्म कराने, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हुआ। राज्य की जनता चाइबासा की एक लोकसभा और छह विधानसभा समेत झारखंड की 14 लोकसभा की सीटों पर भाजपा को विजयी कराने का संकल्प लिया है। विजय संकल्प महारैली में मंच संचालन जेबी तुबिद ने किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, कर्मवीर सिंह, सांसद सुनील सिंह, संजय सेठ, निशिकांत दुबे, सुदर्शन भगत, बीडी राम, जयंत सिन्हा, सुनील सोरेन, पीएन सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, समीर उरांव, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, रांची की मेयर आशा लकड़ा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश आनंद गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे।

## कोल्हान की धरती आभार जताना जानती है तो लड़ाई लड़ना भी जानती है: अर्जुन मुंडा



केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कोल्हान की धरती वीरों और भारत के सपूतों की धरती है। यहां की मिट्टी कभी हार नहीं मानती। आजादी के बाद कांग्रेस ने कभी आदिवासियों को नहीं समझा। इन्हीं आदिवासियों ने अंग्रेजों से संघर्ष कर आजादी में अहम योगदान और बलिदान दिया। भाजपा और प्रधानमंत्री ने आदिवासियों को बिरसा जयंती के अवसर पर स्वाभिमान दिवस मनाने का निर्णय लिया। उनके नेतृत्व में जन जाति समाज आगे बढ़ रहा है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि कोल्हान की धरती से स्वाभिमान के संघर्ष के लिए शंखनाद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार है। हमने हर प्रखंड में एकलव्य आवासीय विद्यालय बनाने का कार्य प्रारंभ किया, ताकि हमारे आदिवासी और गरीब बच्चे सीबीएसइ स्तर की गुणवत्ता और पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। आदर्श ग्राम बनाने की राशि का उपयोग राज्य सरकार नहीं कर रही है। गांवों में सभी प्रकार की सुविधा ग्रामीणों को हो, ऐसी व्यवस्था केंद्र सरकार करना चाहती है। सभी का विकास हो इसका हम संकल्प लें।

## सिर्फ कमीशन के चलते कई योजनाओं को मौजूदा राज्य सरकार ने बंद कर दिया : रघुवर दास



वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आज का दिन चाइबासा के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस चाइबासा से ही भगवान बिरसा मुंडा, पोटो हो, गोरो पिंगुवा आदि ने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिलायीं और विद्रोह छेड़ा था। भाजपा के शासन काल में आदिवासियों का मान, सम्मान, उत्थान और विकास करने, द्रौपदी मुर्मू जैसी महिला को महामहिम बनाने का कार्य किया। चाइबासा क्षेत्र के लोग लाल पानी पीते थे। हमने डीएमएफटी फंड से 1800 करोड़ रुपये से यहां पेयजल आपूर्ति योजना प्रारंभ की। लेकिन वह आज तक पूर्ण नहीं हुई। मेडिकल कॉलेज का काम हमने प्रारंभ किया, लेकिन कमीशन के कारण उसे भी बंद करा दिया। 400 करोड़ रुपये डीएमएफटी फंड में हैं, लेकिन उसमें लूट मची है। चाइबासा में 7 आदिवासियों का नरसंहार हुआ और मुख्यमंत्री कहते हैं कि मारने और मरने वाले दोनों हमारे। यहां आदिवासी युवतियों को जिंदा जला दिया जाता है। जिस मुख्यमंत्री के हाथ खून से रंगे हों वह आज जोहार यात्रा निकाल रहे हैं। इस सरकार से किसी को न्याय नहीं मिलने वाला है। प्रशासनिक भ्रष्टाचार, बेरोजगारी का जहर यह सरकार ने तीन वर्षों में घोला है।

### विधायक कैश कांड

# कांग्रेस के तीन विधायकों को इडी ने भेजा समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक कैश कांड मामले में झारखंड कांग्रेस के तीन विधायकों से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) पूछताछ करेगी। तीनों विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को शनिवार को इडी ने समन भेज कर इडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। तीनों विधायकों को अलग-अलग दिन 13 से 17 जनवरी के बीच बुलाया गया है।

### 48 लाख कैश के साथ पकड़े गये थे

गौरतलब है कि 30 जुलाई 2022 को हावड़ा में तीनों विधायकों 48 लाख रुपये नगद के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बंगाल पुलिस की सीआइडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि विधायकों ने कोलकाता के ही शेयर ट्रेडर महेंद्र अग्रवाल से पैसे लिये थे। महेंद्र अग्रवाल ने पैसे क्यों दिये, इन पहलुओं पर भी इडी जांच करेगी। हालांकि तीनों विधायकों ने बताया था कि आदिवासी दिवस के लिए उन्हें साड़ी और कंबल की खरीदारी करनी थी, इसलिए वह पैसे लेकर कोलकाता गये थे।

**इरफान, राजेश और कोंगाड़ी से अलग-अलग होगी पूछताछ**

### अनूप सिंह से इडी कर चुकी है पूछताछ

कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से इडी ने बीते 24 दिसंबर 2022 को करीब नौ घंटे तक पूछताछ की थी। साथ ही शिकायतकर्ता के तौर पर उनका बयान दर्ज किया था। इडी ने पूछा कि झारखंड में सरकार गिराने के लिए राशि का ऑफर, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इसकी सूचना देने, थाना में दर्ज प्राथमिकी, बंगाल पुलिस को दिये बयान आदि से संबंधित सवाल पूछे थे। साथ ही उनके पास कुछ भी उपलब्ध हो तो वे प्रासंगिक साक्ष्य साझा करने के लिए भी कहा था।

www.epaper.azadsipahi.in
08 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 81
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

सानिया मिर्जा ने किया संन्यास का एलान, अगले महीने खेलेंगी आखिरी दुबई टेनिस चैंपियनशिप



FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

नामांकन जारी सत्र : 2022-2023
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.
Course: B.PHARM
(Bachelor in Pharmacy)
Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM
For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354

## चाइबासा से 2024 के अभियान का आगाज कर गये भाजपा के 'चुनावी चाणक्य'

# हेमंत ने राज्य को तबाह कर दिया है : अमित शाह

■ भ्रष्टाचार चरम पर, सुरक्षित नहीं हैं आदिवासी माताएं-बहनें ■ घुसपैठिये हड़प रहे हैं आदिवासियों की जमीन, लूट रहे इज्जत

सुनील सिंह

**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के 'चुनावी चाणक्य' अमित शाह शनिवार को कोल्हान के मुख्यालय चाइबासा में थे। वह स्थानीय टाटा कॉलेज मैदान में झारखंड भाजपा द्वारा आयोजित विजय संकल्प महारैली में शामिल हुए। इस महारैली में आत्मविश्वास से लबरेज अमित शाह ने झारखंड की महागठबंधन सरकार पर जम कर हमला बोला। वह खूब गरजे और कई बड़े आरोप लगा गये। उन्होंने हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबने तक का आरोप लगा डाला। खचाखच भरे रैली मैदान में करीब 28 मिनट के भाषण में उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हेमंत ने झारखंड को तबाह कर रख दिया है। यहां घुसपैठियों के कारण आदिवासी माताएं- बहनें सुरक्षित नहीं हैं। उनकी जमीन हड़पी जा रही है। सीएम भले ही आदिवासी हैं, लेकिन यह आदिवासी विरोधी सरकार है।

अमित शाह ने कहा, हेमंत सोरेन कान खोल कर सुन लो कि आदिवासी माताएं-बहनें अब सब कुछ समझ चुकी हैं। वे आपको कभी माफ नहीं करेंगी। वर्ष 2024 के चुनाव में ट्रेलर से आपको हकीकत का पता चल जायेगा। शाह ने कहा कि जब डबल इंजन की सरकार थी, तो झारखंड में विकास के कई काम हुए। सड़क, शिक्षा, पेयजल जैसे काम एनडीए की सरकार ने किये। इन उपलब्धियों को गिनाने के बाद उन्होंने कहा कि अब ऐसी सरकार है, जो भ्रष्टाचार में डूब गयी है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार को लुटेरों, दलालों और बिचौलियों की सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने मुझसे झारखंड की इस भ्रष्ट सरकार को बदलने की मांग की है, लेकिन मैंने उनसे कहा कि यह लोकतंत्र है। आने वाले चुनाव में इस सरकार को यहां की जनता खुद बदल देगी।

अमित शाह ने हेमंत सोरेन को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि राज्य में घुसपैठिये जनजातीय बच्चियों से जबरन शादी कर उनकी जमीन लूट रहे हैं, लेकिन वोट बैंक की लालच में हेमंत सोरेन को यह नहीं दिख रहा। उन्होंने कहा, मैं हेमंत सोरेन को चेतावनी देता हूं कि वह झारखंड में घुसपैठियों को रोकें, वरना यहां की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। यहां की जनता अब जाग चुकी है। अमित शाह ने झारखंड में नौकरियों के लिए सोरेन सरकार द्वारा 1932 के खतियान के आधार पर लायी गयी नियोजन नीति को भी राज्य की जनता से धोखा बताया। उन्होंने कहा कि चाइबासा में जमीन की बंदोबस्ती 1964 में हुई है और हेमंत सोरेन कहते हैं कि जिनके पास 1932 के आधार पर खतियान होगा, उन्हें नौकरी देंगे। सवाल यह है कि ऐसे में चाइबासा के लोगों को नौकरी मिलेगी क्या? उन्होंने पूछा, आदिवासी- गैर आदिवासी, पिछड़ा के नाम पर लोगों को क्यों लड़ा रहे हैं। क्यों बांट रहे हैं। अगर दम है, तो इनके लिए नौकरियां पैदा करें और अगर दम नहीं है, तो जगह खाली कर दें। इन्हें हम नौकरियां देंगे।



विजय संकल्प महारैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दीपक प्रकाश, बाबूलाल मरांडी और अन्य।

### मिनरल फंड की हो रही लूट

अमित शाह ने कहा कि चाइबासा समेत खनन क्षेत्र के विकास के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड मोदी जी ने बनाया था। झारखंड को आठ हजार करोड़ मिले, लेकिन हेमंत सोरेन ने इस फंड के इस्तेमाल का तरीका बदल दिया। यह फंड चाइबासा के लोगों के लिए था, लेकिन इसे झारखंड में लूट का जरिया बना दिया गया।

### इन्होंने भी किया संबोधित

संकल्प महारैली को केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित कई अन्य नेताओं ने संबोधित किया। संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता जेबी तुबिद ने किया।

### कोर कमेटी और स्थानीय नेताओं संग बैठक

रैली के बाद अमित शाह ने झारखंड प्रदेश भाजपा की कोर कमेटी और प्रमुख नेताओं के साथ बैठक कर आगामी चुनावों की रणनीति पर भी चर्चा की। उन्होंने पूरी टीम को आने वाले चुनाव के लिए पार्टी की ओर से निर्धारित टास्क से अवगत कराया और चरणबद्ध तरीके से अभियान में जुट जाने को कहा।

### नरेंद्र मोदी के लिए समर्थन मांगा

अमित शाह ने 2024 में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए जन समर्थन मांगा। उन्होंने अपने भाषण में जनजातीय समुदाय के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये कई कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह नरेंद्र मोदी ही हैं, जिन्होंने एक गरीब आदिवासी परिवार से आनेवाली द्रौपदी मुर्मू को देश के राष्ट्रपति पद पर पहुंचाया। हमने जनजातीय समाज को गौरव प्रदान किया। कांग्रेस सरकार जनजातीय योजनाओं के लिए मात्र 21 हजार करोड़ का बजट छोड़ गयी थी। हमने यह राशि बढ़ा कर 86 हजार करोड़ कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर अब जनजातीय गौरव दिवस बिरसा जयंती के दिन मनाया जाता है। अब देश उन्हें सम्मान के साथ याद करता है।

### सिंहभूम से कमल भेजिये, हम विकास करेंगे

अमित शाह ने लोगों से कहा कि 2024 में सिंहभूम से कमल को दिल्ली भेजिये। इसके बाद भाजपा यहां का विकास करेगी। उन्होंने लोगों से बदलाव का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में वामपंथी उग्रवाद फैला था। 2014 के बाद उग्रवाद कम हुआ। आज उग्रवाद खत्म होने को है। 2022 में बूढ़ा पहाड़, चकरबंदा, भीमबंदा में जीत हासिल की। उग्रवादियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑक्टोपस चला।

## त्वरित टिप्पणी

# अमित शाह ने 24 मिनट में नाप ली झारखंड की 14 सीटें

### भाजपा के 'मिशन 2024' का असरदार आगाज कर गये

अजय शर्मा

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को चाइबासा में विजय संकल्प महारैली को संबोधित करने के अलावा पार्टी को जबरदस्त खुराक पिला दी। उनके झारखंड दौरे के कई मायने हैं। यदि एक वाक्य में कहा जाये, तो वह चाइबासा की विजय संकल्प महारैली में अपने 24 मिनट के संबोधन में झारखंड की 14 सीटों को नाप गये। उन्होंने साफ कर दिया कि इस बार भाजपा का लक्ष्य राज्य की सभी संसदीय सीटें जीतना है। उनकी झारखंड यात्रा से यह भी साफ हुआ कि पिछले विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार को भाजपा ने सबक के रूप में लिया है। इसलिए इस बार उसका ध्यान सिंहभूम और राजमहल संसदीय सीटों के अलावा विधानसभा की आदिवासी बहुल सीटों पर है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित 28 सीटों में से महज दो सीटें मिली थीं। इस स्थिति में सुधार के लिए अमित शाह ने प्रदेश भाजपा को टास्क दिया। उन्होंने जिस तरह से सरकार बदलने और कमल खिलाने की बात की, वह इस बात का संकेत है कि अमित शाह कुछ भी भूले नहीं हैं। बाद में कोर कमेटी की बैठक में अमित शाह ने जीत के मंत्र भी बताये। बैठक में विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर मंथन किया गया और इस बार कोई चूक नहीं हो, इसकी रणनीति तय की गयी। अमित शाह ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव का एजेंडा भी चाइबासा से तय कर दिया। अपने संबोधन में जिस तरह उन्होंने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, उससे साफ हो गया कि भाजपा अब इसी को लेकर मैदान में जायेगी। इसके अलावा आदिवासी अस्मिता के नाम पर भी भाजपा वोट मांगेगी। अमित शाह के दौरे का कितना असर पड़ेगा, वह तो आगे आने वाले दिनों में दिखेगा, लेकिन इतना तय है कि उन्होंने भाजपा में नयी ऊर्जा का संचार जरूर कर दिया है।



### विधायक भानू प्रताप शाही के पिता लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती का निधन



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नहीं रहे भवनाथपुर के लाल। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही के पिता लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती (90 वर्ष) अब नहीं रहे। वे शनिवार शाम सात बजे इस दुनिया को छोड़ गए। उल्लेखनीय है कुछ दिन पूर्व से उनकी तबीयत खराब होने के कारण उन्हें इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां उनका विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा था। शनिवार संध्या को उनका निधन हो गया। मौके पर उनके पुत्र भानु प्रताप शाही उपस्थित थे देहाती के निधन की सूचना मिलने पर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।

### क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन चेतन शर्मा के जिम्मे



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने नयी सीनियर सेलेक्शन कमेटी की घोषणा कर दी है। पूर्व तेज गेंदबाज चेतन शर्मा फिर से कमेटी के चेयरमैन यानी चीफ सेलेक्टर बनाये गये हैं। उनके अलावा शिवसुंदर दास, सलिल अंकोला, सुब्रतो बनर्जी और श्रीधरन शरत कमेटी के अन्य चार सदस्य होंगे। ऑस्ट्रेलिया में हुए पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड ने तत्कालीन सेलेक्शन कमेटी को बर्खास्त कर दिया था। हालांकि चेतन शर्मा उस कमेटी के भी चेयरमैन थे।

## राज्य में पहली बार 'मुख्यमंत्री अधिवक्ता संवाद' कार्यक्रम का आयोजन

# अधिवक्ताओं को मिलेगा स्वास्थ्य तथा दुर्घटना बीमा का लाभ: हेमंत

### मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं के हित में की कई घोषणाएं

### कोर्ट फीस कम करने पर कोई रास्ता निकलेगा तो प्रयास किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जल्द ही अधिवक्ताओं के लिए दुर्घटना एवं स्वास्थ्य बीमा की योजना लेकर आयेंगे। आप सभी लोग सपरिवार प्रति वर्ष बेहतर इलाज हेतु 5 लाख रुपये तक की सहायता राशि प्राप्त कर सकेंगे। मुझे बताया गया है कि झारखंड अधिवक्ता संघ, कल्याण कोष से 65 वर्ष से अधिक उम्र के सेवानिवृत्त अधिवक्ताओं को पेंशन प्रदान करता है, आज मैं आप सबके बीच यह घोषणा करता हूं कि जितनी पेंशन की राशि वेलफेयर ट्रस्ट प्रदान करेगा, उसके बराबर की राशि राज्य सरकार भी उस कोष में योगदान स्वरूप देगी। इस तरह आपको मिलने वाली राशि को दोगुना करने का विचार राज्य सरकार ने किया है। मैं प्रत्येक जिले में नये सिरे से सुसज्जित बार कंपलेक्स के काम को भी जल्द प्रारंभ करने जा रहा हूं। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने आवास में आयोजित 'मुख्यमंत्री अधिवक्ता संवाद' कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों के बार काउंसिल के सदस्य, एपीपी तथा अधिवक्ता शामिल हुए।




**अधिवक्ता साथी ले सकते हैं लाभ:** मुख्यमंत्री ने एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना एवं गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मॉडल स्कूल आदि का जिक्र करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए हम अनेक योजना ले कर आये हैं। आप अधिवक्ता साथी भी इसका लाभ ले सकते हैं। आपके बच्चे भी इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ इत्यादि की तैयारी हेतु कोचिंग करेंगे जिसका सारा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख तक की शिक्षा ऋण ली जा सकती है।

**एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर लिया जाएगा फैसला:** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद द्वारा अधिवक्ता (संरक्षण) कानून अधिनियमित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस संबंध में देश के विभिन्न राज्यों से पत्राचार कर यह जानने का प्रयास किया गया है कि आपके राज्य अंतर्गत अधिवक्ताओं के सुरक्षा हेतु प्रवृत्त एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के प्रावधान एवं उपबंधों किस रूप में हैं। अन्य राज्यों के आकलन के बाद अधिवक्ता (संरक्षण) कानून पर फैसला लिया जाएगा ।

**बार कंपलेक्स की व्यवस्थाएं होंगी सुदृढ़:** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सच्चाई है कि राज्यभर के सक्रिय लगभग 30 हजार वकीलों में से दो- ढाई हजार वकीलों को छोड़ दें, तो बाकी की स्थिति दयनीय बनी हुई है। आज विभिन्न जिला एवं सत्र न्यायालयों में और उसकी छोड़िए उच्च न्यायालय में भी आप अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। हमारी सरकार बार भवनों में कंप्यूटर तथा इंटरनेट की भी सुविधा उपलब्ध कराएगी। राज्य में जितने भी बार कंपलेक्स बनेंगे सभी कॉन्प्लेक्स लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, मीटिंग हॉल, महिलाओं के लिए जरूरी सुविधा आदि सहित सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे।

**कुछ दिनों से कोर्ट फीस में वृद्धि चर्चा का विषय:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कोर्ट फीस वृद्धि हम सभी के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। जुडिशल स्टांप जो 1995 में 5 रुपये का था उसे लगभग 27 सालों के बाद 20 रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर कोर्ट फीस में कमी करने का कोई रास्ता निकलता है, तो सरकार उस पर भी विचार करेगी। राज्य सरकार का मानना है कि कोई भी निर्णय आम जनता के लिए पीड़ादायक न बने इसका सदैव ख्याल रखा जाना चाहिए।

**नोटरी अधिवक्ता के लिए शीघ्र विज्ञापन जारी होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नोटरी अधिवक्ता के चयन के लिए शीघ्र ही विज्ञापन राज्य सरकार जारी करेगी। आप लोगों में से जो आवेदन करना चाहते हैं, वे अवश्य आवेदन कीजिए। चयन के समय वैसा वर्ग जिनका प्रतिनिधित्व कम है उसे किस ढंग से प्राथमिकता दें इसका भी ख्याल रखा जायेगा। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में पहला ऐसा मौका है, जब 'मुख्यमंत्री अधिवक्ता संवाद' आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान संवाद के तहत किया जा सके।

# शाह की रैली पर झामुमो और कांग्रेस ने साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह की रैली पर झामुमो और कांग्रेस दोनों ने निशाना साधा है। विपक्षी दल के नेताओं ने भाजपा को अलोकतांत्रिक करार दिया। उन्होंने भाजपा को आदिवासी और मूलावसी विरोधी बताया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को जनता ही सारी बातों का चुनाव में जवाब देगी।

### जनता चुनाव में भाजपा को जवाब देगी : सुदिव्य सोनू



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय झारखंड दौरे पर थे। इस दौरान चाईबासा में विजय संकल्प जनसभा को संबोधित किया। गृह मंत्री ने झारखंड में सरकार बदलने का संकल्प लिया है। अमित शाह के बयान का झामुमो ने पलटवार किया है। झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड को उम्मीद थी गृह मंत्री झारखंड आने के बाद यहां के लोगों को 1932 और सरना कोड का सौगात देंगे, लेकिन जनता को कुछ नहीं मिला। वहीं, सरकार बदलने के मामले पर कहा कि सरकार किसी के बदलने से नहीं बदल सकती। जब जनता चाहेगी जिसे बैठायेगी। जनता सभी बातों का जवाब चुनाव में देगी।

### भाजपा को लोकतंत्र और लोकशाही पर भरोसा नहीं : राजीव रंजन प्रसाद



कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह की रैली में एक बात साफ हो गयी है कि भाजपा को लोकतंत्र और लोकशाही पर भरोसा नहीं है। लोकतांत्रिक रूप से चुनी महागठबंधन की सरकार को अस्थिर करने के प्रयास का खुलासा खुद भाजपा ने ही कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल ने सरकार हटाने की बात की थी। अमित शाह ने फिर भी स्थानीय नेताओं को सही रास्ता दिखाया। उन्होंने सही कहा कि जनता सरकार चुनती है। भाजपा के प्रदेश नेता उस पर ध्यान दें। जिस बाबूलाल को भाजपा कभी फ्यूज बल्ब बोलती थी, अब उन्हीं के सहारे चुनावी बैतरनी पार लगाने का प्रयास कर रही है।

## अवैध खनन में संलिप्त जेसीबी को लेकर भाग गये माफिया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर ध्वजाधारी पहाड़ी के पीछे स्थित खलकथंबी में अवैध खनन में संलिप्त जेसीबी को माफिया लेकर फरार हो गए। इस इलाके में लंबे अरसे से अवैध खनन किया जा रहा था और 5 जनवरी को पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने वहां छापेमारी की थी। उस दिन एक जेसीबी, दो शक्तिमान और एक मोटरसाइकिल जप्त किया गया था। शुक्रवार को पुलिस और वन विभाग की टीम जप्त वाहनों को लाने वहां पहुंची पर जेसीबी को खराब रहने की बात कहकर नहीं लाया जा सका। इस बीच शनिवार को वन विभाग को जानकारी मिली कि अवैध खनन कार्य में लगे लोग रात में ही जेसीबी को लेकर फरार हो गए। ज्ञात हो कि ढिबरा के नाम पर अभ्रक का अवैध उत्खनन करने और झुमरीतिलैया स्थित विभिन्न माईका प्लांट में बेचने का काम लम्बे अरसे से किया जा रहा था। यह भी बताया जाता है कि वन्य प्राणी आश्रयणी में इस इलाके के होने के बावजूद विभाग के ही लोगों के संरक्षण के कारण अवैध खनन लगातार जारी है। अवैध खनन के बावजूद वन विभाग के द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा था। इधर पुलिस को मिली जानकारी और वरीय अधिकारियों के निर्देश के बाद संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। हालांकि इसकी सूचना वहां पहले पहुंच गई जिसके कारण इसमें लगे लोग भाग गए और किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। दो दिन पहले वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू और कोडरमा थाना प्रभारी इंदु भूषण के नेतृत्व में खलकथंबी में चल रहे खदान पर छापा मारा गया। इस दौरान एक जेसीबी मशीन, दो शक्तिमान और एक बाइक बरामद किया गया है। मामले को लेकर दो दिन बाद भी अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है।

## वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत महेशपुर चौक के समीप वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान प्रकाश कुमार मेहता, उम्र 24 साल ग्राम पचगावां, डोमचांच के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से पचगांव से डोमचांच की तरफ जाने के क्रम में महेशपुर चौक के पास वाहन की चपेट में आने से वह घायल हो गया जिसके बाद आसपास के लोगों के द्वारा डोमचांच रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज करके सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर मे इलाज करके मरीज को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## सम्मेद शिखरजी पर केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत : बजरंग दल



**कोडरमा।** पारसनाथ स्थित सम्मेद शिखरजी पर उतपन्न विवाद पर केंद्र सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय का बजरंग दल ने स्वागत किया है। विश्व के जैन समाज का पवित्रतम स्थल में से एक भारत देश में बसा छोटा सा राज्य झारखंड का पारसनाथ पर्वत जैनियों का पवित्र तीर्थ शिखरजी है। बजरंग दल विभाग संयोजक प्रवीण चंद्रा ने कहा कि यह स्थल सिर्फ जैन समाज का ही नही बल्कि समस्त हिंदू समाज का पवित्रतम स्थल में से एक है। जहां हिंदू समाज के सभी जाति के लोग बगैर किसी भेदभाव के पूरी आस्था के साथ दर्शन करने जाते हैं। इस स्थल की महत्ता इसलिए भी और बढ़ जाती है क्योंकि यहां जैन धर्मावलंबियों के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष की प्राप्ति की है, और 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी इस पुण्य भूमि पर निर्वाण प्राप्त किया था। ऐसे पावन सम्मेद शिखरजी को केंद्र सरकार के द्वारा अधिसूचना में बदलाव करके समाज में व्याप्त श्रद्धा, विश्वास एवं तीर्थ की महत्ता को सम्मान दिया है। इस निर्णय का बजरंग दल हजारीबाग विभाग स्वागत करता है। विभाग संयोजक श्री चंद्रा ने कहा की सम्मेद शिखरजी पर्वत संपूर्ण विश्व के जैन समुदायों के लिए पूजनीय एवं पवित्र स्थल है। भारत सरकार ने जैन समुदाय के साथ-साथ पूरे सनातन समाज के लिए तीर्थ स्थल की पवित्रता एवं महत्व को स्वीकार कर विश्व पटल में अपनी प्रतिबद्धता का एक नया अध्याय लिखा है। बजरंग दल विभाग संयोजक प्रवीण चंद्रा कठोर शब्दों में झारखंड सरकार से मांग करता है कि पारसनाथ पर्वत क्षेत्र सहित झारखंड के सभी तीर्थ स्थलों पर शराब, नशा की वस्तुएं एवं मांसाहारी खाद्य वस्तुओं के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू कर तीर्थ स्थल की मयार्दा को बनाए रखें।

## सड़क हादसे में शिक्षक रूपलाल घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरियारडीह मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित पावर सब स्टेशन के समीप एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सुदूरवर्ती डगरनवां पंचायत के कटियो निवासी पारा शिक्षक रूपलाल सिंह (36 वर्ष) के रूप में की गयी है। रुपलाल सिंह अपने मोटरसाइकिल से मरकच्चो स्थित अपने रिश्तेदार के यंहा से अपने घर डगरनवा पंचायत के ग्राम कटियो लौट रहा था। इसी दरमियान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

## रोजगार मेला के नाम पर नौजवानों को भटकाया जा रहा : महादेव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला इकाई कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में कमेटी के अध्यक्ष रंजन कुमार रजक की अध्यक्षता में किया गया। संचालन जिला सचिव कयूम उद्दीन ने किया बैठक में सीपीआई राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि जिले में रोजगार मेला लगाकर नौजवानों को भटकाने का काम किया जा रहा है। जिला प्रशासन राज्य सरकार व केंद्र सरकार नौजवानों को भला चाहती है तो विभिन्न विभागों में जो रिक्तियां है उनके अनुसार वैकेंसी निकालें और स्थाई नौकरी दे। इन भर्तियों में झारखंड का नियोजन नीति पूरा पूरी लागू हो, जिला के नौजवान को थर्ड एवं फोर्थ ग्रेड नौकरियों में जिला के नौजवानों को प्राथमिकता मिले। अभी भी जिले में सैकड़ों आउटसोर्सिंग द्वारा दिया गया काम के विरुद्ध 4 महीने से मानदेय नहीं मिला है। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि डोमचांच थाना कांड संख्या 137/22 मे अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होना कानून पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। 23 जनवरी 2023 को रांची में सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर हो रहे कन्वेंशन में कोडरमा से दर्जनों लोग शामिल होने का फैसला लिया। मौके पर अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, जितेंद्र यादव, हीरामन रजक, कैलाश रजक, असगर अंसारी, विनोद पासवान, सुभाष रजक, गौतम ठाकुर, नकुल ठाकुर, सुजीत पंडित, सुखदेव पांडे, गुफरान खान, सुरेंद्र पांडेय, योगेश यादव, रोजन मियां, दशरथ पासवान, सिकन्दर कुमार मौजूद थे।

## कुरहा मुखिया संगीता देवी ने बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** राजकीय प्रथमिक विद्यालय गुंजा में कक्षा एक एवं द्वितीय में नामांकित छात्रों के बीच दो जोड़ी पोशाक, स्वेटर एवं जुता का वितरण मुखिया संगीता देवी के द्वारा किया गया। मुखिया श्रीमती देवी ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं तथा उनके बीच समानता का भाव हो, इसके लिए सभी बच्चों को सरकार द्वारा पोशाक उपलब्ध कराया जाना अच्छा कदम है एवम पोशाक मिलने से बच्चो मे खुशी दिखा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रिंकू कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राकेश उर्फ जोधन मेहता, सरिता देवी उपाध्यक्ष, सचिव रितेश शर्मा, सीपीआई नेता गोविंद मेहता, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मेहता, आदित्य मेहता, शिक्षिका मुन्नी कुमारी के अलावे दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग के लिए राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल से सम्मानित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग के लिए राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। उपायुक्त आदित्य रंजन के द्वारा 5 सितंबर 2021 को डिजिटल साक्षरता को लेकर डिस्टिक ई-गवर्नेंस सोसाइटी के माध्यम से शुरू किए गए डीईजीएस कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल इंडिया अवार्ड 2022 में हुआ था, जिसकी घोषणा गत दिनों इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के द्वारा की गई थी। डिजिटल इनीशिएटिव ग्रासरूट लेवल में पूरे देश भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर इस प्रोजेक्ट के लिए उपायुक्त आदित्य रंजन को शनिवार को दिल्ली में मंत्रालय के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कोडरमा जिले में एक डिजिटल सेना के निर्माण और डिजिटल रूप से सशक्त समाज का निर्माण करने के उद्देश्य के साथ सबसे पहले समाहरणालय परिसर में इसकी शुरूआत की। इसके बाद कंप्यूटर बेसिक की शिक्षा के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह को देखते हुए जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां समेत विभिन्न प्रखंडों में 8 कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर चलाए जा रहे हैं। जिसमें हर आयु वर्ग के लोगों को बेसिक कंप्यूटर की जानकारी, एडवांस लेवल पर कंप्यूटर की जानकारी, हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग, साइबर सुरक्षा एवं सोशल मीडिया के उपयोग और दुरुपयोग, पावर पॉइंट, एमएस एक्सेल, प्रोग्रामिंग लैंग्वेज एवं एडवांस सॉफ्ट स्किल समेत विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों की शिक्षा दी जा रही है। जिला प्रशासन के द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार वर्ष 2022 के दिसंबर तक 10 हजार लोगों को कंप्यूटर बेसिक की ट्रेनिंग दिया गया है। इसके अलावा वर्ष 2022 में नवनिर्वाचित पंचायत के प्रतिनिधियों, जिला परिषद के सदस्यों, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका समेत जिले के अन्य विभागों में कार्यरत कर्मियों को भी डिजिटल साक्षरता के तहत कंप्यूटर की बेसिक ट्रेनिंग दी गई। बेसिक कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स पूरा होने के बाद प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं समेत अन्य सभी व्यक्तियों की परीक्षा लेने के बाद उन्हें जिला प्रशासन के द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है। डिजिटल इंडिया अवार्ड के तहत कोडरमा को गोल्ड मेडल मिलने पर जिले वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बड़कागांव में गुरदयाल महतो की जयंती व बालिका उच्च विद्यालय का स्थापना दिवस मना

# गुरुदयाल महतो प्रेरणा के पात्र हैं : अंबा प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव।** लेनिन के नाम से प्रसिद्ध तत्कालीन प्रमुख गुरुदयाल महतो की जयंती के मौके पर छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने विभिन्न गांवों, टोलो मोहल्लों में प्रभातफेरी निकाली गई.तत्पश्चात बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में जयंती समारोह व बालिका उच्च विद्यालय समारोह में तब्दील हो गई ।इसकी अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश साव व संचालन पत्रकार उमेश दांगी ने किया। समारोह में गुरुदयाल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके बाद अतिथियों को माला पहनाकर किया गया ।मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि गुरदयाल माता के कार्यशैली को भुलाया नहीं जा सकता और वेट प्रेरणा के



पात्र हैं विधायक ने विद्यार्थियों को करते हुए कहा कि मेहनत तब तक करें जब तक आप की जीत नहीं हो जाती। जिंदगी में चुनौतियां अपार हैं ।चुनौतियों से पीछे नहीं हटना चाहिए ।पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि गुरुदयाल महतो के साथ साथ हम भी स्कूलों के लिए जमीन की व्यवस्था करते रहें ।आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव विधानसभा के उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी ने कहा कि गुरुदयाल महतो शिक्षा के क्षेत्र में काम तो किया ही बल्कि क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों में काम किया। आगे उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्गो पर हम सभी बड़कागांव वासियों को चलने की जरूरत है। बीस सुत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तब्बसुम, पश्चिमी क्षेत्र की जिप सदस्य, यास्मीन निशा, पूर्वी की जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचनदेव महतो, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मेहता, बड़कागांव पूर्वी पंचायत की विमला देवी,साँढ़ के पंसस उपेंद्र कुशवाहा, कृष्णा राम, सिविल सोसाइटी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता,बालेश्वर महतो, सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर मुकुटधारी महतो, जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष बालेश्वर महतो, सेवानिवृत्त शिक्षक महेंद्रनाथ पांडेय, कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता पूर्व मुखिया अनीता देवी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पूर्व मुखिया भिखन प्रसाद ने समारोह को संबोधित किया ।इसके अलावे आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, प्रधानाध्यापिका मालती कुमारी, सेवानिवृत्त अध्यापक ज्योति जलधर महतो, राम लखन शिक्षक महतो, विमला कुमारी, अशोक कुमार, अख्तर हुसैन, शोभा कुमारी, कुलदीप कुमार, विनोद जायसवाल, शंकर राणा,शंकर कुमार महतो, इकबाल अंसारी, अर्जुन सिंह प्रमिला देवी समेत सैंकड़ो छात्राएं,ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल थे।

## मकर संक्राति के मौके पर सूर्यकुंड मेला के आयोजन की तैयारी शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरकट्ठा ।** मकर संक्रांति के अवसर पर सुरजकुंड परिसर में लगने वाला 15वां दिवसीय मेला की तैयारियां जोरों पर है। मेला में टॉवर झूला, मौत का कुआं, ड्रैगन झुला, नाव झुला, ब्रेक डांस, मीना बाजार, सर्कस व थियेटर मेला का आकर्षण केंद्र होगा। मेला की तैयारियां का जायजा लेने मुखिया प्रतिनिधि धिरेन्द्र पांडेय एवं पंसस विकास पाण्डेय मेला परिसर पहुंचे। झारखंड के श्रावणी मेले के बाद दूसरा सबसे बड़ा मकर संक्रांति पर लगने वाला 15 दिवसीय सूर्यकुंड मेला सजने लगा है। मेले में खेल तमाशे, बड़ा झूला, चेयर झूला,मौत का कुआं तैयार हो चुका है। वहीं दुकान लगाने वाले दुकानदार मेला ठेकेदार से दुकान के लिए जमीन की बुकिंग लेने लगे हैं। मेला ठेकेदार पांच पांडव में श्यामाकांत पांडेय, अमित पांडेय, विजय नायक, विकास पांडेय, संजय पांडेय, तारकेश्वर पांडेय मेले की



तैयारी में जूट चुके हैं। सूर्यकुंड में मकर स्नान के लिए उमड़ती है भीड़, दूसरे राज्यों से पहुंचते हैं श्रद्धालु मकर संक्रांति के दिन सूर्यकुंड के गर्मजल से स्नान के लिए महाराष्ट्र, एमपी, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। मान्यता है कि मकर संक्रांति में गंगासागर स्नान के तरह सूर्यकुंड के गर्मजल से स्नान का पुण्य प्राप्त होता है। श्रद्धालु मकर स्नान के बाद भगवान सूर्यदेव समेत आदि देवी देवताओं की आराधना के बाद तिल, चूड़ा दान करने के बाद ग्रहण करते हैं। इसके बाद लोग मेले का आनंद उठाते हैं। अद्भुत है सूर्यकुंड का गर्मजल धरती के गर्भ से निकलता और अविरल धारा में प्रवाहित सूर्यकुंड का गर्मजल अद्भुत है। इसका तापमान 88 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। मान्यता और किवदंती के मुताबिक यह क्षेत्र घनघोर जंगल था। यहीं एक स्वरभंग नामक ऋषि तपस्या में लीन थे। तप के क्रम में उनके शरीर में चर्म रोग हो गया। इधर से वनगमन के क्रम में भगवान राम गुजर रहे थे। उन्होंने ऋषि को तपस्या में देखा। भगवान राम ने ममतावश अपने धनुष बाण से पांच कुंडों का निर्माण किया। ऋषि तप के बाद उस जल से स्नान किया और चार्म रोग ठीक हुआ। इसके बाद से सूर्यकुंड की मान्यता धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाने लगा। यात्रियों को ठहरने के लिए बने हैं डाक बंगला और कॉटेज सूर्यकुंड परिसर में यात्रियों को ठहरने के लिए जिला परिषद का डाक बंगला, पर्यटन विभाग से निर्मित दो मंजिला विश्रामगृह, कॉटेज बना हुआ है।

## कैंप लगाकर किया कंबल वितरण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी विभिन्न पंचायतों में कैंप लगा कर कम्बल वितरण का शिलशिला जारी है। इसी क्रम में आज पंचायत अलपीटो में नव झारखंड फाउंडेशन जिला अध्यक्ष सह ग्राम चौथा के समाजसेवी सुखदेव यादव और उनके छोटे भाई कामेश्वर यादव के सौजन्य से इस कड़के ठंड के मौसम में गरीब असहाय और जरूरतमंद लोगों के के बीच लगभग 107पीस कंबल वितरण किया गया। नेक कार्य में सहयोगी जिप सदस्य शेख तैयब, जानकी शर्मा, भोला प्रसाद सिंह, सुरेंद्र यादव, वार्ड सदस्य नंदलाल यादव, डीलो सिंह तथा पप्पू सिंह, किशोर यादव आशीष रविदास, अशोक यादव, मणिलाल पासवान और मौके पर भारी संख्या पंचायत का ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## रेल महानिरीक्षक ने किया कोडरमा स्टेशन का निरीक्षण, लिया रेल सुरक्षा का जायजा

**तस्करी पर रोक को लेकर बचपन बचाओ आंदोलन सहित अन्य समितियों के साथ हुआ एमओयू : पाढ़ी**

**गौतम पाल**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के रेल महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एस सी पाढ़ी एवं धनबाद रेल मंडल के कमांडेंट सैयद शहनवाज अहमद ने शनिवार को कोडरमा स्टेशन पर यात्री एवं रेल सुरक्षा का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कोडरमा



स्टेशन पर लगे सीसीटीवी सिक्योरिटी सिस्टम का भी बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने आरपीएफ जवानों को हमेशा स्टेशन परिसर में यात्री सुरक्षाओं को लेकर गश्ती करने का निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक पाढ़ी ने रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के साथ संरक्षा सम्मेलन कर उनकी समस्याएं सुनी, और उसके निपटारे के लिए आश्वासन दिए। ड्यूटी के दौरान यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सके इसके लिए सभी पोस्ट प्रभारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पोस्ट के रिकॉर्ड पणजी चेक कर पेंडिंग केशो का जल्द निपटारे के साथ-साथ फरार चल रहे वारंटीओं को एक टीम गठित कर जल्द से जल्द धरपकड़ का निर्देश दिए। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए महानिरीक्षक श्री पाढ़ी ने कहा कि मानव व बाल तस्करी को लेकर कोडरमा आरपीएफ पोस्ट पर एक अलग यूनिट कार्यरत है। उन्होंने कहा तस्करी को लेकर बचपन बचाओ आंदोलन सहित अन्य समितियों के साथ एक एमओयू किया गया। उन्होंने कहा की लगातार बाल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं विभिन्न संगठनों के साथ बैठक भी आयोजित की जा रही है। निकट भविष्य में एक बड़ी बैठक का आयोजन भी किया जाना है। मौके पर आरपीएफ कोडरमा थाना प्रभारी जवाहरलाल, मुख्यालय निरीक्षक शंभूनाथ राम, उपनिरीक्षक विवेक कुमार, सहायक अवर निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह समेत आरपीएफ के अन्य जवान मौजूद थे।

## हर घर ध्यान कार्यक्रम का आयोजन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सांस्कृतिक मंत्रालय, भारत सरकार एवं दि आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में कटकमसांडी ब्लॉक अन्तर्गत डांड़ पंचायत के पटियातरी गांव में कार्यक्रम हर घर ध्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को नाड़ी-शोधन प्राणायाम एवं पंद्रह मिनट का ध्यान कराया गया, इसमें महिला, पुरुष, बच्चे और वृद्ध सभी शामिल हुए। कंपकपाती ठंड को देखते हुए एवं मकर- संक्रांति के आगमन पर ग्रामीणों के बीच नये तथा पुराने वस्त्र एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। साथ ही चूड़ा,गुड़ और तिलकुट का भी वितरण ग्रामीणों के बीच किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक योग प्रशिक्षक तारकेश्वर सोनी ने कहा कि जब मन में शांति होगी तो ही घर में भी शांति होगी। घर की शांति से मुहल्ले, समाज, देश एवं विश्व में शांति होगी। ध्यान करने से मनुष्य तनावमुक्त होता है एवं अपराध की प्रवृति पर रोक लगती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा कि सभी धर्मों में ध्यान को महत्वपूर्ण बताया गया है ।इसे करने से व्यक्ति एवं समाज में सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अविनाश कुमार, आयुष राज,सौरभ सेन गुप्ता,सरिता अग्रवाल तुषार सेठी,रविंद्र सिंह, मनीष अग्रवाल,शशि अग्रवाल, डॉ अविनाश कुमार मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शहीद बबुनी प्रसाद महतो की पुण्यतिथि मनी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो के साथ परछाई की तरह साथ रहने वाले शहीद बबुनी प्रसाद महतो का 28 वाँ शहादत दिवस उनके पैतृक गॉव चलकरी पूर्व की भाँति मनाया गया। शहीद बबुनी महतो की पुण्यतिथि पर भाजपा एवं झामुमो के कार्यकताओं ने मिलकर उनके शहादत दिवस को मनाया। शहीद बबुनी महतो पत्नी ,पुत्र किशोर कुमार मंडल,लोचन मण्डल, दोनों पुत्रवधु एवं पोते पोतियों ने उनकी प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चनाकर,पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। इस मौके पर भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने कहा कि मेरे पिता की निर्मम हत्या 5 जनवरी 1995 को रात्रि में असामाजिक तत्वों के द्वारा हत्या कर दी जाती है। इस घटना ने मुझे पूरी तरह से झकझोर दिया था,परन्तु उनके द्वारा दी गयी सीख किसी भी हाल में हार ना मानने की बात ने मुझमें साहस प्रदान किया । मेरे पिताजी आम-जन को हो रही परेशानियों के लिए हमेशा मुखरता से अपनी आवाज उठाते थे,इस कारण इतने वर्षों बाद भी उन्हें आप सबो इतना प्रेम मिलता है । इस मौके पर मुख्य रूप से पौत्र/पौत्री चंदन कुमार,खुशबू रानी भारती, विक्की कुमार, अंकित कुमार मंडल उपाध्यक्ष महादेव मंडल, गुरु प्रसाद साव,हिरामन महतो,कपिलदेव चौधरी,संजय प्रजापति,राजेश सोनी, जीवन सोनी,अनुराग बर्मन, सुखदेव मंडल,डब्लू सोनी, गुलाबशंकर महतो समेत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं झामुमो कार्यकर्ता शामिल थे ।

## मुखिया चंद्रशेखर ने किया सोलर जलमीनार का उद्घाटन



**विष्णुगढ़।** बनासो पंचायत के नावाटांड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास 15वें वित्त से बनाने वाले जलमिनार का मुखिया चंद्रशेखर ने किया उद्घाटन। मुखिया चंद्रशेखर ने कहा कि ग्रामीणों के लिए बनी योजनाओं को जमीन पर उतारना ही हमारा पहली प्राथमिकता है जिससे हर गरीब गुरबे को संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार महतो ने कहा कि जल ही जीवन है, नावाटांड में अक्सर पानी की समस्या बना रहता था। शिक्षक तिलेश्वर महतो ने कहा कि विस्थापित होने के कारण कहीं नहीं सुनी जाती है हम ग्रामीणों की समस्या, जल मीनार लगने आस पास पानी की समस्या अब काफी हद तक नहीं होगी। इस दौरान शिक्षक तिलेश्वर महतो, लिलो महतो, मुकेश महतो मौजूद रहे।

## एनटीपीसी ने किया पोषण किट का वितरण



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी व चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत पोषण किट का वितरण किया गया। महाप्रबन्धक फैज तैयब ने केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में 35 यक्ष्मा (टीबी) रोगियों को पोषण किट वितरित प्रदान कियो इस कार्यक्रम में कुल 35 मरीजों के बीच 6 माह तक प्रत्येक माह में रोगियों को पोषण किट का वितरण कि गई। श्री फैज तैय्यब ने सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के एम.डी. को आश्वासन दिया की अगर आगे भी कोई ग्रामीण यक्ष्मा से संक्रमित पाया जाता है तो एनटीपीसी उन सभी रोगियों को इस योजना में सम्मिलित करेगी। टीबी एक जीवाणु से होने वाली एक गंभीर बीमारी है जो हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है इस रोग का सबसे अधिक प्रभाव फेफड़ों पर पड़ता है इसलिए व्यक्ति बहुत कमजोर हो जाता है मौके पर उपस्थित ज़िला यक्ष्मा अधिकारी डॉक्टर आर.के जयसवाल ने एनटीपीसी की सराहना करते हुए कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2025 तक टीबी रोग को देश से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाऐ इस रोग को जड़ से खत्म करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि सही समय पर मरीजों की पहचान की जाए एवं उन्हें सही उपचार दिया जाए. टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त भोजन की बहुत आवश्यकता होती है व मरीजों के लिए पोषण किट काफी उपयोगी होगो मौके पर कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान,केरेडारी चिकित्सा केन्द्र से डॉ विक्रम,डॉ सुधीर रंजन,डॉ मच्चेंदर नाथ,राजीव रंजन,स्वास्थ प्रबंधक डॉक्टर शैलेश कुमार,राम कृपाल ठाकुर एवं एनटीपीसी मेडिकल विभाग से डॉक्टर के प्रधान,केरेडारी परियोजना से अपर महाप्रबंधक सुभाष प्रसाद गुप्ता,एस.के. मूर्ति, एवं वरिष्ठ प्रबंधक आशीष कुल्लू मौजूद थे ।

## डीएफएसओ ने बड़कागांव के कई होटलों का किया निरीक्षण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बड़कागांव प्रखंड के कई होटलो,ढाबा,रेस्टोरेंट्स सहित अन्य खाद्य सामग्री विक्रेताओं के दुकान पहुंच कर उनके खाने को निरीक्षण किया । वही सभी दुकानदारों को 16 तारीख तक ऑनलाइन लाइसेंस लेने की बात कही। कई दुकानों में खाने की सामग्री बिना एक्सपायरी डेट, बिना निर्मित डेट का पाया गया। जिसको लेकर उन सभी दुकानदारों को उन सभी दुकानदारों को हिदायत दिया गया और उन्हें बताया कि बिना निर्माण तिथि,बिना खाने की अंतिम तिथि, एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर और लोगो सभी प्रोडक्ट में होना चाहिए। आगे उन्होंने सभी दुकानदारों को बताया कि वैद्य रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार से किया जाना अनिवार्य है ।वरना 6 महीने की सजा या 500000 तक जुमार्ना लग सकता है। आगे उन्होंने निरीक्षण करते हुए कैलाश ट्रेडर्स,लक्ष्मण होटल, न्यू इंडियन स्वीट्स,राहुल स्वीट्स, राज स्टोर, पिंटू जनरल स्टोर, खंडेलवाल स्टोर,गुप्ता जनरल स्टोर, श्याम स्टोर समेत दर्जनों खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को नोटिस देते हुए जल्द से जल्द लाइसेंस लेने और अपग्रेड करने को कहा है। आगे उन्होंने बताया कि अभी बड़कागांव प्रखंड में लगातार निरीक्षण का कार्य चलता रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से अनुसेवक प्रेम कुमार शर्मा, मोहम्मद इस्लाम, रोहित कुमार उपस्थित थे।

## डॉ संजय सिंह की पुस्तक खुशी और सफलता और अभिप्रेरणा के स्वर का विमोचन

# जीवन में खुश रह कर ही सफलता को प्राप्त करना सबसे बड़ी उपलब्धि : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रांची के राजभवन में शुक्रवार को शिक्षाविद डॉ संजय प्रसाद सिंह के द्वारा लिखी गयी दो पुस्तक अभिप्रेरणा के स्वर तथा खुशी और सफलता का विमोचन व लोकार्पण राज्यपाल रमेश बैस ने किया। पुस्तक विमोचन से पूर्व हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद प्रो यदुनाथ पांडे एवं डॉ संजय प्रसाद सिंह ने राज्यपाल को बुके, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। मौके पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि आपके द्वारा लिखित प्रथम पुस्तक अभिप्रेरणा के स्वर में कुल 75 कविताओं का संकलन है जो आजादी के 75 वर्षों के सुअवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव से जुड़े सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विषयों से जुड़ी हुई है महत्वपूर्ण जानकारियों का समावेश है। उन्होंने कहा कि 75 कविताओं का संकलन वास्तव में छात्र, युवा शक्ति और समाज के लिए अभिप्रेरणा के रूप में है। वहीं उन्होंने खुशी और सफलता के उत्तक के विषय में कहा कि आज परिवार और समाज में प्रायः आंतरिक एवं बाहरी खुशी देखने को कम मिलती हैं। परिवार के चेहरे पर तनाव देखने को मिलता है, वर्तमान दौर में तनाव जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। वैसे तो तनाव की अचूक दवा हंसी वो खुशी है, प्रकृति का अनमोल उपहार हंसी है, जीवन में हंसने से तनाव कम होती है। वैसे तो खुलकर हंसने से चेहरे और गले की मांसपेशियों के लिए उत्तम व्यायाम भी हैं। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ वाली जिंदगी में अधिकांश लोग धन, शोहरत व पद प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए वर्चस्व स्थापित करने की होड़ लगी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की जरूरत है समाज के लोगों को सकारात्मक सोच के साथ रचनात्मक गतिविधियों को जीवन में आत्मसात कर सदैव चेहरे पर एक अदद मुस्कान के साथ हंसता मुस्कुराता जीवन जीने की जरूरत है। जीवन में खुश रहकर ही सफलता को प्राप्त करना सबसे बड़ी उपलब्धि है। वही, डॉ संजय प्रसाद सिंह ने राज्यपाल के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रो यदुनाथ पांडे, पुस्तक प्रकाशक अभिषेक तनेजा, मुकेश सिंह, विजय जायसवाल, रोविंद गुप्ता, ब्रजेश पाठक, शिवकुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर डीसी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर शनिवार को जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में डीसी माधवी मिश्रा एवं एसपी पीयूष पांडे ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली झांकियों के मद्देनजर डीसी और एसपी ने विभागों का चयन करते हुए उनके संबंधित अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए झांकियां निकालने के संबंध में कई निर्देश दिये।

### परेड से पूर्व 18, 19, 20 एवं 21 जनवरी को पूर्वाभ्यास का निर्देश

गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित होने वाले परेड के लिए 18, 19, 20 एवं 21 जनवरी को पूर्वाभ्यास किया जाएगा एवं अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को संपन्न होगा। इस संबंध में उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को प्रशिक्षण के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया।

### अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें सुनिश्चित

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, जमीन समतलीकरण व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में डीसी ने अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया।

### सभी मधशालाओ एवं बधशालाओं को बंद रखने का निर्देश

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी रात्रि 12 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12 बजे तक जिले के सभी मधशालाओ एवं बधशालाओं को बंद रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश डीसी ने सहायक आयुक्त उत्पाद को दिया। बैठक के दौरान डीसी ने कहा की बीते वर्ष बेहतरीन कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस सम्बंध में उन्होंने सभी विभागों के वरीय अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की बैठक संपन्न

# प्रबंधन के खिलाफ जताया आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** भुरकुंडा रोड सेल सेंटर में शनिवार को भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुकेश पासवान और संचालन प्रेम कुमार साहू ने किया। बैठक में रोड सेल श्रमिक प्रतिनिधियों ने सीसीएल बरका-सयाल प्रबंधन के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि 18 नवंबर को समिति द्वारा सीसीएल प्रबंधन को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। जिसमें कहा गया था कि भुरकुंडा कोलियरी 2 वर्षो से बंद होने के कारण हजारों कार्यरत मजदूर आज बेरोजगार का दंश झेल रहे हैं। रोजगार के अभाव में दर-दर भटकने को मजबुर है। अभी भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा खुली खदान से उत्पादन व संप्रेषण जारी है। लेकिन अभी तक भुरकुंडा रोड सेल में कोयला के आवंटन नहीं किया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि सीसीएल प्रबंधन हमारी मांगों के प्रति गंभीर नही है। कहा गया कि सीसीएल प्रबंधन आश्वासन देकर श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ धोखा कर रही है। प्रबंधन के इस रवैये से रोड सेल के कार्यरत मजदूरों, स्थानीय बेरोजगारों, ग्रामीण व रैयतों में काफी अक्रोश व्याप्त है। सर्वसम्मति से भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया कि आगामी 11 जनवरी को भुरकुंडा कोलियरी बलकुदरा खुली खदान का उत्पादन एवं संप्रेषण अनिश्चितकाल के ठप कर देगी। इस दौरान पूरी तरह चक्का जाम रहेगा। मौके पर दर्शन गंजू, अजय सिंह, रमन शर्मा, कुलदीप यादव, अमरेश प्रसाद, बालेश्वर पासवान, रावेल एक्का, हरिशंकर चैधरी, गणेश बेदिया, बालो बेदिया, उमेश नायक, रोहित करमाली, राजन तुरी, तुल्ला खान, बुटन नायक, अभय मेहता, इंद्रदेव मुंडा, बागेश करमाली, रविन्द्र सिंह, बिनोद सिंह, सुनील रजक, जितेंद्र करमाली, युगल पासवान, उमेश राय, शंकर पासवान सहित कई लोग शामिल थे।

## आलोक फैक्ट्री प्रबंधन ने गरीबों कों बांटे कंबल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आलोक स्टील प्राइवेट लिमिटेड, बूढ़ाखाप करमा के प्रबंधन ने गरीबो के बीच कम्बल वितरित की। कार्यक्रम के दौरान फैक्ट्री प्रबंधन ने बढ़ते शीतलहरी से बचाव को लेकर एक सौ से अधिक गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितिरित किया। मौके पर कम्बल प्रदान करने वाले लोगो ने प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशीर्वाद दिया। आगे भी हम जैसे जरूरतमंद लोगों को सहयोग करते रहने की बात कही। मौके पर स्थानीय ग्रामीण नारायण महतो ने फैक्ट्री प्रबंधन के प्रति आभार जताया। कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया है यह निश्चित ही सराहनीय कार्य है। मौके पर सुरेंद्र कुमार महतो काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## वन अतिक्रमण कर बने होन्हें-शिवपुर ट्रांसपोर्टिंग सड़क को मिली केंद्र की अनापत्ति

**टंडवा/चतरा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल की कामधेनु कोल परियोजना आम्रपाली में होन्हे से शिवपुर रेलवे साइडिंग तक वन अतिक्रमण कर बने बहुचर्चित कोल ट्रांसपोर्टिंग सड़क को स्टेज वन की अनापत्ति केंद्र से मिलने की खबर से चचाओं का बाजार भी गर्म है।इसी ट्रांसपोर्टिंग सड़क सड़क से आरकेटीसी/बीएलए ज्वाइंट वेंचर कंपनी द्वारा पिछले डेढ़ साल से प्रतिदिन 35-40 हजार टन कोयला का संप्रेषण कर रही है।हालांकि सितंबर 22 में कई शर्तों पर मिली अनापत्ति की सफलता के बावजूद इस डगर की राह अब भी आसान नहीं है।आपको बता दें आम्रपाली कोल परियोजना से शिवपुर रेलवे साइडिंग तक 8.38 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण कर बने सड़क से कुछ अपवादों को छोड़ कर देखें तो निर्बाध कोल ट्रांसपोर्टिंग कभी नहीं थमा।वन अतिक्रमण की चर्चा अधिकतर सुर्खियों में आने व न्यायिक स्तर तक पहुंचने से विभाग की किरकिरी बढ़ गई थी। वहीं सीसीएल को उक्त सड़क से कोल परिवहन के नियमितीकरण के लिए दस गुना लगभग 83.8 हेक्टेयर भूमि में क्षतिपूरक वन रोपण की शर्तों पर केंद्र सरकार की ओर से सैद्धांतिक स्टेज- 1 की अनापत्ति 15 सितंबर 22 दिया गया है । समाहित किए गए शर्तों में साफ तौर पर उल्लेख है कि प्रयोक्ता अभिकरण विचाराधीन वन भूमि का उपयोग तब तक नहीं करेगा जब तक कि प्रस्ताव में द्वितीय चरण का अनुमोदन जारी नहीं किया जाता है।ऐसे में लगभग 83.8 हेक्टेयर भूमि पर क्षतिपूरक वन रोपण रिपोर्ट सीसीएल प्रबंधन द्वारा स्टेज -२ की अनापत्ति के लिए देना आवश्यक होगा। हालांकि,देखा जाए तो यहां तमाम संवैधानिक नियमों व शर्तें केवल कागजी पन्नों तक हीं सीमित रहने का मुख्य वजह वरीय अधिकारियों का भी मौन भूमिका यहां पूरी तरह से चाहें ओवरलोडिंग मामले में हो या अन्य में रहना बताया जाता है।आपको स्मरण होगा वन अतिक्रमण कर बनाए गए इसी सडक से कोल ट्रांसपोर्टिंग को लेकर आरकेटीसी व अंबे माइनिंग ज्वाइंट वेंचर कंपनियों के बीच वर्ष 2021 में तब हुवे भारी टकराव ने अतिक्रमण और अनियमितताओं के कई रहस्यों को यहां खोल

## दोतल्ला पंचायत में ग्राम पंचायत स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार का हुआ गठन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भूरकुंडा में शनिवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग/(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) के अनुपालन के क्रम में सहायक अध्यापको, सम्पर्ति पारा शिक्षको के लिए ग्राम पंचायत स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार का बैठक के जरिए गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने समिति के कार्यों के बावत जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत स्थित विद्यालय में कार्यरत सहायक (पारा) शिक्षको के संबंध में जो भी विषय होंगे जैसे नया बहाली, लम्बी अवकाश, विभिन्न प्रकार के वाद-विवाद आदि का निर्णय उक्त प्राधिकार द्वारा लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके गठन से पारा शिक्षको के समस्याओ का जल्द समाधान होगा। साथ ही छात्रों का पठन-पाठन भी बाधित नहीं होंगा। नियमानुसार समिति में अध्यक्ष मुखिया सत्यवंती देवी, सचिव पंचायत सचिव नरेश हजाम, सदस्य सचिव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मनोरंजन पाण्डेय एवं सदस्य पंचायत समिति सदस्य बबीता पाण्डेय, राजकीय बालिका उच्च विद्यालय रिवर साइड भूरकुंडा के अध्यापक संजय मुण्डा मनोनीत किये गए। बैठक में पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, सीआरपी निशा कुमारी, दीनानाथ रजक आदि मौजूद थें।

## बचरा मंगलम में क्षेत्र स्तरीय त्रिपक्षीय सुरक्षा बैठक संपन्न




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र के क्षेत्र स्तरीय त्रि-पक्षीय सुरक्षा बैठक बचरा के मंगलम में शनिवार को आयोजित किया गया।इसमें डीजीएमएस अधिकारी,यूनियन प्रतिनिधि,सीसीएल सुरक्षा समिति सदस्यों ने भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता सेफ्टी बोर्ड सदस्य रवीन्द्र सिंह,संचालन आलोक रंजन सहायक प्रबंधक कार्मिक ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ और सभी डीजीएमएस अधिकारी तथा यूनियन प्रतिनिधि और सीसीएल सुरक्षा समिति के सदस्यों का स्वागत आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह द्वारा शॉल श्रीफल और बुके देकर किया गया। इस त्रि-पक्षीय बैठक में खान सुरक्षा से संबंध में सभी बिषयों एव उसके निराकरण पर चर्चा किया गया।इस कार्यक्रम के अपने संबोधन में डीजीएमएस प्रमुख आफताब अहमद ने कहा की हमारा मुख्य लक्ष्य प्रत्येक खदान में किसी भी तरह का दुर्घटना न हो, इसके लिए डीजीएमएस द्वारा समय-समय पर दिशा निर्देश दिए जाते रहते हैं। वही आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार सिंह ने कहा की आम्रपाली परियोजना में निमार्णाधीन स्मार्ट टाउनशिप का काम पूरे जोर-शोर से चल रहा है तथा फेज वाइज संवेदक द्वारा आम्रपाली परियोजना को जून माह से बिल्डिंग का हैंडओवर करना शुरू कर देगा, उसके बाद परियोजना में आवाज से संबंधित समस्याओं का समाधान शुरू हो जायेगा।इस मौके पर आरकेएमयू नेता ललन सिंह, यूसीडब्ल्यू नेता विनोद बिहारी पासवान, बीएमएस नेता नीरज सिंह, इनमोसा नेता हेमंत मंडल,जेएमएस नेता अजय सिंह, महालक्ष्मी पीएम सुरेश भाई पटेल,माँअंबे करण मंडल, आरकेटीसी से टीके राव रेड्डी, स्टाफ अधिकारी खान सुरक्षा पवन गुप्ता, प्रोजेक्ट एन्ड प्लानिंग केके पंडा, मोहसिन रजा समेत सैकड़ो कर्मी उपस्तिथ थे।

## न्यायिक कार्य से दूसरे दिन भी अलग रहे अधिवक्ता, टेबल पर सन्नाटा

# जबतक राज्य सरकार हमारी मांग को नहीं मानती, तबतक आंदोलन जारी रहेगा : आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** विभिन्न मांगो को लेकर जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के लगभग 500 अधिवक्ता दूसरे दिन भी न्यायिक कार्य से अलग रहें। स्टेट बार काउंसिल झारखंड के आवाहन पर 6 जनवरी से अधिवक्ता कोर्ट फीस में अत्यधिक बढ़ोतरी, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजक की अधिवक्ताओं के बीच से नियुक्ति होने एवं अन्य मांगों को लेकर पूरे राज्य के अधिवक्ता अपने आप को न्यायिक कार्य से अलग रखे हुए हैं। इसी के तहत रामगढ़ के अधिवक्ता भी किसी भी न्यायालय में उपस्थित होकर किसी भी केस में कोई पैरवी भी नहीं किया। साथ ही स्टेट बार काउंसिल के निदेर्शानुसार जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ का कोई भी अधिवक्ता मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग नहीं लिया।

### रांची की बैठक में शामिल होंगे रामगढ़ के अधिवक्ता

रविवार को स्टेट बार काउंसिल भवन में राज्य के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महासचिव एवं वरीय अधिवक्ताओं की एक बैठक बुलाई गई है। जिसमें जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल महासचिव सीताराम एवं अन्य अधिवक्ता शामिल होंगे। आगे जो भी निर्णय स्टेट बार काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा उसका पालन जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ द्वारा किया जाएगा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि जबतक राज्य सरकार हमारी मांगो को पुरा नहीं करती है। तबतक आंदोलन जारी रहेगा।

## पीएम और सीएम के प्रति श्री दिगंबर जैन समाज ने जताया आभार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री सम्मेद शिखरजी के मामले में श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ ने शनिवार को एक प्रेस बयान जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया है। इसके अलावा जैन समाज ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार के प्रति भी आभार प्रकट किया हैं। बयान में कहा गया है कि निःसंदेह केंद्र एवं राज्य सरकार का यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा। इससे श्री सम्मेद शिखर पर्वत की पवित्रता एवं सुचिता अखंडित रहेगी। साथ ही स्थानीय नागरिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## स्थानीय विस्थापित मोर्चा ने विभिन्न मांगों को ले बलकुदरा खदान की ट्रांसपोर्टिंग करायी ठप



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बलकुदरा खदान में शनिवार को स्थानीय विस्थापित मोर्चा के बैनर तले बलकुदरा, करसे, गेगदा, रसदा, जयनगर, लबगा, किनी, जराद, आरासाहा, चेतमा के सैकड़ों ग्रामीणों ने बलकुदरा ट्रांसपोर्टिंग का काम को बंद करा दिया।इसका नेतृत्व कुलदीप यादव, अनिता देवी व गुलाबसा परवीन कर रही थीं। स्थानीय ग्रामीण पीएलआर कंपनी के विरोध में अपनी मांगों को ले जमकर नारेबाजी करते दिखें। मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बलकुदरा खदान से ट्रांसपोर्टिंग का कार्य अनिश्चितकालीन के लिए बंद करने के लिए हम लोग यहां जुटे हैं। 3 दिसंबर को मोर्चा द्वारा 6 सूत्री मांगे रखी गई थी। लेकिन पीएलआर कंपनी अभी तक इन मांगों पर कोई भी संज्ञान नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि पीएलआर कंपनी गुंडागर्दी कर रही है। जब तक पीएलआर कंपनी स्थानीय लोग की सहमति नहीं लेती तब तक खदान नहीं चलने दिया जाएगा। सीसीएल प्रबंधन से वार्ता हो रही है लेकिन पीएलआर अभी तक वार्ता नही किया। प्रबंधन व पीएलआर से 6 सूत्री मांग के सवाल पर कुलदीप यादव ने बलकुदरा में लोकल सेल खोलने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों को सेल में 100 प्रतिशत भागीदारी देने की मांग की। साथ ही विस्थापितों के बच्चों के शिक्षा के लिए विद्यालय का निर्माण कराने, बलकुदरा का ट्रांसपोर्ट कार्य देने व स्थानीय लोगों को रोजगार सहित कई मांगों को रखा। जिसपर प्रबंधन ने कहा कि मामले पर सकारात्मक पहल की जायेगी। आगे बैठक कर मामले का निष्पादन कर लिया जायेगा। फिलहाल आपलोग आंदोलन वापस ले लें। मामले को ले प्रबंधन, प्रशासन व मोर्च के बीच वार्ता हुई। वाता में सभी बातों पर विचार-विमर्श के बाद पीएलआर कंपनी के रवि रेड्डी से फोन पर वार्ता की गई। जिसमें आगामी 11 जनवरी बुधवार को पुनः वार्ता होगी। इसके बाद स्थानीय विस्थापित मोर्चा ने स्वीकारते हुए ट्रांसपोर्टिंग ठप आंदोलन वापस ले लिया। 4 घंटा ट्रांसपोर्टिंग ठप रहने के कारण लाखों रुपए के नुकासान होने का अनुमान है। वार्ता में मोर्चा के कुलदीप यादव, संजीत यादव, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, पीएलआर के रमेश रेड्डी व भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला मुख्य, एसआई मयंक कुमार मुख्य रूप से शामिल थें।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जिला स्तरीय जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। फरियादियों द्वारा अपनी-अपनी समस्य उपायुक्त से मिल उन्हें सुनाया। समस्याओं में मुख्य रूप से कोल परियोजनाओं के क्षेत्र में रैयतों के मुआवजा से संबंधित मामले, राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामला समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने आमजनों से समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा जताया। उन्होंने आम जनों से प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार जल्द से जल्द समस्याओं का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बताते चले की सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।

## आंगनबाड़ी में बच्चों को मुखिया ने बांटे स्वेटर



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू ब्लॉक मोड आंगनबाड़ी मॉडल नर्सरी स्कूल पतरातु आंगनबाड़ी केंद्र मैं बच्चों कों शनिवार को पतरातू पंचायत के मुखिया गिरजेश कुमार ने 30 स्वेटर का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि स्वेटर के पहनने से बच्चों को कड़ाके की ठंड से राहत मिलेगी। इस दौरान सेविका सुनीता भारती, सहायिका मुन्नी उराव, वार्ड सदस्य बजरंग कुमार, नीलम देवी, आसिफ रजा, राजन सिन्हा, देवंती देवी, कंचन देवी, मानसी कुमारी, आर्यन कुमार, आदित्य कुमार, अरुणी कुमारी, प्रशांत कुमार, रोहित कुमार, सक्षम कुमार सृष्टि कुमारी मौजूद थे ।

## स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर उपायुक्त ने विभाग के साथ की बैठक

# टीवी कुष्ठ रोग एवं कैंसर से ग्रसित मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध करायें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिले के स्वास्थ्य व्यवस्थओं को दुरुस्त करने को लेकर स्वास्थ अधिकारियों साथ बैठक की गयी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में स्वास्थ्य संबंधित कार्यों से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के एवज में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत अब तक किए गए विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं का बिंदुवार समीक्षा किया। इनमें मुख्य रूप से गर्वभवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन, उनका एचआईवी टेस्ट, उन्हें आयरन की गोली देने, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशु का औसतन वजन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से एसएनसीयू के लिए रेफर किए गए बच्चें, एमटीसी बेड ऑक्यूपेंसी एवं एमटीसी भवन की स्थिति समेत अन्य विषयों पर समीक्षा किया। उपायुक्त ने गर्वभवती महिलाओं का ए एन सी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने, गर्वभवती महिलाओं का शतप्रतिशत एचआईवी ग्लूकोज/हेमोग्लोबिन टेस्ट समेत अन्य टेस्ट सुनिश्चित करने, उन्हें आयरन की गोली देने एवं उनका सेवन करने हेतु प्रेरित करने समेत सामान्य से कम वजन वाले नवजात बच्चों को एसएनसीयू में रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने वजन नापने की मशीन समेत अन्य मशीन की भी जानकारी लिया। उपायुक्त ने बीसीजी कवरेज की भी जानकारी लेते हुए ससमय और बच्चों को बीसीजी लगाना एवं शत प्रतिशत पूर्ण प्रतिरक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने फैमिली प्लानिंग की स्थिति एवं उन्हें दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि की भी जानकारी लिया, उन्होंने ने विभाग द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि का लाभ शतप्रतिशत देने का निर्देश दिया।

**JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.**
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

Letter No.: 99 Date: 07/01/2023

**CORRIGENDUM - I NOTICE**

Corrigendum-I notice regarding "REQUEST FOR PROPOSAL FOR EMPANELMENT OF SUPPLIERS FOR SUPPLY OF FORTIFIED RICE KERNEL (FRK) IN FIVE (5) COMMISSIONARIES (PALAMU, NORTH CHOTANAGPUR, SOUTH CHOTANAGPUR, KOLHAN AND SANTHAL PARGANA)"

With reference to advertisement and Tender Ref. No. 4988, dated 22.12.2022 regarding "REQUEST FOR PROPOSAL FOR EMPANELMENT OF SUPPLIERS FOR SUPPLY OF FORTIFIED RICE KERNEL (FRK) IN FIVE (5) COMMISSIONARIES (PALAMU, NORTH CHOTANAGPUR, SOUTH CHOTANAGPUR, KOLHAN AND SANTHAL PARGANA)".

Suitable Corrigendum-I related to the terms and condition of the tender document to be published on the website of department, JSF&CSCL and C1 India Pvt. Ltd. Interested applicants are requested to check the website of the department (http://jharkhand.gov.in), JSF&CSCL (https://sfcjharkhand.in) or C1 India Private Ltd. (http://jharkhand.eproc.in)

Managing Director
(JSF&CSCL)

# पर्यटन नहीं, तीर्थ स्थल

केंद्र सरकार ने झारखंड के गिरिडीह में पारसनाथ पहाड़ी क्षेत्र में इको-टूरिज्म विकसित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं में संशोधन करना मंजूर कर लिया है। उसने राज्य सरकार से उस इलाके में इको सेंसिटिव जोन नोटिफिकेशन खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगाने को कहा है। ऐसा जैन समाज की मांग पर किया गया है। इससे पहले झारखंड सरकार ने भी केंद्र को पारसनाथ स्थित सम्मेद शिखरजी की पवित्रता बनाये रखने के लिए जैन अनुयायियों से मिले आवेदनों को देखते हुए समुचित निर्णय लेने की अपील की थी। देश भर में जैन समाज अपने प्रमुख तीर्थस्थल सम्मेद शिखरजी की पवित्रता बनाये रखने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से सड़कों पर था। असल में पारसनाथ पहाड़ी जैनों के 24 में से 20 तीर्थंकरों की निर्वाणभूमि होने के कारण दुनिया भर में फैले जैन समाज के लिए विशेष रूप से पूजनीय क्षेत्र रहा है। यहां बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग वंदना यात्रा के लिए आते हैं। निर्जल रह कर और नंगे पैर चल कर 27 किलोमीटर की यह कठिन यात्रा 14-15 घंटे में पूरी की जाती है। स्वाभाविक ही इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के फैसले ने पूरे जैन समाज को उद्वेलित कर दिया। उन्हें लगा कि पर्यटक यहां बड़ी संख्या में आयेंगे तो इस क्षेत्र की पवित्रता भंग होगी। जैन समाज ने विरोध प्रदर्शन में जिस तरह की एकजुटता दिखायी, वह इस बात का संकेत था कि इस पूरे समुदाय की आस्था को इस फैसले से चोट पहुंची है। केंद्र सरकार ने अपने कदम वापस लेकर एक अच्छा काम किया है। लोकतंत्र में निर्वाचित सरकार को जनभावनाओं का ख्याल रखते हुए ही आगे बढ़ना चाहिए। विकास जरूरी है, लेकिन आखिरकार वह समाज के ही लिए है। इस क्षेत्र के साथ एक खास बात यह भी है कि जैनों का तीर्थस्थल होने के साथ-साथ यह सांथाल जनजाति के लोगों की आस्था और संस्कृति से भी जुड़ा है। वे इसे मारंग बुरु के रूप में पहचानते हैं। वे पूरी श्रद्धा से पर्वत पर स्थित जुग जाहेर थान का पूजन करते हैं। हर साल फरवरी और अप्रैल में धूमधाम से अपना पारंपरिक त्योहार मनाते हैं। संभवतः इसी बात को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने संशोधित इको-सेंसिटिव जोन नोटिफिकेशन में प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मॉनिटरिंग कमेटी गठित करने को कहा है। इस कमेटी में जैन समुदाय के दो सदस्यों के साथ ही स्थानीय आदिवासी समुदाय से भी एक सदस्य को स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में रखने की बात कही गयी है। यह अच्छी पहल है। इस मामले में केंद्र और राज्य सरकार ने देर से ही, लेकिन सही कदम उठाया, वह स्वागत योग्य है।

**जैन समाज ने विरोध प्रदर्शन में जिस तरह की एकजुटता दिखायी, वह इस बात का संकेत था कि इस पूरे समुदाय की आस्था को इस फैसले से चोट पहुंची है। केंद्र सरकार ने अपने कदम वापस लेकर एक अच्छा काम किया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पाकिस्तान ने अपनी समस्याओं को और तेज कर लिया है क्योंकि पिछले सप्ताह स्टैंडर्ड एंड पूअर्ज द्वारा इसकी सम्प्रभु रेटिंग को सीसीसी प्लस तक कम कर दिया गया है, ने इसे और नीचे कर दिया। पाकिस्तान इस समय राजनीतिक-धार्मिक संघर्ष में फंसा हुआ है। कोलंबो, ढाका और काठमांडू भी विकास के मामले में कम ही दिखायी देते हैं। कोविड-19, यूक्रेन युद्ध और तेल की बढ़ती कीमतों ने इन देशों के विकास कार्यों पर पिछले वर्ष एक बहुत बड़ा आघात पहुंचाया था।**

# भारत के पड़ोस में संकट का वर्ष था 2022

सूभोमाय भट्टाचार्जी

भारत के राजनीतिक पड़ोस में नववर्ष अंधकारमय ही नजर आया। श्रीलंका, बंगलादेश और नेपाल जैसे 3 महत्वपूर्ण देश जिनके साथ भारत का आर्थिक सहयोग है, में संकट के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं। ढाका में राजनीतिक विशुद्ध हवा और तीव्र हो चली है। आम चुनावों के 2 महीने बाद हालांकि काठमांडू में प्रचंड सरकार बन गयी है। मगर श्रीलंका के संकट और गहराते नजर आ रहे हैं।

पाकिस्तान ने अपनी समस्याओं को और तेज कर लिया है क्योंकि पिछले सप्ताह स्टैंडर्ड एंड पूअर्ज द्वारा इसकी सम्प्रभु रेटिंग को सीसीसी प्लस तक कम कर दिया गया है, ने इसे और नीचे कर दिया। पाकिस्तान इस समय राजनीतिक-धार्मिक संघर्ष में फंसा हुआ है। कोलंबो, ढाका और काठमांडू भी विकास के मामले में कम ही दिखायी देते हैं। कोविड-19, यूक्रेन युद्ध और तेल की बढ़ती कीमतों ने इन देशों के विकास कार्यों पर पिछले वर्ष एक बहुत बड़ा आघात पहुंचाया था।

**आर्थिक संकट में श्रीलंका के साथ बंगलादेश भी शामिल है।**

जून 2022 में श्रीलंका पहला देश था, जो इन समस्याओं से प्रभावित हुआ। सबसे ज्यादा जरूरी समझे जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के ऋण अमल में लाये जायेंगे। मगर उसके लिए भी कुछ शर्तें लगायी गयी हैं। श्रीलंका को एक समझौते के तहत अपने द्विपक्षीय लेनदारों मुख्य रूप से भारत, जापान और चीन के साथ एक समझौते पर पहुंचना होगा। इस शर्त को सुलझाना मुश्किल साबित हुआ। पिछले हफ्ते श्रीलंका के वित्त मंत्री शेहान सेमा सिंघे ने स्वीकार किया कि 2.9 बिलियन डालर के ऋण के लिए आइएमएफ की मंजूरी में वर्ष 2023 तक देरी होने वाली थी। उन्होंने कहा कि वह अगले साल की पहली तिमाही तक सौदा पाने की उम्मीद कर रहे थे। लंका के बाहरी ऋण में चीन की 19.6 प्रतिशत, जापान की 9 प्रतिशत और भारत की 2 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



**बंगलादेश के वित्त मंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल ने इस बात पर बहस की कि क्या आइएमएफ से कर्ज लेना जरूरी है। उनके पास संकोच करने का एक कारण भी था क्योंकि देश जिसे पहले गरीबी ने घेर रखा था, ने कपड़ा निर्यात उद्योग की पीठ पर विकास के आश्चर्यजनक स्तर को हासिल किया है।**

अपेक्षाकृत उज्ज्वल पक्ष देखा जाए तो उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति अक्तूबर में 70 प्रतिशत से नीचे आने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय बैंक के गवर्नर नंद लाल वीरासिंघे को उम्मीद है कि यह 2023 के अंत तक 5 प्रतिशत की स्थिर सीमा तक कम हो जाएगा। हालांकि सभी को ऋण की जरूरत होगी, ताकि एक ऐसे देश के लिए शीघ्रता से बातें अमल में लाई जा सकें, जिसे कई साल पहले दक्षिण एशिया में एक मध्य आय वाली अर्थव्यवस्था के रूप में देखा गया था।

आर्थिक संकट में श्रीलंका के साथ बंगलादेश भी शामिल है। बंगलादेश ने नवंबर में इसीएफ तथा इएफएफ के तहत 3.2 बिलियन डालर के आइएमएफ ऋण को सुरक्षित करने के लिए 42 महीने की व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ-साथ उसने आइएमएफ के तहत 1.3 बिलियन डालर का एक और समझौता किया है।

बंगलादेश के वित्त मंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल ने इस बात पर बहस की कि क्या आइएमएफ से कर्ज लेना जरूरी है। उनके पास संकोच करने का एक कारण भी था क्योंकि देश जिसे पहले गरीबी ने घेर रखा था, ने कपड़ा निर्यात उद्योग की पीठ पर विकास के आश्चर्यजनक स्तर को हासिल किया है। देश के सभी सामाजिक संकेतक भारत से भी आगे बढ़ गये हैं।

ऐसी आशा भी की गयी थी कि बंगलादेश वित्त वर्ष 2026 तक कम विकसित राष्ट्र के अपने टैग को हटा देगा। वैश्विक व्यापार का पतन और तेल की कीमतों ने अर्थव्यवस्था को कड़ी टक्कर दी है। हर माह बीतने के साथ-साथ हालत और ज्यादा गंभीर हो गयी है। पिछले वर्ष नवम्बर में जारी आइएमएफ़ स्टाफ के आंकलन में चालू खाता घाटा तेजी से बढ़ रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी से गिरावट दिखायी दी है। मुद्रास्फीति और धीमा विकास देखा गया है।

श्रीलंका ने प्रदर्शित किया है कि किस प्रकार निरंतर कमी एक गंभीर राजनीतिक चुनौती में बदल सकती है। विडंबना है कि पिछले वर्ष जून में श्रीलंका में संकट अपनी चरम सीमा पर थे। बंगलादेश ने राहत सामग्री के रूप में आलू की एक खेप भेजी थी। 2023 में इस कहानी में और मोड़ आ सकते हैं, जब विपक्षी दल शेख हसीना के तीन कार्यकाल के विरोध में बड़ी रैलियां निकालेंगे। वर्ष 2022 में दक्षिण एशिया में आपूर्ति आघात के नेतृत्व वाले संकट का वर्ष था, जिसने विभिन्न सरकारों की नीतिगत चूकों को कठोर रूप से उजागर कर दिया।

## जमशेदपुर की खबरें

# कुड़मी महाजुटान में अधिकारों के लिए जतायी संघर्ष की प्रतिबद्धता

आजाद सिपाही संवाददाता




**नीमडीह।** शनिवार को नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी के सोनाडुंगरी स्टेडियम में आदिवासी कुड़मी समाज के तत्वावधान में एक दिवसीय महाजुटान हुआ। जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो की अध्यक्षता में हुए इस जुटान में झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा से भी कुड़मी समाज के हजारों बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदिवासी कुड़मी समाज के मूलखूंटी मुलमान्ता अजीत प्रसाद महतो ने कहा कि कुड़मी समाज अपने अधिकार की लड़ाई के तहत समाज को जागरूक कर रहा है। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य कुड़मी को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध कराना, कुड़माली को आठवीं अनुसूची में शामिल कराना एवं सरना धर्म कोड लागू कराना है। उन्होंने कुछ दिनों से कुछ तथाकथित आदिवासियों द्वारा कुड़मियों का इतिहास जाने बिना ही अनर्गल बयानबाजी किये जाने का आरोप लगाते हुए इसे भटकाने का प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा कि कुड़मी समाज अब जाग चुका है और कितनी ही बाधाएं आयें, वह अपना अधिकार लेकर ही रहेगा। इसके अलावा सभा में आंदोलन की आगे की रूपरेखा भी तैयार की गयी एवं संगठन के आगे के कार्यक्रमों पर भी विचार किया गया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने कहा कि झारखंड राज्य बनने के तीन वर्ष बाद, 23 नवंबर 2004 को अर्जुन मुंडा सरकार ने कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की अनुशंसा की थी। वर्तमान में अर्जुन मुंडा स्वयं केंद्र सरकार में आदिवासी मंत्रालय के मंत्री हैं। उन्होंने पिछले दिनों 12 जनजातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाया, लेकिन 2004 में स्वयं द्वारा अनुशंसित कुड़मियों को छोड़ दिया। इसीलिए आज हम आंदोलन को बाध्य हैं। इसी तरह कार्यक्रम में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे।

# गृह मंत्री अमित शाह से मिले भाजपा महानगर अध्यक्ष, स्मृति चिह्न किया भेंट




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** चाईबासा स्थित टाटा कॉलेज मैदान में विजय संकल्प महारैली के दौरान देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने मुलाकात की। मौके पर उन्होंने कोल्हान विजयी के प्रतीक रूप में आकर्षक स्मृति चिन्ह भेंट की। गुंजन यादव ने कहा देश के यशस्वी गृह मंत्री एवं पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का मार्गदर्शन मिलना सदैव उत्साहित करता है। मौके पर जमशेदपुर महानगर के हजारों भाजपा कार्यकताओं ने चाईबासा में विजय संकल्प महारैली में भाग लिया।

# दूसरे दिन भी जारी रही अधिवक्ताओं की हड़ताल



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बार काउंसिल के निर्देश पर विभिन्न मांगों को लेकर जमशेदपुर के अधिवक्ता दूसरे दिन भी न्याय कार्य से अलग रहे। शनिवार को जिला बार संघ में तदर्थ समिति के अध्यक्ष लाला अजीत अंबास्टा सहित सभी अधिवक्ता कोर्ट के काम से अपने आप को अलग रखा। मौके पर उन्होंने बताया अधिवक्ताओं का 4 शुत्री मांगो को लेकर पूरे झारखंड में अधिवक्ता दो दिनों के हड़ताल पर हैं। दूसरे दिन भी जमशेदपुर कोर्ट में किसी भी प्रकार का केशों की सुनवाई नही हुई।

उन्होंने बताया राज्य बार काउंसिल के द्वारा आहूत पूर्व के सूचना के अनुसार न्यायिक काम से अलग है। उन्होंने बताया राज्य बार काउंसिल के नियमावली को मानते हुए रविवार को जिला बार संघ के प्रतिनिधि राज्य बार काउंसिल के चेयरमैन के द्वारा बुलायी गयी बैठक में शामिल होंगे। मौके पर कोर्ट परिसर में जिला बार संघ में तदर्थ समिति के अध्यक्ष लाला अजीत कुमार अंबेस्ट के साथ अधिवक्ता अक्षय कुमार झा, संजीव रंजन बरियार, हेमंत कुमार, मिथिलेश कुमार,रमेश प्रसाद, मनोज पांडे, अनिल वर्मा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। वही बार काउंसिल के द्वारा निर्गत दो दिवसीय हड़ताल का काउंसिल के मेंबर अनिल तिवारी ने अनियमित एवं अनैतिक बताया। उन्होंने बताया बार कौंसिल को कुछ लोग गलत तरीके से इस्तेमाल करने का प्रयास में लगे है, जोकि सरासर गलत है। उन्होंने दो दिवसीय हड़ताल के निर्णय को अनियमित एवं अनैतिक बताया। उन्होंने कहा बार काउंसिल के द्वारा कोई भी निर्णय के पूर्व बैठक कर आगे की कार्रवाई की जाती है। लेकिन इतने बड़े फैसले में बार काउंसिल के मेंबर होने के नाते कोई सूचना नहीं मिली।

# यूनियन ने टाटा मोटर्स के 12 रिटायर कर्मचारियों को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित विदाई समारोह में 12 सेवानिवृत्त कर्मचारी मे ट्रांसमिशन के श्यामल कुमार मुखर्जी, ट्रांसमिशन हीट ट्रीटमेंट से रवि शंकर सिंह, फ्रेम फैक्टरी से एके भौमिक, दीपक कुमार सिंह, के अप्पा राव, मदन गोस्वामी, वेहिकल फैक्ट्री से अशोक कुमार राउतरे, एसएन राव, एक्सल डिवीजन से रंजीत कुमार पात्रो, किशोर कुमार, राधेश्याम मिश्रा और परशुराम सिंह अपने परिवार के साथ शामिल रहे। इस अवसर पर महामंत्री आरके सिंह ने बताया सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी अपना बहुमूल्य समय इस कंपनी को आगे बढ़ाने में दिया है। आप सभी के योगदान से टाटा मोटर्स कई प्लांट स्थापित कर पाई है। टाटा मोटर्स दुनिया में बेहतर वाहन बनाने वाली कंपनी में एक है। उन्होंने बताया आप सब का आने वाला जीवन सुखमय हो,आप स्वस्थ रहें और आप सामाजिक कार्यों में अपनी तत्परता बढ़ाएं कामना करते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने सभी लोगों की स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा आप ज्यादा से ज्यादा समय अपने परिवार को दें, ताकि उनका जीवन खुशी-खुशी व्यतीत हो सके। जब भी आवश्यकता होगी यूनियन आपके लिए सदैव खड़ा है। समारोह का संचालन अशोक उपाध्याय और धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। मौके पर यूनियन के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनआइटी जमशेदपुर टेक्निका 2023 फेस्ट के दूसरे दिन 20 टीम ने प्रस्तुत किये शोध पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** एनआइटी जमशेदपुर में मेटलर्जी विभाग द्वारा जारी टेक्निकल फेस्ट टेक्निका 2023 के कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को मेटलमोर्फ प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रतिभागी विद्यार्थियों ने मेटल का माइक्रोस्कोप द्वारा अध्ययन कर दिए गए मेटल को पहचानने का प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शनिवार को रेटोरिक्स के अन्तर्गत दो सत्रों में विद्यार्थियों के 20 टीम ने शोध पत्र प्रस्तुत किये। वहीं आइपीएस के तहत आज प्रतिभागियों के 8 टीम ने उद्योग से जुड़े दिये गये समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया। शेष टीम कल प्रतियोगिता से जुड़ेंगे। वहीं 58 विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें उनके विज्ञान, प्रकृति, मेटलर्जी से संबंधित प्रश्नों के सवाल पूछे गये। विज्ञान के साथ संस्कृति का समन्वय करते हुए संध्याकाल में प्रतिभागियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ।

विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के पूर्व सलाहकार डॉ माहेश्वरी, एनआइटी के पूर्व प्राध्यापक डॉ बीएन प्रसाद, एनएमएल के वैज्ञानिक डॉ शर्मा पासवान एवं डॉ गोपी मंडल, डॉ बिराज साहू, टाटा स्टील के धीरेंद्र प्रसाद ने विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में सवाल पूछे और उनके शंका का समाधान किया। रविवार को फेस्ट का अंतिम दिन है, कल मेटल क्विज में विद्यार्थियों के साथ- साथ उद्योग से जुड़े युवा अभियंता भी भाग लेंगे। साथ ही उद्योग जगत से जुड़े एचआर विद्यार्थियों का मॉक इंटरव्यू लेंगे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी का नेत्र ज्योति महायज्ञ-2023 आरंभ

# 670 रोगियों की आंखों की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** इंसान की सेवा में ही परमार्थ निहित है। इससे बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं है और न ही इसे बड़ा कोई धर्म कार्य। यहां बड़ी संख्या में जो बुजुर्ग हैं और उनकी जो यहां सेवा की जा रही है, लोग उसे याद करेंगे और सराहना करेंगे। इतना उत्साह जो यहां दिख रहा है, वह बताता है कि यहां उपस्थित कार्यकताओं ने यहां से जुड़े लोगों ने इसे काम नहीं समझा है, इसे दूसरों की सेवा भावना के लिए किया जा रहा उपक्रम समझा और तन मन से इसे कार्य को पूरे उत्साह के साथ कर रहे हैं। उक्त विचार झारखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सह आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने यहां राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी व रेड क्रॉस के पेट्रन रहे स्व केके सिंह की पुण्यस्मृति में आयोजित नेत्र ज्योति महायज्ञ के उद्घाटन के दौरान व्यक्त किया।

उन्होंने स्व केके सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज न सिर्फ उनका परिवार, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग में उनकी छवि महान व्यक्तियों में हैं। उन्होने समाज के लिए बहुत कुछ किया और अब उनके बाद उनके बाद की पीढ़ी ने भी वही मार्ग चुना है, जो प्रेरणा का स्त्रोत है। इससे पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष रेड क्रॉस पियूष सिन्हा, समाजसेवी एके श्रीवास्तव, अरुण बांकरेवाल, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, रेड क्रॉस सोसाइटी के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर नेत्र ज्योति महायज्ञ-2023 का पारम्परिक उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में एसडीओ श्री सिन्हा ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यकताओं की संस्था है और यहां पदाधिकारी नहीं सभी कार्यकर्ता के रूप में अपने काम से जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि यहां जो सेवा कार्य हो रहे हैं वही रेड क्रॉस का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को नेत्र शिविर का लाभ उठाना चाहिए।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## वेबसाइट पर प्रसारित हो रहे अश्लील वीडियो पर लगाने के लिए अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा मांग पत्र



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई द्वारा स्थानीय नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मचंद्र लाल अग्रवाल को महाविद्यालय के वेबसाइट पर प्रसारित हो रहे अश्लील वीडियो पर रोक लगाने के संबंधित मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से महाविद्यालय के वेबसाइट पर पिछले 24 घंटे से ज्यादा समय से वेबसाइट खोलने पर अश्लील वीडियो का लिंक खुल रहा है। यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत चिंतनीय विषय है। इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए महाविद्यालय प्रशासन को तत्काल दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए एवं महाविद्यालय की वेबसाइट को तुरंत बंद करते हुए सुधार के बाद उसको पुनः विद्यार्थी हित में चालू करना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला सह संयोजक कुमार शुभेन्द्र, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम तिवारी, रॉबिन कश्यप, पंकज चौबे, पुरुषोत्तम सिंह चंदेल, शिवम चौबे, सोनू गुप्ता, राजन कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मकरी गांव निवासी ने बीडीओ के खिलाफ एसपी को आवेदन देकर जानमाल की सुरक्षा की लगायी गुहार

**सगमा (आजाद सिपाही)।** बीडीओ के खिलाफ प्रखंड अंतर्गत मकरी गांव निवासी ने पुलिस अधीक्षक के पास आवेदन देकर अपनी जानमाल की सुरक्षा का गुहार लगायी है। एसपी को दिए आवेदन में कहा गया है मैं सोनू कुमार पिता महेंद्र कुशवाहा ग्राम मकरी, प्रखंड सगमा, थाना धुरकी का रहने वाला हूं। बीते 22 नवम्बर 2022 को सगमा बीडीओ सह अंचल पदाधिकारी सत्यम कुमार के पास अपनी जमीन का नया प्लाट ऑन लाइन कराने के लिए केवाला लेकर गया था। केवाला ऑन लाइन कराने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग की गयी। इसके बाद मैं बोला कि इतना पैसा मेरे पास नहीं है। इतना पैसा देने में मैं असमर्थ हूं कुछ कम कर देते तो कृपा होती। इसे सुनते ही सीओ सत्यम कुमार आग बबूला हो गए बोले कि नेतागिरी मत करो, इससे एक पैसा भी कम नहीं लगेगा। फिर भी मैंने उनसे विनती की तो उन्होंने मुझे बुरा-भला कहते हुए कहा कार्यालय से जल्दी बाहर निकल जाओ नहीं तो गार्ड से धक्का देकर बाहर करवा दूंगा। ज्यादा बोलोगे तो इसी कार्यालय में खन कर गाड़ दूंगा। इसे सुनकर मैं भागकर अपने घर चला आया। इस घटना के बाद मैंने 26 नवम्बर 2022 को अनुमंडल कोर्ट श्री बंशीधर नगर से वकालत नामा नोटिस भिजवाया हूं, जिसकी छाया प्रति मेरे पास उपलब्ध है। इसी प्रतिशोध में आकर सीओ सगमा सत्यम कुमार के द्वारा धुरकी थाना में मेरे ऊपर गलत आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराकर परेशान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक महोदय से आग्रह है कि इसकी जांच कर मुझे न्याय दिलाने की कृपा की जाए।

## आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए तीसरे दिन भी चलाया गया सघन सर्च अभियान



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए चल रहे अभियान के आज तीसरे दिन बहुचर्चित वन्य प्राणी विशेषज्ञ टीम व स्थानीय वन कर्मी शूटर नवाब शफत अली खान के नेतृत्व में भंडरिया वन क्षेत्र व रमकंडा वन क्षेत्र मे पैट्रोलिंग करते हुए सघन सर्च अभियान चलाया। भंडरिया थाना क्षेत्र के रोदो गांव में तेंदुए के द्वारा घटित पहली घटना के स्थान पर शुक्रवार की शाम एक महिला के द्वारा तेंदुए को देखे जाने की सूचना मिलने पर विशेषज्ञ टीम रोदो गांव पहुंची। जहां टीम के द्वारा हल्का कुछ पगमार्क मिले जाने की पुष्टि गई। जानकारी देते हुए वनरक्षी तुषार कुमार ने बताया कि रोदो गांव में एक महिला के द्वारा तेंदुआ देखे जाने के सूचना मिली थी। उक्त सूचना के आलोक में टीम ने रोदो गांव पहुंच उस स्थल का मुआयना किया तो उन्हें कुछ हल्का पगमार्क मिला। जिसके बाद रोदो गांव में ट्रिपिंग कैमरा के साथ-साथ पिंजरे में सूअर बांध कर लगा दिया गया है। रात में भी शिकारी वाहन व सर्च लाईट की मदद से अभियान चलाया जा रहा है।

**बैठक : भाजयुमो ने झारखंड प्रदेश प्रभारी के आगमन पर तैयारियों को लेकर की चर्चा**

# भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए दिन-रात कर रहे हैं काम : रितेश चौबे

**विकास तिवारी बनाये गये गोवावल मंडल भाजयुमो अध्यक्ष**

**गोवावल मंडल में भाजयुमो संगठन विस्तार के लिए जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी को बनाया गया प्रभारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक के दौरान विकास तिवारी को गोवावल मंडल अध्यक्ष बनाया गया एवं गोवावल मंडल में भाजयुमो संगठन विस्तार के लिए जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी को प्रभारी बनाया गया। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रम 9 जनवरी को झारखंड के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी के आगमन पर तैयारी को लेकर चर्चा हुई।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। गोवावल मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष विकास तिवारी के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का आगमन को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए हैं। संगठन की ओर से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश प्रभारी के आगमन पर भाजयुमो कार्यकर्ता जोरदार स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजयुमो द्वारा गढ़वा जिला में सभी मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने को लेकर सभी मंडल को सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता युवाओं के भविष्य को लेकर दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक संगठन से युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार के खिलाफ युवाओं में काफी आक्रोश है। युवाओं का झामुमो सरकार से मोह भंग हो चुका है। हेमंत सरकार ने गलत नियोजन नीति बनाकर युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। झारखंड में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गयी है। युवा त्राहिमाम कर रहे हैं।

बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, जिला मंत्री संजय जायसवाल, मीडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, अजीत तिवारी, रुपेश दूबे, अरविंद प्रजापति, बिपिन तिवारी, अनीत तिवारी, प्रिंस तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।



## भाजपा प्रदेश प्रभारी का 9 जनवरी को गढ़वा आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह : जिला अध्यक्ष



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी का आगामी 9 जनवरी को गढ़वा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच काफी उत्साह बना हुआ है। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने दी। साथ ही बताया कि श्री वाजपेयी के कार्यक्रम से जिला संगठन के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को मजबूती मिलेगी। आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरी शक्ति के साथ मैदान में उतरेगी। डॉ लक्ष्मी कांत का अनुभव का लाभ गढ़वा जिला संगठन एवं पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को मिलेगा। जिला महामंत्री संतोष दुबे ने बताया कि उक्त बैठक में सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश के नेता, जिला के पदाधिकारी एवं जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल के अध्यक्ष एवं महामंत्री एवं सभी मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री उक्त बैठक में भाग लेंगे। जो उत्सव गार्डन नवादा मोड़ गढ़वा में 11:00 बजे से प्रारंभ होगा एवं गढ़वा नगर मंडल कार्य समिति की बैठक में भाग लेंगे एवं एक बूथ पर कमेटी के साथ भी बैठक करेंगे। प्रमुख लोगों से मिलना-जुलना भी होगा एवं रात्रि में विश्राम करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी कार्यकर्ताओं के बीच काफी उत्साह एवं हर्ष देखा जा रहा है। प्रेस वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी रिंकू तिवारी भी उपस्थित थे।

# बिशुनपुरा प्रखंड के चार गांवों में क्षत्रिय महासभा कमेटी का विस्तार



**जिले में कमेटी का विस्तार कर समाज को संगठित एवं उत्थान के लिए किया जा रहा है कार्य : विनय सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुरा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के बैनर तले बंशीधर नगर अनुमंडलीय इकाई के द्वारा प्रखंड के कोचेया, अमहर, सोनडीहा तथा संध्या गांव में कमेटी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फलेन्द्र प्रताप देव तथा मंच का संचालन आशुतोष सिंह ने किया।

इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अनुमंडलीय कोषाध्यक्ष विनय सिंह सिंह ने कहा कि जिले में कमेटी का विस्तार कर समाज को संगठित एवं उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों के आदर्श पर चलने एवं समाज में फैल रही दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने की जरूरत है। समाज के आर्थिक, शैक्षिक और विकास की दृष्टि से पिछड़े परिवारों को सशक्त बनाना महासभा का पहला लक्ष्य है।

वहीं कोचेया, अमहर, सोनडीहा, संध्या सभी ग्राम कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें सोनडीहा अमहर से महासभा अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, सचिव अभिजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, संरक्षक नंदकिशोर सिंह, प्रदुमन सिंह, ददन सिंह, अटल सिंह। वहीं कोचेया संध्या से महासभा अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, सचिव यशवंत प्रताप देव, कोषाध्यक्ष रविंद्र प्रताप, उपाध्यक्ष गौरव प्रताप देव, संरक्षक उदय प्रताप देव, राजेंद्र प्रताप देव, भीम सिंह, अरविंद प्रताप देव को बनाया गया। मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट बंशीधर नगर अनुमंडलीय इकाई के अध्यक्ष इंदल सिंह, सचिव बंगाली सिंह, संरक्षक विजय सिंह, ललन देव, देवेन्द्र सिंह, दादुल प्रताप देव, श्याम वरण सिंह, बिनोद कुमार देव, मुखिया ललित नारायण सिंह, लालबहादुर सिंह, बलवंत प्रताप देव, रूपेश कुमार सिंह, बंटू सिंह, देवेन्द्र सिंह, चंचल प्रताप देव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# युवाओं के आदर्श हैं स्वामी विवेकानंद : प्राचार्य

**युवा सप्ताह के अंर्तगत एसपीडी कॉलेज में निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड के निदेर्शानुसार शनिवार को स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय परिसर में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। मौके पर दोनों प्रतियोगिताओं से तीन-तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया।

मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 ई. में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्हें प्रमुख रूप से उनके भाषण की शुरुआत मेरे अमेरिकी भाइयों एवं बहनों के साथ करने के लिए जाना जाता है। उनके संबोधन के इस प्रथम वाक्य ने सबका दिल जीत लिया था। स्वामी विवेकानंद बड़े स्वपन्द्रष्टा थे। उन्होंने एक नये समाज की कल्पना की थी। ऐसा समाज जिसमें धर्म या जाति के आधार पर मनुष्य-मनुष्य में कोई भेद नहीं रहे।

इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर इस वर्ष 6 से 12 जनवरी तक युवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत आज निबंध प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

भाषण प्रतियोगिता में अंजली कुमारी प्रथम, विनीत चौबे द्वितीय तथा दीपिका कुमारी तृतीय रहीं। वहीं निबंध प्रतियोगिता में पुनीत चौबे प्रथम, अंजली कुमारी द्वितीय।

इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी ने कहा कि युवा राष्ट्र के भविष्य होते हैं। स्वामी विवेकानंद की जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक प्रो. खोदा बक्श अंसारी ने किया। इस मौके पर प्रो. संजीव मिश्रा, प्रो. उमेश सहाय, नीजर श्रीधर आदि उपस्थित थे।

# विद्यालय से 8वीं कक्षा की दो छात्राएं हुईं लापता

**आक्रोशित अभिभावकों व ग्रामीणों ने सुंडी विद्यालय में की ताला बंदी**

**पुलिस के आश्वासन के बाद खुला स्कूल का ताला**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी थाना क्षेत्र के सुंडी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी में पढ़ने वाली दो छात्राएं अपने विद्यालय के शिक्षक से शुक्रवार को लंच से पहले छुट्टी लेकर पेट दर्द की दवा लेने के नाम पर विद्यालय से निकली थीं, जो दूसरे दिन शनिवार को भी अपने घर नहीं पहुंची। जिसकी जानकारी अभिभावकों को दी गयी। लापता दोनों छात्राओं की खोजबिन परिजन के द्वारा की गयी लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

आक्रोशित परिजन व स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह विद्यालय में पहुंच कर शिक्षक से पूछताछ की। लेकिन कोई संतोषजनक जबाब नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय में तालाबंदी कर दी एवं दोनों छात्राओं की सुरक्षित वापस बुलाने की मांगने करने लगे।

घटना की जानकारी ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने खरौंधी थाना प्रभारी को दूरभाष पर दी। घटना की जानकारी पाकर थाना प्रभारी अभय कुमार ने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शिक्षक एवं विद्यार्थियों से पूछताछ की। थाना प्रभारी अभय कुमार ने आक्रोशित अभिभावकों एवं ग्रामीणों को दोनों छात्राओं को सुरक्षित लाये जाने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद अभिभावक एवं ग्रामीण शांत हुए एवं विद्यालय को ताला को खुलवाया गया, तब जाकर 12 बजे के बाद पठन-पाठन कार्य प्रारंभ हुआ।

इधर अभिभावकों ने खरौंधी थाना प्रभारी को आवेदन देकर अपनी लड़की की खोजबीन करने का आग्रह किया। लापता छात्राओं के अभिभावकों ने कहा कि मेरी बेटी विद्यालय पढ़ने गई थी लेकिन स्कूल से गायब हो गयी। शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे हमलोगों को जानकारी मिली।

इसके बाद से ही खोजबिन की जा रही है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। अभिभावकों ने अपनी बच्ची को सुरक्षित घर बुलाने की मांग प्रशासन से की है।

विद्यालय के प्रधानध्यापक गोविंद उरांव ने बतया कि दोनों छात्राएं बारी-बारी से पेट दर्द की दवा खाने के नाम पर शिक्षक से छुट्टी लेकर गई थी, लेकिन पुनः विद्यालय नहीं पहुंची और ना ही घर गयी हैं। विद्यालय परिवार की ओर से भी दोनों छात्राओं की खोजबीन की जा रही है।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय कुमार पांडेय ने बताया कि बीआरपी को विद्यालय में भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## आर्म्स एक्ट के एक आरोपी सहित तीन को पुलिस ने भेजा जेल

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने शनिवार को आर्म्स एक्ट, उत्पाद अधिनियम तथा एक वारंटी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी अवधेश राम उर्फ अवधेश कुमार रवि उर्फ गुड्डू राम (31) पिता सरयु राम को उसके घर से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार अवधेश के ऊपर पंचायत चुनाव के दौरान मतदान कर्मियों के साथ मारपीट करने, मत पेटी तथा आर्म्स लूटने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। दूसरा उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी अभियुक्त भोला साव (37) पिता रामजतन साव को दुलदुलवा गांव उसके घर से गिरफ्तार किया गया। साथ ही पुराने केस के वारंटी भोला साव (52) पिता स्व. सीता साव को पेसका उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**खेलकूद : 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 16वें दिन महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन**

# बीएनटी, ज्ञान निकेतन व शांति निवास ने अपने-अपने मैच जीते

**मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेल चंपा की सिमरन सिंह, बीएनपी संत मैरी की रंजनी और शांति निवास उवि की रिमझिम को मिला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 16वें दिन महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन बिशुनपुरा के अंचलाधिकारी निधि रजवार, गढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा, प्रतियोगिता के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा और उपाध्याय अशोक विश्वकर्मा ने टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

महिला क्रिकेट प्रतियोगिता राउंड रोबिन लीग के आधार पर खेले जा रहे मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने स्कूल ब्राइट फ्यूचर को तीन विकेट से, ज्ञान निकेतन बेलचांपा की टीम ने आरके पब्लिक स्कूल को दस विकेट से और शांति निवास हाई स्कूल की टीम ने आरके पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से हराकर अपने पूरे अंक अर्जित किये।

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में बीएनपी संत मैरी ने टॉस जीतकर स्कूल ब्राइट फ्यूचर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया स्कूल ब्राइट फ्यूचर के खिलाड़ियों ने निर्धारित ओवरों में गुलप्श के 11 और अंजलि के 10 रन के सहयोग से 4 विकेट खोकर 49 रन बनाए।रंजनी ने एक विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम रंजनी के 15 मई के सहयोग से सात विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। दूसरे मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शिल्पी के नाबाद 18 और कशिश के 15 रन की बदोलत निर्धारित ओवरों में दो विकेट खोकर 53 रन बनाए। ज्ञान निकेतन बेलचांपा की ओर से पिंकी ने एक विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन बेलचंपा के सलामी बल्लेबाज सिमरन और दिव्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बिना विकेट खोए अपनी टीम को दस विकेट से जीत दिला दी, सिमरन ने नाबाद 38 रन और दिव्या ने नाबाद 18 रन बनाएं। तीसरे मैच में आर के पब्लिक स्कूल की खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में शिल्पी के 19 और खुशी के 14 रनों के सहयोग से छह विकेट खोकर 60 रन बनाएं शांति निवास की ओर से सेजल ने दो विकेट झटके। 61 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उत्तरी रिमझिम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 33 रन और अनुप्रिया के 13 रनों के सहयोग से दो विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। आर के पब्लिक स्कूल की ओर से शिल्पी ने दो विकेट प्राप्त किये। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेल चंपा की सिमरन सिंह बीएनपी संत मैरी की रंजनी और शांति निवास उच्च विद्यालय की रिमझिम को बिशनपुरा के सीईओ निधि रजवार, गढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा ने प्रदान किया।

इस मौके पर बिशुनपुरा अंचलाधिकारी सह जिला दण्डाधिकारी निधि रजवार ने कहा कि आज के दौर में बेटियां बोझ नहीं बल्कि वरदान हैं। राष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेरने वाले महिला खिलाड़ियों के लिए झारखण्ड की भूमि उर्वरा रही है। उन्होंने जिले की अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से जिले की प्रतिभा सामने आएगी। जिन्हें प्रशिक्षण देकर और बेहतर बनाया जा सकता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा ने कहा कि गढ़वा में लड़कियों को चौके छक्के मारते देखना काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए क्रिकेट में आगे बढ़ने की असीम संभावनाएं हैं आप सभी लोग क्रिकेट खेलना शुरू किए हैं तो आप लोग अपना लक्ष्य तय कर खेलें वहीं उन्होंने अभिभावकों से आपने बेटियों को खेल में आगे लाने की भी बात कही।

अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि बेटियां यह साबित करेंगी कि वह कहीं से भी लड़कों से कम नहीं हैं। अशोक विश्वकर्मा ने प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करने की बात कही। मौके पर सह सचिव प्रेम सोनी, सुमित मिश्रा प्रवीण मिश्रा नवनीत दुबे अभिषेक द्विवेदी आलोक सूर्या आदित्य, पंकज सोनी, मुकेश कुमार सिन्हा, अजीत सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे। अंपायर की भूमिका मनीष उपाध्याय और शुभम ने निभाई वही स्कोरर की भूमिका विशाल कुमार ने निभाया।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**

**(पर्यटन शाखा)**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

कोडरमा जिला में पर्यटकों को आकर्षित करने एवं पर्यटन सीलों के बारे में आमजनों को जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कोडरमा जिला के पर्यटन स्थलों का विवरण अंकित करते हुए निम्न संख्या में हैंगिंग कैलेण्डर, टेबल कैलेण्डर एवं डायरी का मुद्रण कराया जाना है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | हैंगिंग कैलेण्डर | – 1000 अदद् |
| 2. | टेबल कैलेण्डर | – 500 अदद् |
| 3. | डायरी | – 500 अदद् |

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक मुद्रक / निविदादाता नीचे अंकित शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

शर्त :–

1. निविदा दिनांक 16–01–2023 के अपराह्न 2:00 बजे तक जिला पर्यटन कार्यालय, कोडरमा में समर्पित करना होगा। प्राप्त निविदा को उसी दिन अपराह्न 4:00 बजे समाहरणालय सभा कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।
2. इच्छुक मुद्रक / निविदादाता द्विलिफाफा प्रणाली में अपना दर समर्पित करेंगे।
3. तकनीकी बीड के लिफाफा में निम्न कागजात समर्पित करेंगे :–
   क. मुद्रक का आधार कार्ड एवं पैन कार्ड
   ख. मुद्रक का जी.एस.टी. में पंजीयन संबंधी कागजात
   ग. काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी नोटरी का शपथ पत्र
   घ. 10,000.00 (दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट, जो जिला पर्यटन पदाधिकारी, कोडरमा के नाम से रहेगा और कोडरमा में भुगतेय होगा।
   ङ. विगत तीन वर्षों का आयकर विवरणी।
4. वित्तीय बीड के लिफाफा में मुद्रण का दर अंकित करेंगे।
5. तकनीकी बीड में योग्य पाये जाने के उपरान्त ही संबंधी निविदादाता का वित्तीय बीड खोला जायेगा।
6. निविदादाता क्रय समिति के समक्ष मुद्रण किये जाने वाली सामग्रियों का नमूना प्रस्तुत करेंगे।
7. निविदा को आंशिक संशोधित करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

PR 286925 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (22-23)_D

ह0/–
उपायुक्त, कोडरमा

## कैरो में गुरुगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विधालय बी आर सी भवन में जयमंगल लोहरा के अध्यक्षता में प्रखंड के प्रधान शिक्षकों का गुरुगोष्टि कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुगोष्टी के माध्यम से प्री मैट्रिक छात्रवृति की अघतन स्थित की समीक्षा किया गया एवं जवाहर नवोदय विधालय प्रवेश परीक्षा में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को सामिल करने, विद्या वाहिनी में सभी प्रकार की प्रविष्टि ससमय करने,मध्यान भोजन में पौष्टिक भोजन देने, शिक्षकों का उपस्थिति बायोमैट्रिक से रोजना करने, विद्यालय का रंग रोगन साफ सफाई शौचालय आदि की व्यवस्था को दुरुस्त करने, आधार सीडिंग कराने, ज्ञान सेतु,बुनयादी शिक्षा एवं छात्राओं को आयरन की गोली देने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रकाश शाहदेव, नीलेश कुमार, पोली एक्का, शैलेन्द्र कुमार, नंदकिशोर कुमार, शंकर साहू,अमरेंद्र यादव, दिलीप सिंह, ताज मोहमद आदि भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## पीएम आवास लाभुकों को सम्मानित

**कैरो।** बीडीओ ने कहा कि नौ जनवरी को नगड़ा बरवाटोली में शिविर लगाकर प्रखंड के ऐसे पीएम आवास लाभुक जो निर्माण कार्य पूर्ण के चुके हैं। उनको सम्मनित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड में 4200 पीएम आवास निर्गत हुआ था। जिसमें 3600 लाभुक निर्माण कार्य पूर्ण कर चुके हैं। ऐसे लाभुक जो डमी रहते आवास निर्माण कर चुके हैं। उनको सम्मनित किया जायेगा।

### कार्यक्रम : उपायुक्त की अध्यक्षता में विकास समन्वय समिति की बैठक हुई

# एक महीने के भीतर शत प्रतिशत मानव दिवस के लक्ष्य को पूर्ण करें : उपायुक्त

**मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लक्ष्य प्राप्त करने का निदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों को प्रेषित जनता मिलन के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गयी। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में पेशरार और भंडरा प्रखंड को एक माह के अंदर सौ प्रतिशत मानव दिवस के लक्ष्य को प्राप्त करने का निदेश दिया गया। पोटो हो खेल विकास योजना में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को एससीए मद से होनेवाले कार्य को जल्द संपन्न कराये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में योजना की पूर्णता, नीलांबर-पीतांबर जल




समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजनाओं की समीक्षा की गयी और आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल के द्वारा पीसीसी पथ, आरसीसी पुलिया, विज्ञान केंद्र में टॉयलेट व हॉल निर्माण, कस्तूरबा बालिका विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण समेत कुल 42 योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। लघु सिंचाई प्रमंडल के पेशरार के मक्का स्थित जलसहिया नाला में चेकडैम, पनपिया नाला में चेकडैम निर्माण, कुडू में पोटपोटा नाला में चेकडैम एवं मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा और आवश्यक निदेश दिये गये। जिला अभियंता के द्वारा किये जा रहे पाखरगढ़ा में पीसीसी पथ, बीएस कॉलेज में छात्रावास, रनिंग वाटर फैसलिटी समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी। आपूर्ति विभाग अंतर्गत सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना में कुडू, भंडरा और पेशरार बीडीओ को उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने का निदेश दिया गया। धान अधिप्राप्ति अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए किसानों से धान की अधिप्राप्ति ससमय कर लिये जाने का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में भी लक्ष्य प्राप्त करने का निदेश दिया गया। कृषकों को सत्यापन करने के दौरान सत्यान का वीडियो, जियोटैग वाली फोटो कराने का निदेश दिया गया।

पशुपालन अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और गव्य विकास योजना की समीक्षा की गयी। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पशुधन विकास योजना में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध 332 लाभुकों का भुगतान किया जा चुका है, अन्य का पे-आईडी बनाने की प्रक्रिया अगले सप्ताह पूर्ण हो जायेगी। इसी प्रकार गव्य विकास योजना में 165 के लक्ष्य के विरूद्ध 65 लाभुकों का भुगतान हो चुका है। बैठक में मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत इस वर्ष नये तालाब निर्माण और तालाब जीर्णोद्वार को लेकर चर्चा हुई जिसमें वन विभाग को 05 नये तालाबों के निर्माण हेतु स्थल चयन कर प्रस्ताव देने का निदेश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, एसडीओ समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी, बीडीओ, अंचल अधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## वाहन की चपेट में आने से वृद्ध घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर देर शाम लोहरदगा तरफ से आ रहा मोटरसाइकिल नंबर जेएच 01 सीटी 3735 ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दिया जिसे वृद्ध घायल हो गया। जानकारी के बंसरी ग्राम निवासी स्व मसीहकिरण बखला का 60 वर्षीय पुत्र निर्झर बखला को बाइक सवार ने सामने से धक्का मार दिया जिसे वृद्ध निर्झर बखला गिर कर घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल व्यक्ति को 108 वाहन के माध्यम से इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के हेसवे निवासी मनीष तिर्की का पुत्र मोटर साइकिल सवार लेंसन तिर्की अनियंत्रित हो बाइक से गिर गया। परन्तु हेलमेंट पहने के कारण चोटिल होने से बच गया।

## बेल्जियम से आये छात्र-छात्राओं ने डीसी से की मुलाकात

**लोहरदगा।** बेल्जियम से लोहरदगा आये 24 छात्र-छात्राओं का दल उपायुक्त से मिला और जिला में विकास कार्यों की जानकारी ली। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त द्वारा छात्र-छात्राओं को जिले मे चल रहे विकास कार्यों, जिला व झारखण्ड की संस्कृति की जानकारी दी और अपने प्रशासनिक कार्यों के अनुभव साझा किये। बेल्जियम से आये छात्र-छात्राओं का दल दो दिनों तक लोहरदगा में रहेगा और लिवेन्स एकेडमी लोहरदगा में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, विद्यालय के प्राचार्य व अन्य उपस्थित थे।




## कैरो में वाहन चेकिंग अभियान चला

**कैरो/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के कैरो चट्टी मुख्य पथ पर खंडा के समीप शनिवार को कैरो थाना एसआई ऋषि कांत शर्मा के अगुवाई में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गयी। वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट और डिक्की आदि की भी जांच की गयी। इस दौरान हेलमेंट नहीं पहनने व वाहन से संबंधित कागजात लेकर नहीं चलने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गयी। इस मौके पर थाना के दलबल मौजूद थे।



## ओवरलोड चलने वाले ट्रकों को शीघ्र बंद कराये प्रशासन : एसोसिएशन

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आंनर एसोसिएशन प्रशासन से यह मांग करती है कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन से खाद्यान्न का उठाव किया जा रहा है उन गाड़ियों को कुडु, गुमला सहित अन्य क्षेत्रों में खाद्यान्न भेजा जा रहा है जिसमें जबरदस्त ओवरलोडिंग की जा रही है। 12 टन क्षमता के वाहन पर 24 टन लोड कर भेजा जा रहा है और जिस गाड़ी की 20 टन क्षमता है उसमें 35-40 टन माल भेजा जा रहा है और यह सारा खेल प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा कहीं ना कहीं इसमें गुमला- लोहरदगा के पदाधिकारियों की मिलीभगत नजर आती है। जबकि बॉक्साइट में चलने वाले सभी ट्रक अंडरलोड (क्षमता अनुसार) चलते हैं। उसके बाद भी पदाधिकारी सिर्फ बॉक्साइट ट्रक को टारगेट करते हैं। इसलिए लोहरदगा गुमला ट्रक आंनर एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि खाद्यान्न उठाव में ओवरलोड (क्षमता से अधिक) माल ढुलाई करने वाले ट्रकों को रोका जाए अन्यथा लोहरदगा गुमला ट्रक आंनर एसोसिएशन के सदस्य सड़क पर उतरकर वैसे ट्रकों को रोक कर प्रशासन को कानूनी कार्रवाई करने के लिए सौंपेगे।

## हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन अपराधियों को गिफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि शुक्रवार को शाम में सूचना मिली की तीन लोग हथियार के साथ भौरों बेदाल मुख्य पथ के पास हथियार के साथ देखा गया है ।सूचना मिलते ही एसआई विकास विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम बना कर भेजा गया। टीम ने भौरों गांव से तीनों युवकों को एक देशी कट्टा के साथ तीन लड़के आकाश कुमार महतो पिता सुदामा महतो, सुनील महतो पिता प्रेम महतो, दोनो साकिन बेदाल एवं आलोक साहू पिता स्व परमेश्वर साहू ग्राम भौरों को गिरफ्तार कर थाना लाया और पूछताछ के बाद शनिवार को भंडरा थाना कांड संख्या -01/23, धारा - 25(1-बी)/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा दिया।

## प्रेम प्रंसग में किशोरी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या की

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के जमगाई बड़ा टोली निवासी सुकरू उराँव की 15 वर्षीय पुत्री सुनीता उरांव जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना भंडरा पुलिस को दिया गया। मौके पर भंडरा पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। मिली जानकारी के मुताबिक लड़की प्रेम प्रसंग के मामले में जहर खाई है। 06 जनवरी को शाम में लड़की घर के बाहर छिपकर कीटनाशक दावा का सेवन कर ली। कुछ घंटे बाद लड़की को चक्कर आने लगा तो लड़की ने घर जाकर अपने परिजनों को जहर खाने की बात बतलाई जिसके बाद परिजनों ने तुरंत लोहरदगा सदर अस्पताल ले गए और एडमिट कर इलाज करा रहे थे। 07 जनवरी को इलाज के दौरान लड़की की मौत हो गयी। इस मामले को लेकर भंडरा पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## मालवाहक पिकअप पलटा, कोई हताहत नहीं

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव ईंट भट्ठा के समीप देर रात हुई सड़क दुर्घटना में पिकअप वाहन पलट गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार लोहरदगा गुमला मुख्य पथ एन एच 143 ए पर मालवाहक पिकअप जे एच 01 सी जे 3130 अनियंत्रित हो आम पेड़ में जोरदार टक्कर मारा जिसमें पेड़ उखड़ गया और साथ ही गाड़ी पलट गया। घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस पहुंच घटना का जायजा लिया। मालवाहक पिकअप गुमला से कुडू जा रही थी। उसी दौरान मालवाहक पिकअप का आगे हिस्सा का मेन पत्ती टूटने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गया और पेड़ को टक्कर मारते हुए पलट गया। वही इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नहीं है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर डीसी ने की अधिकारियों के साथ बैठक, दिया दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में शनिवार को सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों समेत अन्य के साथ गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के दिन आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के संबंध में बैठक की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय में शहीदों/महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण 8.00 बजे पूर्वाह्न से 8.45 बजे के बीच किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा में झंडोतोलन 9.15 बजे पूर्वाह्न किया जायेगा। राष्ट्रीय गान उसुर्लाइन उच्च विद्यालय की छात्राओं द्वारा गाया जायेगा। समाहरणालय में झंडोत्तोलन 10.45 बजे पूर्वाह्न उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा किया




जायेगा। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डीआरडीए भवन परिसर, जिला परिषद, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में झंडोत्तोलन होगा। बीएस कॉलेज में होने वाले कार्यक्रम के लिए परेड में जिला पुलिस बल (पुरुष एवं महिला) की 1-1 टुकड़ी, सहायक पुलिस की 01, गृह रक्षा वाहिनी की 01 टुकड़ी, कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय की 01 टुकड़ी, राकेको नदिया उच्च लोहरदगा की 01 टुकड़ी, जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा की 01 टुकड़ी, लूथरन उच्च विद्यालय लोहरदगा की 01 टुकड़ी और उर्सलाइन बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा की 01 टुकड़ी भाग लेंगी। इसमें जनजातीय नृत्य व गायन की प्रस्तुति होगी। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, एसडीओ समेत सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, सभी बीडीओ व अन्य उपस्थित थे।

## नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत मिला अनुभव का अवसर

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत कक्षा बारहवीं के सुमित उरांव को एक दिन का प्राचार्य बनने का अवसर प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वर्ष एक छात्र एवं एक छात्रा को एक दिन का प्राचार्य बनाया जाता है। गत वर्ष छात्र श्रेणी में सुभाष कुमार असुर और छात्रा श्रेणी में प्रीति उरांव को यह मौका दिया गया था। और इस वर्ष एक अगस्त को छात्रा श्रेणी में अर्शिता कुमारी को एक दिन की प्राचार्य बनाया गया था। आज कक्षा बारहवीं के सुमित उरांव को अनुभव का अवसर दिया गया। उसके लिए प्राचार्य कक्ष में विशेष मेज लगाया गया था जहां से उसने महाविद्यालय में आरंभ से अंत तक सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया। आरंभ में वंदना सभा में दीप प्रज्वलन किया और समापन बेला में अपना अनुभव कथन भी रखा।

## विधवा पेंशन के लिए 5 वर्षों से दर दर भटक रही

**बारियातु।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत रूद ग्राम निवासी मुनिया मसोमात विधवा पेंशन के लिए बीते पांच वर्षों से दर दर भटक रही है। जानकारी देते हुए मसोमात मुनिया ने बताया कि 22 सितंबर 2018 को मेरे पति का अचानक निधन हो गया तब से मैं आज तक पेंशन के लिए बारियातु प्रखंड कार्यालय मे दर्जनों बार एंव, पंचायत में लगे शिविर और हाल ही में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविर में भी आवेदन दे कर थक चुकी हु प्रखंड कमीयो की लापरवाही के कारण आज तक पेंशन नहीं मीला। मेरे पति का निधन के बाद घर का बोझ मेरे उपर आ पड़ा मेरे परिवार में मै और तीन बेटी व एक छोटा बेटा कुल पांच सदस्य हैं। बेटी मनिषा कुमार उम्र 14 वर्ष मुस्कान कुमारी 12 वर्ष, मनिका कुमारी 10वर्ष व एक पुत्र राजदीप गंझु आठ वर्ष का भरण पोषण मेहनत मजदूरी कर करती हु और मेरा दुसरा अजिविका का कोई सहारा नहीं है। सरकार द्वारा चलायी जा रही कोई भी योजनाएं मेरे लिये लगता है कि नहीं है। ऐसे स्थीती में बच्चों का भरणपोषण के साथ साथ पढ़ाई लिखाई की समस्या जटिल होता जा रहा है।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में कई प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय रांची झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार एनएसएस जिला खेल कार्यालय तथा नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वधान में शनिवार को बनवारी शाहू महाविद्यालय कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके तहत पेंटिंग, निबंध, भाषण एवं क्यूज जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी, मालती कुमारी द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार बसंती कुमारी को मिला। वही जिला स्तरीय स्पोर्ट्स क्यूज में प्रियंका कुमारी प्रथम, खुशबू कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही चित्रकला में गुलबईस प्रवीण, अनिता कुमारी द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार नेहा कुमारी को प्राप्त हुआ। वही इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को निबंध भाषण पेंटिंग स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय 9 जनवरी को भेजा जाएगा। वही विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य स्तर पर एक 11 जनवरी को रांची भेजा जायेगा। वहीं इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी, जिला युवा खेल पदाधिकारी नेहरू युवा के कंचन कुमारी, नवल किशोर प्रसाद कार्यक्रम सह जिला नोडल पदाधिकारी, मनीष कुमार समेत अधिकारी शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।




## डीसी की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता की बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त के अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने एससीए मद से बनाये जा रहे पीसीसी पथ, पुल-पुलिया, विद्यालय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त लातेहार ने कहा एससीए मद से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए कृषि एवं आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कौशल विकास एवं वित्तीय समावेषण से संबंधित योजनाएं लिया जाना है। बैठक में एससीए मद से महुआडांड़ में बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम, आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर, शूटिंग ट्रेनिंग सेंटर, आईआईटी जी एवं नीट परीक्षा हेतु कोचिंग, झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय महुआडांड़ हेतु अतिरिक्त कमरे, तिसिया में विद्यालय भवन, तिसिया में सामुदायिक भवन, विभिन्न स्थानों में कियोस्क, एमटीसी सेंटर, नेतरहाट में होम स्टे की सुविधा विकसित करने हेतु कैपेसिटी बिल्डिंग, एमटीसी सेंटर के निर्माण के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन, महुआडांड़ में कम्युनिटी लाइब्रेरी के निर्माण, उप स्वास्थ्य केन्द्रो को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित करने समेत कौशल विकास के तहत सोलर पैनल एवं उपकरण की रिपेयरिंग, बांस के उत्पाद तैयार करने हेतु प्रशिक्षण देने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित किया गया। बैठक में आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, नोडल पदाधिकारी एससीए श्रेयांश एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।




## योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**चंदवा।** चंदवा सीआरपी स्तरीय दामोदर मध्य विद्यालय में पांच दिवसीय योगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित और माल्यार्पण कर योग प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने की। आयुष मंत्रालय के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की निर्देश पर प्रखंड के सभी सीआरपी में यह योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में सरकारी शिक्षक और शिक्षिकाओं को योग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। पंसस अयुब खान ने योग की महत्व से जुड़ी बातों तथा योग से होने वाले फायदे के बारे में चर्चा की, उन्होंने बताया कि शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए योग करना अति आवश्यक है, शुबह शाम योग करनें से कई रोग में फायदा मिलता है। योग प्रशिक्षण शिविर में कामता मध्य विद्यालय के शिक्षक फौदार राम, धनंजय कुमार, दामोदर मध्य विद्यालय के महंगु उरांव, रंथु उरांव, चकला मध्य विद्यालय के रीता, निर्मला सुरीन, नगर मध्य विद्यालय के आनंद राम, जितेन्द्र कुमार यादव शामिल थे, सीआरपी इलाके के कई शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में नजर नहीं आए।



## बरवाडीह में चला वाहन जांच अभियान

**बरवाडीह।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी के निर्देश पर एसडीओ के नेतृत्व में थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह की मौजूदगी में बरवाडीह थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंप के समीप बेतला पिकेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान दर्जनों वाहनों के कागजात इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने दो पहिया वाहन चालकों से वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन चलाने वालों लोगो का भी उपाय किया जा रहा है। जल्द ही ब्रीद एनालाइजर द्वारा चेक किया जायेगा। सड़क सुरक्षा में किसी भी तरह का कोताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सड़क दुर्घटना से बचने के लिए एकमात्र उपाय है। सड़क सुरक्षा का नियमो का पालन करना।



## महिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

**बरवाडीह।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले स्व जयपाल सिंह मुंडा की स्मृति के मौके पर आगामी 25 जनवरी से 27 जनवरी तक महिला हॉकी टूर्नामेंट का बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के गढ़वातांड के मैदान में आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के अली हसन अंसारी ने दी इस दौरान अली हसन अंसारी ने कहा जयपाल सिंह मुंडा संघर्षशील एवं समाज के हित मे लड़ाकू नेता थे। संविधान में अनुसूचित जन जाती लिखने का उन्होंने ही विरोध किया था। क्योंकि जयपाल सिंह का मानना था कि भूमिज समाज आदिवासी समुदाय के हैं। आदिवासी कोई धर्म नहीं, बल्कि आदिवासी की संस्कृतिक समुदाय के रूप में पहचान है। वही मौके पर मुरलीधर चौरसिया विक्टर केरकेटा समेत काफी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बैठक की

**हेरहंज-(लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र के तासु पंचायत स्थित महावीर मंदिर के प्रांगण में जन जागरण उत्सव कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष सह कार्यक्रम मंडल प्रभारी मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें तासु पंचायत के सभी बूथों पर बूथ कमिटियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी दी गयी। बैठक में उपस्थित बिजय गुप्ता, संयोजक श्यामलाल गोस्वामी, कन्हाई प्रसाद, तासु पं. संयोजक परमेश्वर विषकर्मा, दीर्पनाथ सिंह, अजय सिंह, सतेन्द्र सिंह नाम सिंह, रमेश सिंह, सहेंद्र उरांव सहेंद्र भुईया, महेश राम, दिनेश्वर सिंह, ग्राम प्रधान शिबू गंझू, महेंद्र सिंह, रामदयाल सिंह समेत हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पीड़ित परिवार वालों से विधायक ने की मुलाकात

**बरवाडीह।** बुधवार मध्य रात्रि को बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला के कुटमु बस्ती मे अजय पासवान के घर में अचानक शार्ट सर्किट से आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी थी। व आग लगने से घर में रखे सारा संपत्ति जलकर राख हो गया था। इस भीषण आग में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गयी। अगलगी मे नुकसान की खबर मिलने के बाद पीड़ित परिवार से मिलने मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह व राजद प्रखंड अध्यक्ष अली हसन अंसारी शनिवार अहले सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार वालों से मिलकर हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया साथ ही साथ सरकारी प्रवधान के अनुसार सहायता राशि दिलाने की बात कही। घटना को लेकर परिवार वालो को ढांढस बंधाया और दुःख जाहिर किया कहा हमसब आपके साथ है।



## हेरहंज में वाहन चेकिंग अभियान

हेरहंज-(लातेहार)। लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर साप्ताहिक सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दोपहिया, चार पहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के कर्म में हेलमेट,ओभरलोडिंग को लेकर लोगों को जागरूक कर चेतावनी दी गयी। थाना प्रभारी श्री कुमार ने कहा अगर इसके बाद चेकिंग अभियान के दौरान हेलमेट पहने नहीं पाए जाने पर जुर्माना लगाया जायेगा। हेलमेट पहनने से दो फायदा बताया गया। कहा सबसे पहले ठंढ के दिन हो या गरमी का दिन हो हवा को सीधा रोकता है और दूसरे में एक्सीडेंट में जान को बचाता है।



## 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत

**लातेहार।** झालसा के निदेर्शानुसार अगामी 11 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्टटीय लोक अदालत के संबंध में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार संजीव कुमार दास के अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारीयों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार संजीव कुमार दास ने बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारीयों को दिनांक 11 फरवरी को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निबटारा सुलह/समझौते के आधार पर करवाने हेतु निर्देश दिया। न्यायिक पदाधिकारीयों को यह भी निर्देशित किया गया कि लंबित वादों में पक्षकारों को नोटिस निर्गत कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध सूचित एवं प्रेरित करे। इस वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को आयोजित की जा रही है। यह पक्षकारों के लिए सुनहरा अवसर है कि वे सुलभ एवं सरल तरीके से मामलों का निष्पादन करवा सके एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

## एक दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड स्थित लैंपस के सामने आरोग्य भारती के द्वारा मेडिकल कैंप फ्री सेवा करवाया जा रहा है। जो ग्रामीण लोगों को कैंप का सुविधा मिल सके बाहर जाने से बच्चे मनिका ही सुविधा मिल सके। इस आयोजन में निशुल्क इलाज किया जाएगा। आज दिन शनिवार को झारखंड सचिव राजेश शर्मा ने बताया मनिका प्रखंड क्षेत्र वासियों को मनिका सुविधा लैंपस के निकट दिनांक 8/1/2023 दिन रविवार को डॉक्टर का देखने का समय प्राप्त10 बजे से अपराह 3 बजे देखने का समय निर्धारित किया गया है।ह्रदय रोग व हार्ड विशेषज्ञ झारखंड राज्य के जाने-माने डॉ अरुण कुमार सिंह को डॉ अभिषेक सिंह ने एक दिन लिए बुलाया है ताकि हृदय रोग से ग्रासित बीमारी का अच्छे से इलाज हो सके आरोग्य भारती झारखंड के बैनर तले एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**बालूमाथ।** नये साल के उपलक्ष्य में सामाजिक सौहार्द और मानवीय मैत्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रति वर्ष आयोजित होने वाला टी-12 सुपर लीग की शुरूआत आज बालूमाथ हाईस्कूल के ग्राउंड में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए टूर्नामेंट के संयोजक सह सामाजिक कार्यकर्ता मो इमरान ने बताया कि लातेहार के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। लाल मोतीनाथ शाहदेव कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। उद्घाटन मैच यंग स्टार, महुआमिलान की टीम का भिडंत ब्लैक टाइगर पिपरवार से होगा।

# हम सभी की एकता ही हमारी ताकत है : सैयदा खातुन



**बीटीटी रायडीह की अध्यक्ष रेखा देवी व सचिव सुभद्रा को बनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सीएचसी सदर रायडीह में सहियाओ की बैठक राजरेणु देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर सहिया यूनियन की संस्थापक सैयदा खातून एवं ज्योति कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय सशक्त सहिया संघ बीटीटी रायडीह की अध्यक्ष रेखा देवी को बनाया गया। वहीं सचिव सुभद्रा देवी, कोषाध्यक्ष मिल्यनती बखला वा संरक्षक उर्मिला देवी को बनाया गया। सभी सहिया दीदियों के द्वारा अथितियों का स्वगात को गुलदस्ता देकर और स्वागत गीत के साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सैयदा खातून ने कहा कि सहिया बहनों को एकजुट रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी एकता ही हमारी ताकत है, हम सभी सहिया दीदियों को एकसूत्र में रहते हुए कार्य करना है, तभी हम सभी अपना हक अधिकार ले सकेंगे।

सैयदा खातुन ने बताया कि सशक्त सहिया संघ बीटीटी का गठन का उद्देश्य अपने अधिकार को पाना है। बैठक में इस तरह के विषयों को लेकर चर्चा भी की गई।

## कोर्ट फीस में बढ़ोत्तरी से सुलभ न्याय हो जायेगा समाप्त : रमेश चीनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा कोर्ट फीस में बढ़ोतरी कर दी गई है। इसपर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि फीस में की गई वृद्धि से सुलभ न्याय की प्रकिया समाप्त हो जाएगी। गरीब फीस भर पाने में असमर्थ हो जाएंगे। फीस बढ़ोतरी को लेकर जिला बार एसोसिएशन द्वारा किए गए विरोध की रमेश ने सराहना की है। साथ ही मांग की है कि इसी प्रकार की वृद्धि शपथ पत्र में भी हो चुकी है। इसपर भी लोगों को राहत मिले। इसके लिए प्रयास किया जाए। चुंकि पहले एफिडेविड अधिकतम एक सौ रूपए में हो जाया करता था। जिससे आर्थिक बोझ उतना नहीं बढ़ता था। किंतु अब शपथ पत्र करवाने में 200 से 2500 रूपए खर्च करना पड़ता है। इसपर भी बार एसोसिएशन विरोध करें और खर्च को कम कराने की दिशा में काम करें।

## झानद का सम्मान समारोह अब 16 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) गुमला जिला समिति द्वारा 8 जनवरी को होने वाला सम्मान समारोह अब 16 जनवरी को होगा। सम्मान कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से आगे बढ़ा दिया गया है। विदित हो कि झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा राज्यव्यापी 28 फरवरी 2023 को रांची में होनेवाली झारखंड को बचाने इत्यादि राज्य हित के मुद्दों को लेकर तैयारी के लिए प्रमंडल स्तर के चुनिंदा पदाधिकारी 16 जनवरी 2023 को गुमला में जुट रहे हैं। इस मौके पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आम जनता की बात तथा खासकर भ्रष्टाचार व जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाले पत्रकारों को एक सम्मान कार्यक्रम रखकर सम्मानित भी करने का कार्यक्रम दल द्वारा रखा गया है। इस मौके पर जिला मुख्यालय में कार्यरत सभी पत्रकारों को आमंत्रित किया जाएगा और जनपक्षीय पत्रकारिता को प्रोत्साहन देने के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से दल के केंद्रीय पदाधिकारी भी शिरकत कर रहे हैं ।

## खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता 09 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गुमला जिला के खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता एवं प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 09 जनवरी को संत इग्नासियुस हाई स्कूल स्थित एस्ट्रोटर्फ मैदान में स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता होगी। जिला खेल पदाधिकारी कुमारी हेमलता बून ने बताया कि झारखंड खेल प्राधिकरण द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष के खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं।इसमें जिला से प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय प्रतियोंगीता में भाग लेने का मौका मिलेगा। राजस्थानी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को मुख्य समारोह में क्रमशः 11000, 7500 एवं 5000 रुपए नगत पुरस्कार सहित स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं 12 जनवरी को प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा. जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनसीसी, स्काउट, आवासीय विद्यालय तथा डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के युवा खिलाड़ी शामिल होंगे।

**प्रेस कांफ्रेंस : शहर में सक्रिय हैं ब्राउन शुगर के कारोबारी**

# ब्राउन शुगर और स्कूटी सहित पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक, जेल

**देर रात्रि की गई इस कार्रवाई से शहर के नशा तस्करों के बीच मची है हड़कंप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पुलिस ने बीती रात 22 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ शास्त्री नगर गुमला निवासी राजन कुमार को गिरफ्तार किया। देर रात्रि की गई इस कार्रवाई से शहर के नशा तस्करों के बीच हड़कंप मची है। गुमला पुलिस के द्वारा शनिवार की शाम गुमला थाना परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अभियुक्त को मीडिया के समक्ष पेश किया गया, तत्पश्चात चालान कर दिया गया। एसडीपीओ गुमला मनी चंद्र लाल ने बताया कि उन्हे सूचना मिली थी कि जशपुर रोड गुमला में स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के समीप एक युवक ब्राउन शुगर ले कर पहुंचने वाला है। वही पदाधिकारियों द्वारा एक टीम का गठन किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम वहां पहुंची। और राजन कुमार को स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। छापामारी दल में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, मो. मोजम्मिल, आशीष भगत, विवेक चौधरी साहित कई जवान भी शामिल थे। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक स्कूटी जेएच 01 बी डी 8349 बरामद किया है। यह भी बताया जा रहा है कि युवक पुर्व में भी ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया था। अभी कुछ ही दिनों पहले जेल से छूट कर आया था।

एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि युवाओं में नाशापन को बढ़ावा देने में ऐसे ही लोग सहायक हैं। नशा पान के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## बिजली की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिलेंगे ग्रामीण व मिशन बदलाव के सदस्य

**पिछले 10 सालों से गांव में बिजली नहीं लेकिन ग्रामीणों को भेजा जा रहा है बिजली बिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव सदस्यों के द्वारा गुमला सदर के खोरा पंचायत के चैरअम्बा गांव में जितेश मिंज के अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में गांव वालों के साथ गांव की समस्याओं को लेकर ग्रमीणों के साथ चर्चा की गई।

मिशन बदलाव के सदस्यों को ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से बिजली की समस्या से हम सभी ग्रामीण वासी जूझ रहे हैं।यहां लगभग 85 परिवार गांव में रहते है।ग्रामीणों ने बताया कि बिजली की व्यवस्था नहीं रहने के बावजूद भी ग्रामीणों के पास बिजली बिल आ रहा और बिजली नहीं रहने से अलग से सौर ऊर्जा का उपयोग करते हैं। उसका अलग से बिल भुगतान करना पड़ता है। हम सभी बहुत परेशान है और पिछले कई बार हमारे द्वारा विभागों को अवगत भी कराया गया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

मिशन बदलाव के जितेश मिंज लखन गोप और बिनय गोप के द्वारा ग्रामीणों के साथ सहभागिता मूल्यांकन का अभ्यास भी कराया गया। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा गांव की समस्याओं को लेकर आपसी सहमति भी बनी।

बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि कुछ महत्वपूर्ण समस्याएं को ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान कर समाधान किया जायेगा।

## पारा मेडिकल कर्मियों को वर्ष 2014 की तरह किया जाये विभागीय समायोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी 16 जनवरी को मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का करेंगे घेराव**

**गुमला।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मी फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम, जीएनएम, नेत्र सहायक, लैब टेक्नीशियन 16 जनवरी को मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का घेराव करेंगे। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर 17 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस संबंध में झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ ने गुमला के उपायुक्त सिविल सर्जन सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं जिला यक्षमा पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जानकारी दी है। संघ की मांग है कि पारा मेडिकल नियमावली 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी पारा मेडिकल कर्मियों को वर्ष 2014 की तरह विभागीय समायोजन की प्रक्रिया अविलंब आरंभ की जाए। मांग पूरी नहीं होने पर 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे एवं 17 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं रांची में राजभवन के पास धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बावजूद भी मांग नहीं पूरी होती है तो 24 जनवरी से आमरण अनशन करने का निर्णय भी लिया गया है।

इस संबंध में चिकित्साकर्मी संघ के जिला सचिव नरेंद्र कुमार ने बताया कि विकट परिस्थितियों में भी अनुबंध कर्मी सरकार के द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को सफल किया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो करो या मरो के तर्ज पर आंदोलन चलता रहेगा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को खत्म कर दिया जाएगा ।

### छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज का वनभोज आज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज द्वारा रविवार को नागफेनी कोयल तट पर चिंतन मंथन सह सामाजिक वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग, पांच जिला गुमला, सिमडेगा, खूंटी, लोहरदगा, रांची के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी सहित छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल समाज के बुद्धिजीवी व सामाजिक कार्यकर्त्ता उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर साहू व प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार साहू ने दी।

### श्री सर्वेश्वरी समूह आज जरूरतमंदों बीच करेगा कंबल वितरण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की पड़ रही ठंड़ को ध्यान में रखते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह, प्रार्थना गृह शाखा गुमला के द्वारा रविवार को अपराह्न 12 बजे से शहरी क्षेत्र सहित निकटवर्ती ईलाकों के जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा।इस आशय की जानकारी देते हुए समूह की गुमला शाखा के मंत्री विपीन कुमार सिन्हा ने बताया कि समूह के सदस्य परिभ्रमण कर कंबल का वितरण करेंगे।उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सदस्यों से साढ़े ग्यारह बजे तक समूह के प्रागंण में पहुंचने की अपील की है।

### ओवरलोड ट्रकों को प्रशासन यथाशीघ्र बंद कराये : कमलजीत

**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन प्रशासन से यह मांग करता है कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन से खाद्यान्न का उठाव किया जा रहा है व उन गाड़ियों को कुडू, गुमला सहित अन्य क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। जिसमें जबरदस्त ओवरलोडिंग की जा रही है। 12 टन क्षमता के वाहन पर 24 टन लोड कर भेजा जा रहा है और जिस गाड़ी की 20 टन क्षमता है उसमें 35-40 टन माल भेजा जा रहा है और यह सारा खेल प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है। जबकि बॉक्साइट में चलने वाले सभी ट्रक अंडरलोड (क्षमता अनुसार) चलते हैं। उसके बाद भी पदाधिकारी सिर्फ बॉक्साइट ट्रक को टारगेट करते हैं। इसलिए लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि ओवरलोड माल ढुलाई करने वाले ट्रकों को रोका जाए अन्यथा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सदस्य सड़क पर उतरकर वैसे ट्रकों को रोक कर प्रशासन को कानूनी कार्रवाई करने के लिए सौंपेंगे।

**कार्यक्रम : प्रदान संस्था एवं ग्राम पंचायत विकास समिति ने मिलकर गुमला के चिरोडीह गांव में दो दिवसीय कार्यक्रम का किया आयोजन**

# सरकारी योजनाओं से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनें किसान : बीडीओ

**आमंत्रित जिला कार्यक्रम प्रबंधक शशि किरण मिंज ने गांव वालों की समस्याओं की जानकारी ली और विद्यालय का औचक निरिक्षण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** प्रदान संस्था एवं ग्राम पंचायत विकास समिति ने संयुक्त रूप से गुमला प्रखंड के चिरोडीह गांव में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित जिला कार्यक्रम प्रबंधक शशि किरण मिंज ने गांव वालों की समस्याओं की जानकारी ली और विद्यालय का औचक निरिक्षण किया। साथ ही मुखिया को सभी समस्याओं को चल रहे दो दिवसीय कार्यक्रम में योजना जोड़ने के लिए आदेश दिया और गांव में बाल सभा मॉडल को सराहा।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशिनी केरकेट्टा ने गांव वालों को अलग अलग योजनाओं से जुड़कर आमदनी बढाने के लिए प्रोत्साहित किया।

आम बागवानी, डोभा, कुआं सहित अन्य योजनाओं के अलावा नशा, बाल विवाह, डायन प्रथा जैसी कुप्रथाओं को दूर करने पर बल देते हुए इसके समाधान हेतु इसे भी समिति में चर्चा करने पर जोर डाला। उन्होंने प्रदान के द्वारा किये जा रहे कार्यक्रम में खुलकर भाग लेने पर जोर दिया और चिरोडीह को बाकी अन्य गांव के लिए मार्गदर्शक बनने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती शशि किरण मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती सुकेशिनी केरकेट्टा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुश्री बेबी कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्री रामकृष्ण जी, जिला परिषद् से तेत्रू उरांव, प्रमुख एवं अंजन पंचायत मुखिया करमी उरांव, उपमुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, सभी वार्ड, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, सहायक एवं जूनियर अभियंता मनरेगा एवं प्रदान से अम्मू, प्रियंका एवं स्वरुप मौके पर उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### सिसई में एनसीसी कैडेटों ने वाहन चालकों के बीच चलाया जागरूकता अभियान



**सिसई (आजाद सिपाही)।** यातायात के दौरान मोटर यान अधिनियम का पालन करने को लेकर रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रखंड मुख्यालय सिसई के एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को प्रखंड मुख्यालय कार्यालय के समीप नेशनल हाईवे में आने-जाने वाले वाहनों के चालकों व लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों को हाथ से लिखे पंपलेट देकर वाहन चलाते समय सावधानी बरतने व हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने सहित अन्य सावधानियां बरतने का अनुरोध किया। इस दौरान स्कूल के एनसीसी शिक्षक जयंत कुमार पाण्डेय सहित एनसीसी कैडेट सुखदेव उरांव, अभिषेक चटर्जी, अंशु कुमार ठाकुर, आकाश जायसवाल, सुदामा गोप, प्रीतम लोहरा, कृष्णा लोहरा, भवेश उरांव, राजा साहू, शैलेश उरांव, प्रभा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, रश्मि कुमारी, शिवानी कुमारी, शशि कुमारी सहित अनेक छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### मोरेंग पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन, अखिल साहू बने अध्यक्ष



**बसिया (आजाद सिपाही)।** शनिवार को प्रखंड के मोरेंग पहानटोली में वरिष्ठ कांग्रेस नेता चामा राम की अध्यक्षता में बैठक कर मोरेंग पंचायत कमेटी के गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष अखिल साहू, उपाध्यक्ष राजेश साहू, तैयब खान एवं मोहन लोहरा को महासचिव, बसंत केरकेट्टा, सुधीर राम एवं कार्तिक खड़िया सचिव, अनूप लोहरा एवं कान्हू साहू कोषाध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में आशा लकड़ा, अमर सिंह, सुनील डुंगडुंग, पास्कल कुल्लू, धिब्रा भगत और बहुरा भगत को चुना गया। युवा पंचायत अध्यक्ष के रूप में विजय इंदवार को चुना गया। नवनियुक्त पंचायत अध्यक्ष अखिल साहू समेत सभी नवनियुक्त पार्टी पदाधिकारियों को प्रदेश सचिव रोशन बरवा, कला संस्कृति प्रकोष्ठ एवं फिल्म विभाग के प्रदेश चेयरमैन भानु प्रताप बड़ाईक, प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, युवा जिला उपाध्यक्ष अरविंद साहू ने बधाई देते हुए पार्टी हित में अच्छा काम करने की उम्मीद जतायी है। बैठक में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अरविंद साहू, मोरेंग पंचायत प्रभारी मुन्तजिर खान, प्रकाश सुरीन, विजय इंदवार, कोचे खडिया, बहूरा खड़िया, पुष्पा कुल्लू, पोलिना खड़िया समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हाथियों ने तीन घरों को किया ध्वस्त, घर में रखे अनाज भी खा गये



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चातमदाग गांव में बीती शुक्रवार की रात्रि लगभग 20 से अधिक की संख्या में आये जंगली हाथियों ने चातमदाग ग्राम निवासी तिम्बू उरांव का घर गिरा दिया। वहीं दरवाजा भी उखाड़ कर अंदर में रखे धान व अनाज खाकर चट कर गए और अनाज भी बर्बाद कर दिया। वहीं विनोद उरांव का घर तोड़ घर में रखे जरूरत के सामान बर्बाद कर अनाज भी खा गये। तीनों पीड़ितों ने प्रशासन से क्षतिपूर्ति का गुहार लगायी है। इस संबंध में नवकी देवी ने बताया कि गांव की ओर जंगली हाथी का झुंड आता देख गांव के लोग मेरे घर में आये और कहे कि जल्दी से घर छोड़कर भाग जाओ हाथियों का झुंड गांव की ओर आ रहा है। जिसके बाद घर से निकलकर कुछ दूरी पर जाकर हाथियों के द्वारा अपने घर को टूटते हुए देखा। एतवारी देवी ने बताया कि वह घर पर सोयी थी और बगल के कमरे की दीवाल गिरने लगी और नींद टूट गई। जिसके बाद जिस रूम पर एतवारी सोयी थी। उस रूम को भी हाथी तोड़ने लगा। तब एतवारी समझ गई कि जंगली हाथी आ पहुंचे हैं, जिसके बाद वह रसोई में जाकर छुप गई। तीनों घर को तोड़ने के बाद जंगली हाथी का झुंड जंगल की ओर निकल गया।

### घाघरा ब्लॉक के राजस्व कर्मचारी अनूप मिंज की सड़क दुर्घटना में मौत

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के घाघरा ब्लॉक में कार्यरत राजस्व कर्मचारी अनूप मिंज 35 वर्ष की शुक्रवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अनूप मिंज शुक्रवार को ड्यूटी कर वह अपने घर चैनपुर स्कूटी से लौट रहे थे। लौटने के क्रम में जिरमी चापाटोली के समीप अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित पुल के नीचे जा गिरे। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव व स्कूटी पुल के नीचे गिरा देखा तब इसकी सूचना कुरुमगढ़ थाना को दी। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि युवक की पहचान चैनपुर ब्लॉक मोड़ निवासी अनूप मिंज (35) पिता सिलबानुस मिंज के रूप में हुई है। वह ड्यूटी से लौटने के दौरान तेज गति होने के कारण स्कूटी सहित पुल के नीचे जा गिरे। काफी ज्यादा ठंड होने के कारण पानी में गिरने से उनकी मौत हो गई। वहीं चैनपुर सीओ गौतम कुमार ने कुरुमगढ़ थाना पहुंच मामले की जानकारी ली। परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधाया साथ ही कहा कि परिजनों को हरसंभव मदद की जाएगी।

### थाना परिसर में विशेष साप्ताहिक शिविर में जमीन से संबंधित चार मामलों का निबटारा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** जमीन विवाद के निपटारा को लेकर थाना परिसर में सीओ अरुणिमा एक्का की उपस्थिति में विशेष साप्ताहिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीओ अरुणिमा एक्का व थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी द्वारा जमीन विवाद से संबंधित चार मामलों का निपटारा कर आवश्यक निर्देश दिया। ज्ञात हो कि प्रत्येक शनिवार को थाना में शिविर लगाकर जमीन से संबंधित विवादों की सुनवाई होती है। आम जनता से प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा साक्ष्यों, दस्तावेजों व आपसी सहमति से विवादों की सुनवाई व निपटारा किया जाता है।

## डीसी ने शिक्षा विभाग के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

# बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शनिवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में शिक्षा विभाग के द्वारा किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रों का खाता खोलने, छात्रवृत्ति, पोशाक, पाठ्य पुस्तक, मध्यान भोजन, आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।




**जपला के अकाउंटेंट व पाटन के बीपीओ को किया सेवामुक्त**

राज्य से प्राप्त नोटबुक को स्कूलों में वितरण किये जाने की समीक्षा करते हुए डीसी ने पाया कि पाटन के बीपीओ द्वारा स्कूलों में नोटबुक वितरित नहीं किया गया है। साथ ही अन्य कार्यों में भी बीपीओ द्वारा लापरवाही बरती जाती है। इसपर डीसी ने ऑन स्पॉट एक्शन लेते हुए बीपीओ अजय कुमार रवि को सेवामुक्त करने का आदेश दिया। इसी तरह कार्य में लगातार लापरवाही बरतने को लेकर जपला के अकाउंटेंट रंजन कुमार को भी सेवामुक्त किया गया।

**एक माह के भीतर कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को पोशाक उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें : उपायुक्त**

डीसी श्री दोड्डे ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक व सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अगले एक माह के भीतर सभी बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण पोशाक की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने की बात कही साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक को जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ समन्वय स्थापित कर कोयल अप्रेल पार्क में पोशाक निर्माण कार्य का जल्द से जल्द शुभआरंभ करवाने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि एक माह बाद कोई भी स्कूल में कोई बच्चा बगैर यूनिफॉर्म पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावे मिडेमील में अंडा नहीं दिये जाने पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जायेगी।

**बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त**

बैठक में डीसी श्री दोड्डे ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी कस्तूरबा बालिका विद्यालय के स्कूल में बगैर सूचना दिए कोई शिक्षिका अनुपस्थित पायीं गयी तो संबंधित वार्डन को सस्पेंड किया जायेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी,सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट, बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

## कार्यकाल का तीन वर्ष पूरा होने पर कर्मियों ने सहायक नगर आयुक्त को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय के सभागार में आज सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नप कर्मियों ने सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज को तीन साल का कार्यकाल पूरा करने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि मो. प्रवेज का तीन वर्षीय कार्यकाल विकास के नाम रहा है। मो. प्रवेज ने कहा कि बिश्रामपुर नगर परिषद के पूर्ण विकास हेतु ईमानदारी के साथ कार्य किया है। इस दौरान सभी का सहयोग भी प्राप्त हुआ है। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि सहायक नगर आयुक्त मो.प्रेवेज ने प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों,कर्मियों और आम लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित कर हमेशा बेहतर करने का प्रयास किया है। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम, प्रभात कुमार,सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, कनीय अभियंता अभय राज हंस, विभूति भूषण, मुकेश कुमार,अजित टुडू, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, सुनील कुमार चौधरी, दिनेश शुक्ला, नजमुद्दीन नूरी, नरेंद्र राम गुड्डू, अजय कुमार रवि, कमता प्रसाद, मजमुद्दीन अंसारी, देवनाथ यादव, समाजसेवी विजय कुमार रवि, ज्वाला गुप्ता, मुन्ना यादव, संतोष राम, रमेश कुमार, रवि चौधरी, उदेश्वर यादव, सुबोध केशरी, अनिल कुमार, दीपक कुमार, सुमित कुमार, सोनू दुबे सहित नप के सभी कर्मी मौजूद थे।



## ठंढ लगने से सतगावां के विकलांग युवक की हुई मौत, समाजसेवी ने की मुआवजे की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज(पलामू)।** पिछले कई दिनों से पड़ रही हाड़ कंपाने वाली ठंढ से जन जीवन बेहाल है। इस दौरान शनिवार को शहरी क्षेत्र के सतगांवा निवासी दोनों पैरों से विकलांग 45 वर्षीय विश्वनाथ पासवान की ठंढ लगने से मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि बीते दो दिनों से वह बंजारी मुहल्ला टंडवा रोड स्थित एक छोटी सी गुमटी में रात बिताया। इस दौरान उसे ठंढ लग जाने से वह गुमटी में ही पड़ा रहा। बाद में उसके परिजनों ने जानकारी मिलने पर उसे बिगड़ी हालत में गुमटी से बाहर निकाला और आनन फानन में उसकी साफ सफाई की। वहीं उसकी मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि सतगांवा में अब तक अलाव का व्यवस्था नहीं किया गया है। अगर अलाव का व्यवस्था होती तो विश्वनाथ पासवान की मौत की संभावना कम होता।वहीं घटना की सुचना पाकर समाजसेवी राजीव रंजन ने कई लोगों के साथ पहुंचकर मृतक के वृद्ध मां इतवरिया कुंवर सहित परिजनों को ढांढस बंधाया और इसकी सुचना हरिहरगंज सीओ को देते हुए सरकारी सहायता देने की मांग की।उन्होंने कहा कि अगर अलाव की व्यवस्था होती तो शायद उसकी मौत नहीं होती।उन्होंने बीडीओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में अलाव के लिए कागजों पर ही 20 क्विंटल लकड़िया व्यवस्था कराई जाती है जबकि हकीकत यह है कि 75 किलोग्राम ही व्यवस्था कराई गई है। मौके पर मनोज कुमार मेहता, शंभू कुमार यादव, बिनोद पासवान सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



## नई शिक्षा नीति का उद्देश्य सीखने की प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाना है : चंदन कुमार सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर(पलामू)।** स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विद्यालय प्रबंधन एवं एस चंद पब्लिकेशन के संयुक्त तत्वधान में शिक्षकों में कौशल विकास एवं नई शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षण पद्धति में आवश्यक सुधार को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर कोलकाता से आई हुई मुख्य प्रशिक्षक अर्पिता पॉल ने कार्यशाला में शिक्षकों को नई शिक्षा नीति पर आधारित कई आधुनिक पद्धतियों को बताया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों की सोच और रचनात्मक क्षमता को बढ़ाकर सीखने की प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाना। शिक्षकों को अर्पिता पॉल ने विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि पहले की शिक्षा प्रणाली मूल रूप से सीखने और परिणाम देने पर केंद्रित थी। विद्यार्थियों का आकलन प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाता था। यह विकास के लिए एक एकल दिशा वाला दृष्टिकोण था। लेकिन नई शिक्षा नीति एक बहु-विषयक दृष्टिकोण की प्रासंगिकता पर केंद्रित है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति एक नए पाठ्यक्रम और शिक्षा की संरचना के गठन की कल्पना करती है जो छात्रों को सीखने के विभिन्न चरणों में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक क्लासरूम को इंजॉयफुल बनाएं न की बोरिंग। उन्होंने कहा कि जितने अधिक प्रायोगिक विधि से शिक्षा दिया जायेगा उतना हीं बच्चों को अच्छी तरह से बातें समझ में आएगी। उन्होंने खेल-खेल में बच्चों को कैसे सिखाया जाए तथा एक्सपीरियंशियल लर्निंग पर आधारित कई गूढ़ रहस्यों को बताया। मौके पर एस चंद पब्लिकेशन के प्रोडक्ट हेड के रूप में उपस्थित नवल किशोर ने कहां कि नई शिक्षा निति का मुख्य उद्देश्य एक बच्चे को एक कुशल बनाने के साथ-साथ, जिस भी क्षेत्र में वह रुचि रखता हैं, उसी क्षेत्र में उन्हें प्रशिक्षित करना है। विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला से शिक्षकों के पढ़ाने के तरीकों में एक आवश्यक विकास एवं सुधार हो पाएगा एवं शिक्षक और भी बेहतर तरीके से बच्चों को पठन-पाठन करा पाएंगे। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश कुमार ने बच्चों के नैतिक शिक्षा पर अधिक जोर देते हुए कहा कि शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में बच्चों का सर्वांगीण विकास ही संभव है। विद्यालय प्रधानाध्यापक चंदन कुमार ने कहा कि आज शिक्षा का सम्बन्ध केवल नौकरी से ही नहीं जोड़ना है,बल्कि उसे नैतिकता से जोड़ना होता है। उनमें सच्चरित्रा आये और राष्ट्रीयता का विकास हो। उनमें अपने और अपने देश का गौरवपूर्ण रूप विद्यमान हो। वे देश के शक्तिबोध और सौन्दर्यबोध के प्रति पूर्णतः जागरूक हो। एस चंद पब्लिकेशन के सेल्स मैनेजर नवल किशोर, अभय कुमार, शिक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, कीर्तन कुमार दास, रोज फातिमा तिर्की, अर्चना कांडुलना, सुशीला बारला, रंजू मींज, तरुण दास पांडा, आशिष वर्मा, प्रिया सिंह, मिनी प्रिया, अंजना कुमारी, पूजा गुप्ता, मानवेंद्र कुमार ,आर्यन कुमार, खुशबू कुमारी ,राहुल कुमार, अमित कुमार, अक्षय कुमार, सुरेंद्र कुमार, केपी साहू, कंचन कुमारी, चांदनी कुमारी, वंदना कुमारी,अंगद मिश्रा, संजय कुमार, सूर्यकांत कुमार, नीतू कुमारी, पूजा ठाकुर, पूजा देवी, जेपी सिंह, पुनिया कुमारी आदि लोग मौजूद थे।



## चिर स्मृतियों में सदा अमर रहेंगे सत्यदेव अग्रवाल : अरविंद गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर(पलामू)।** सत्यदेव अग्रवाल एक पुण्यात्मा थे, पलामू के शिक्षा जगत के लिए किए कई पुनीत कार्य, बाबा के दिखाए गए रास्ते पर चल कर ही समाज का कल्याण सम्भव है, समाज मे क्रांति शिक्षा से ही सम्भव है। सोच हमेशा बड़ी रखें ताकि सफलता बड़ी हो युवाओं को यह भी कहा कि सकारात्मक रहें सफलता जरूर मिलेगी ये बातें हिमाचल के सीनियर आईएएस अधिकारी सन्दीप बसन्त कदम ने छतरपुर में अरविंद गुप्ता के द्वारा स्थापित छतरपुर विकास मंच के हेल्पलाइन सेंटर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कही। इस मौके पर सैकड़ो युवाओं के द्वारा सन्दीप कदम का भव्य स्वागत किया गया। आपको बताते चलें कि सन्दीप कदम 2007 में झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी भी रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में एक वृहत अभियान चलाकर 2008 में सड़मा में स्थानीय युवाओं की मदद से कॉलेज निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया गया था। आज आलम यह है कि उस कॉलेज से प्रतिवर्ष दस हजार से भी ज्यादा छात्र उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस मौके पर दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा सत्यदेव अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी शेखर कुमार, सुनील कुमार, उपेंद्र गुप्ता, अश्विनी कुमार, मित्तल सिंह, आसिफ इकबाल, लालू यादव, पंचम कुमार,ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, राकेश चन्द्रवंशी, रामजी प्रसाद, रितेश सोनी, अनिल गुप्ता, अमित ठाकुर, अंकित पांडेय, अरविंद विश्वकर्मा, विशाल शेखर, रॉकी चंद्रा, प्रकाश कुमार, अमित कुमार, गोलू रंजन, मृणाल गुप्ता, रजत देव, रॉकी कुमार, भरत गुप्ता, छोटू सिंह सहित सैकड़ों युवा और अभिभावक उपस्थित थे।



## पागल कुत्ता ने मचाया आतंक, दर्जनों लोगों को काटकर किया जख्मी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में एक पागल कुत्ते ने शनिवार की शाम से आतंक मचा रखा है ।शाम 3 बजे से 6 बजे के अंदर पागल कुत्ते ने दर्जनों लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। कुत्ता शहर के जेपी चौक, सिद्धनाथ नगर, मुख्य बाजार समेत शहर में कई जगहों पर घूम घूम कर अलग-अलग जगहों पर लोगों को निशाना बनाया। कुत्ता लोगों को देखते ही उनपर हमला कर जख्मी कर दे रहा है। वहीं, काटने के बाद उस आदमी को छोड़कर आगे की ओर भाग जा रहा है ।कुत्ते ने कई बुजुर्ग, नव जवान व मासूम बच्चों को काटकर लहुलुहान कर दिया है ।कुत्ता काटने से जख्मी सभी लोगो का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया ।कुते के आतंक से पूरे शहर में दहशत का माहौल है। शहर के लोग लाठी-डंडा लेकर लोग कुत्ते को मारने के लिए पीछा करते रहे पर सफलता नहीं मिली। समाचार लिखे जाने तक कुत्ता पकड़ में नही आया था। घायलों में मुख्य रूप से अजय चौहान, मुकेश कुमार, अखिलेश साहू, अखिलेश कुमार सिंह,बैजनाथ राम, सुशीला देवी हसनैन खान, कमलेश पासवान,संतोष साहू, आयुष कुमार समेत कई लोगों का नाम शामिल है। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ पीएन सिंह ने शहर वाशियों से कुत्ता से सतर्क रहने की अपील की है।

## हुसैनाबाद में एमवीआई ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, दर्जनों वाहन जब्त

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्लामुन जिला के मोटरयान निरीक्षक रंजीत मरांडी ने हुसैनाबाद शहर के पटेल चौक के समीप शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया।



अभियान के दौरान दर्जनों छोटे बड़े वाहनों की मूल कागजात, डीएल, फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट व ओवरलोडिंग की जांच की, जाँच के क्रम में कई छोटे बड़े वाहनों को जप्त कर हुसैनाबाद थाना को सुपर्द कर दिया ।अभियान के दौरान उन्होंने सभी वाहन चालकों और वाहन मालिकों से अपने अपने वाहनों की सभी मूल कागजातों को कंप्लीट करा लेने के हिदायत दी,जिसके पास डीएल नहीं हो वह सड़को पर वाहन नहीं चलायें, क्योंकि अनुभव के बिना दुर्घटना हो सकती है,उन्होंने कहा की हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा,मौके पर हुसैनाबाद पुलिस पदाधिकारी के अलावा पुलिस के कई जवान शामिल थे।

## अतिक्रमण हटाने में प्रभावित रैयतों के साथ प्रसाशन भी परेशान

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन का अतिक्रमण हटाने में प्रसाशन को कई मशिकलों का सामना करना पड़ रहा है ।प्रसाशनिक अधिकारियों का कहना है कि फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन का मुआवजा मिलने के बाद भी रैयत मकान खाली करने में बिलंब कर रहे हैं ।जबकि अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिकारियों का प्रेशर है ।इस दौरान कुछ रैयतों का कहना है कि पैसा तो जरूर मिल गया लेकिन मकान तोड़ने के बाद रहने के लिए दूसरा कोई मकान नहीं है, जहां इस ठंढ के मौसम में गुजारा कर सके ।इसे देखते हुए रैयतों ने नये घर बनाने के लिए कुछ दिनों का समय देने का गुहार लगा रहे हैं ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। हलाकि रैयत अधिकारियों के निदेर्शों का अनुपालन करने के प्रति आश्वस्ता दिखा रहे हैं ।जानकारी के अनुसार प्रभावित रैयत पुराने मकान तोड़ने के साथ ही नये मकान बनाने का कार्य भी करते देखे जा रहे हैं। उधर सीओ बासुदेव राय ने कहा कि शनिवार को भी अधिग्रहित दर्जनाधिक जगहों से अतिक्रमण हटाया गया। वहीं अतिक्रमण हटाने के कार्य में और भी तेजी लाई जाएगी। मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास पुलिस बल के साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।



## संस्थापक सचिव के अधूरे सपनों को पूरा करें : संदीप कदम बसंत



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिस वृक्ष में फल लगते है, उस पर पत्थर फेंके जाते है। शिक्षण संस्थान में मन भेद हो मतभेद नहीं हो अन्यथा उस संस्थान की प्रगति अवरुद्ध हो जाती है। उक्त बातें प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित सीनियर आईएस अधिकारी संदीप कदम बसंत (हिमाचल प्रदेश) गुलाबचंद प्रसाद कॉलेज में आगमन पर संदेश के रूप में कहा। श्री बसंत ने कॉलेज की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो सपने देख कर इस कालेज के लिए हमने मैराथन दौड़ कराया वह फलीभूत होते दिख रहा है। प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा के वैचारिक बीजारोपण के फल स्वरूप हजारों हजार छात्र ग्रेजुएट हुए है। खुशी की बात है कि इसमें ज्यादा संख्या लड़कियों की है जो दो घरों में शिक्षा का दीप जला रही है। मंच संचालन के दौरान प्रो. राज मोहन ने कहा कि संस्थापक सचिव की सच्ची श्रंद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी उनके अधूरे सपनों को पूरा करें। उक्त कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत से प्रारंभ हुआ साथ ही साथ संदीप कदम बसंत सर का गर्म जोशी के साथ कॉलेज कर्मियों के द्वारा स्वागत किया गया ।उक्त कार्य क्रम में गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज के प्राचार्य स्वाति कुमारी, प्रदीप जयसवाल, अर्चना कुमारी, सुजीत बनपर, महिला कॉलेज के आलोक कुमार ठाकुर, प्रो मेरी रौशन कुजूर, अरविंद कुमार गुप्त, सुनील कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता बसंत सिंह, डिग्री कॉलेज के प्रो अमित कुमार, प्रो सूर्योदय कुमार, प्रो धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रो रानी कुमारी प्रो इंदु कुमारी, प्रो सुनीता कुजूर, प्रो रोहित कुमार, प्रधान लिपिक योगेंद्र विश्वकर्मा, सफल कुमार, राजेश रजक, अनुज कुमार, सतेंद्र कुमार, विजय यादव, विद्यानंद कुमार, मनोज कुमार, अंजलीना खाखा, चंदा कुमारी, संध्या कुमारी, शिवशंकर राम, बबलू मिंज, मंजय कुमार, शारदा देवी, आनंद कुमार, प्रसाद ठाकुर समेत शिक्षकेत्तर कर्मी, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राज मोहन और धन्यवाद ज्ञापन प्रो.अखिलेश कुमार सिंह ने किया।

## वाहन चालकों को किया गया जागरूक ट्रैफिक रूल्स फॉलो करने की अपील

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला सड़क सुरक्षा टीम ने शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया। यह अभियान शाहपुर और छह मुहान चौक पर चलाया गया। इस दौरान मौजूद वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं, साइनेज और ट्रैफिक लाइट से संबंधित जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि कैसे सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने कहा कि प्रति वर्ष राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। इन सब को देखते हुए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें। अपने घर परिवार के सदस्यों और मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। साथ ही साथ चालकों को यह भी बताया गया कि ठंड और कोहरे के कारण अनावश्यक रूप से घर से बाहर ना निकलें। तीव्र गति से वाहन ना चलाएं और वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करें।

# स्पोर्ट्स




**महिला आईपीएल : पहले सत्र के लिए टीमों का चयन करने के लिए फरवरी में होगी खिलाड़ियों की नीलामी**

## दो दिवसीय दक्षिण झारखंड संभाग प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के एकल अभियान के तहत बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव, रांची में शनिवार को दो दिवसीय दक्षिण झारखंड संभाग प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका उदघाटन सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने गुब्बारे उडा कर किया। मौके पर उन्होंने एकल अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और खेलकूद को बढावा देने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि एकल अभियान ग्रामीण क्षेत्र के खिलाडियों को एक मंच देने का प्रयास कर रही है। ग्रामीण बच्चों को मुख्यधारा में लाने की एक बेहतरीन पहल है। झारखंड में सीसीएल आठ जिलों में कार्य कर रहा है। कोशिश होगी कि सीसीएल इन जिलों में से किसी गांव या आदिवासी क्षेत्रों में खेल को बढावा दें। एकल परिवार और सरकार के साथ मिलकर काम किया जा सकता है। शीघ्र ही इस दिशा में पहल की जायेगी। वनबंधु परिषद ईस्ट जोन की सचिव रेखा जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि गांव की प्रतिभा को एक मंच देने का प्रयास है। इन्हें गांव से निकालकर मुख्यधारा से जोड रहे हैं। इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के अध्यक्ष रमेश धरणीधरका ने कहा कि प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इन बच्चों की प्रतिभा को एक मंच देने के लिए ग्रामीण स्तर, अंचल स्तर आदि पर प्रतियोगिता का आयोजन कर इन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच देंगे। ग्रामीण क्षेत्र से आये बच्चे ओलपिंक में देश के लिए गोल्ड लाये और देश का नाम बढाये। उदघाटन समारोह में मंच का संचालन प्रदीप जैन ने किया। मौके पर उषा जालान, सतीश तुलस्यान, जयदीप मोदी, मुकेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विशेष केडिया, सुमित खेमका, प्रेम अग्रवाल, विवेक भसीन, कपिल भाटिया, सुमित पोद्दार समेत अन्य लोग मौजूद थे।




**प्रतियोगिता में 375 बच्चे ले रहे भाग**

इस प्रतियोगिता के लिए दक्षिण झारखंड के लगभग 12 जिलों के विस्तार में स्थित 4000 गांव से 375 बच्चे भाग ले रहे हैं। इनमें मेदिनीनगर, लातेहार, खूंटी, घाटशिला, रातू, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, सिंहभूम, रामगढ, गढवा, सरायकेला जिले शामिल है। उदघाटन सत्र के बाद बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में अनेक प्रकार के खेलों में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद इत्यादि की प्रतिस्पर्धा हुई। वहीं, टाना भगत स्टेडियम में कुश्ती, कबड्डी इत्यादि खेल की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेता बच्चे फरवरी माह में राष्ट्रीय खेल में सहभागिता देने हेतु लखनऊ जाएंगे। जो बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर विजेता घोषित होंगे, उन्हें स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपनी देखरेख में प्रशिक्षित करेगा।

महत्वपूर्ण न्यूज

## बढ़ते ठंड और शीतलहरी को देखते हुए रागिनी सिंह ने जरूरतमंदों में कंबल बांटा



झरिया (आजाद सिपाही)। कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह की ओर से झरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में असहाय और जरूरतमंदों के बीच लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को भी बस्ताकोला मंडल में पप्पू पासवान के नेतृत्व में कंबल वितरण किया गया। जहां भाजपा नेत्री रागिनी सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुईं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में ठंड चरम पर है। पर सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार में लिप्त है। राज्य सरकार की ओर से वितरण किए जाने वाले सरकारी कंबल घोटाले की भेंट चढ़ गया। कहा कि जरूरतमंदों की मदद करने को लेकर वे संकल्पित हैं। इस मौके पर रामबालक सिंह (मुखिया जी), भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, स्वरूप भट्टाचार्य, महंत पांडेय, सेलो पासवान, अखिलेश सिंह, रघु राम, सिद्धार्थ सिंह, राहुल सिंह आदि मौजूद थे। उधर, 17 जनवरी को जेलगोरा दो नंबर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में भाजयुमो भागा मंडल द्वारा सुंदर काण्ड का आयोजन किया जाना है जिसे लेकर भाजयुमो के सैकड़ों सदस्यों ने रागिनी सिंह से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें निमंत्रित किया। इस दौरान भागा मंडल भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजनीश कुमार सिंह, गणेश साव, सोमनाथ गुप्ता, नगीना पासवान, साहिल, भीमा सिंह, राजन, जुगेश, रोशन, सोनू राज अली आदि मौजूद थे।

## भाकपा माले की बैठक में शहीद महेंद्र सिंह के शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले के निरसा एरिया के लीडिंग टीम की बैठक शनिवार को सेंट्रलपुल कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें 16 जनवरी को शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह के शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं भाकपा माले के 11वें महाधिवेशन की तैयारी को लेकर 15 जनवरी तक पार्टी सदस्यता नवीकरण के काम को पूरा करने पर सहमति जताई गई। 17 जनवरी से जनसहयोग, सामूहिक कोष संग्रह करने का निर्णय लिया गया। प्रचार प्रसार को मजबूती प्रदान करने के लिए दीवार लेखन व पर्चा वितरण किया जायेगा। मौके पर राज्य कमेटी सदस्य नागेंद्र कुमार, कृष्णा सिंह, जिला कमेटी सदस्य हरेंद्र सिंह, मनोरंजन मलिक, गणेश महतो, जगदीश शर्मा, सुनील गिरि आदि थे।

## दुमका में पदस्थापित एएसआइ जनार्दन के असमय निधन से राजगंज में शोक



राजगंज (आजाद सिपाही)। दुमका थाना में एएसआई के पद पर स्थापित राजगंज के बागदाहा निवासी जनार्दन प्रसाद महतो (50) का शनिवार की अहले सुबह उनके आवास बागदाहा पर निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इसके बाद दुमका व राजगंज पुलिस मृतक के घर पहुंची और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए जरूरी दस्तावेज तैयार कर दाह संस्कार कराया। जनार्दन अपने पीछे पत्नी व एक पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। घटना के बाद पत्नी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जनार्दन के निधन की खबर सुनकर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो, झामुमो बाघमारा प्रखंड उपाध्यक्ष रविन्द्र महतो, भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी, मुखिया बाबूलाल महतो, पंसस धनंजय महतो, सचिन महतो आदि घर पहुंच कर शोक व्यक्त किया।

## किसानों व दीदीबाड़ी योजना से जुड़ी महिलाओं को दिया गया जैविक खाद और कीटनाशक बनाने का प्रशिक्षण

बोकारो (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था शार्क के माध्यम से कुम्हरी पंचायत के पंचायत भवन में किसानों एवं दीदीबाड़ी योजना से जुड़ी महिलाओं को जैविक खाद और कीटनाशक बनाने की विधि के लिए प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को शार्क के प्रशिक्षक शैलेंद्र कुमार एवं सूरज कुमार ने थ्योरी और प्रैक्टिकल के माध्यम से केंचुआ खाद एवं ऑर्गेनिक प्रेस्टीसाइड बनाने का तरीका बताया। वर्ल्ड ग्रीन लाइन स्थानीय सहयोग के रूप में कार्यक्रम में योगदान दिए। मौके दीनानाथ महतो, उप मुखिया अलकू महतो आदि उपस्थित थे।

## धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन की ओर से किया गया वर्कशॉप का आयोजन



कतरास (आजाद सिपाही)। लिलोरी स्थान में शनिवार को धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन की ओर से फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। इसमें उपस्थित उपाध्यक्ष सुभाष सरावगी ने बताया कि धनबाद में यह छठा वर्कशॉप है। वहीं सुजीत कुमार गुप्ता ने फोटोग्राफी की बेसिक जानकारी के बारे में फोटोग्राफरों को बताया। जैसे एक्सपोजर, फोकस, व्हाइट बैलेंस, कंपोजीशन एवं फोटो को आकर्षक बनाने के लिए फ्रेम का होना बहुत ही जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरुण कुमार, मोहन देव, रंजीत गुप्ता, साजिद खान, प्रफुल्ल महतो, मोहन देव एवं मीडिया प्रभारी रंजीत जयसवाल का विशेष सहयोग रहा।

## बाघमारा में आठ वाहनों से बैटरी चोरी

कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा थाना क्षेत्र के हरिणा- कतरास हिरक रोड़ पर स्थित एक गैरेज के पास खड़े आठ वाहनों से शुक्रवार की रात बैटरी चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। चोरों ने डुमरा निवासी उमेश महतो के दो ट्रैक्टर, शंकर साव के दो ट्रैक्टर और अन्य दो हाइवा एवं दो आइसर वाहन की बैट्री चोरी कर ली। सभी वाहन एक साथ आसपास खड़े थे। ट्रैक्टर मालिक शंकर साव ने घटना की लिखित सूचना बाघमारा पुलिस से की है। उधर, मामला दर्ज कर पुलिस ने भी छानबीन शुरू कर दी है।

### बेरमो विधायक अनूप सिंह के राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन का दोबारा अध्यक्ष बनाये जाने पर हुआ भव्य स्वागत

# 19 फीसदी वेतन समझौता सम्मानजनक नहीं: जयमंगल

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के आवासीय कार्यालय ढोरी स्टाफ क्वार्टर में नव वर्ष पर फेडरेशन, राकोमयू और बेरमो विधानसभा के कांग्रेसी सदस्यों ने समारोह आयोजित कर विधायक सह राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह का भव्य स्वागत किया। यह स्वागत अनूप सिंह को राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन का दोबारा अध्यक्ष बनाए जाने पर किया गया। यह स्वागत समारोह राकोमयू के रीजनल अध्यक्ष गिरिजा शंकर पांडेय की अध्यक्षता में हुई, जिसका संचालन क्षेत्रीय सचिव शिवनंदन चौहान ने किया। इस अवसर पर विधायक ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि 11वां वेतन समझौता 19 फीसदी पर होना गलत है। पिछला 10वां वेतन समझौता 20 फीसदी पर हुआ था। पिछली बार से भी एक फीसदी इस बार कम हुआ है। अभी मैनपावर घटा है और कंपनी की प्रॉफिट बढ़ी है। नए-नए माइंस खुलने जा रहे है। इससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। इसके बाद भी सभी यूनियन 19 फीसदी पर मान गई है, जो सरासर गलत है। सभी यूनियन की जो मांग 32 फीसदी था, वो जायज था। यूनियनों को 28 फीसदी पर अडिग रहना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जब यूनियन के लोगों ने 28 फीसदी की मांग रखी और कोल इंडिया के अधिकारी ने तीन फीसदी से प्रारंभ कर यूनियन को दरकिनार करने की कोशिश की थी जो गलत है। वहीं, गिरीजा शंकर पांडेय ने कहा कि केंद्र में उद्योग और मजदूर विरोधी सरकार है। जो सभी सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में देने पर आमदा है। मजदूर कठिन परिस्थिति में भी जान जोखिम में डालकर देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वहीं उन्हें पूर्व में मिल रही सुविधाओं से भी वंचित किया जा रहा है। इस मौके पर नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, सुबोध सिंह पवार, विरेंद्र सिंह, अरुण सिंह, प्रताप सिंह, लाखन सिंह, अशोक अग्रवाल, अजय कुमार सिंह, परवेज अख्तर, अंजनी त्रिपाठी, विल्सन फ्रांसिस, गणेश मल्लाह, राजेश्वर सिंह, मुरारी सिंह, मनोज ठाकुर, निमाय चन्द्र मंडल, श्रीकांत मिश्रा, हरिनारायण सिंह, जयराम सिंह, आनंद विश्वकर्मा, प्रमोद सिंह, आनंद भगत, राजेंद्र सिंह, ददन सिंह, पुनीत महतो और साधु बाउरी आदि उपस्थित थे।



राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन का दूसरी बार अध्यक्ष बनाए जाने पर ठोरी स्थिति आवासीय कार्रायल में कुमार जयमंगल उर्फ अनूप का अभिनंदद करते समर्थक।

# वेतन समझौते में 22 फीसदी एमजीबी नहीं दिला पाने का रहेगा आजीवन मलाल: सिद्धार्थ

जमसं केंद्रीय कार्यालय में महामंत्री सिद्धार्थ गौतम का हुआ अभिनंदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** कोल इंडिया में वेतन समझौता सफल होने के बाद शनिवार को कतरास मोड़ स्थित जनता मजदूर संघ के केंद्रीय कार्यालय में संगठन के महामंत्री सह जेबीसीसीआइ सदस्य सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह का भव्य स्वागत सह अभिनंदन किया गया। सिद्धार्थ गौतम के स्वागत के लिए कतरास मोड़ पर ही मजदूर व संगठन के लोग सैकड़ों की संख्या में मौजूद थे। जैसे ही सिद्धार्थ गौतम कतरास मोड़ पहुंचे समर्थकों ने उनका आतिशबाजी कर स्वागत किया। इसके बाद मनीष सीधे अपने पिता झरिया के पूर्व विधायक स्व सूर्यदेव सिंह की आदमकद प्रतिमा के पास गए और श्रद्धासुमन अर्पित किया। यहां से वे सीधे कार्यलय पहुंचे जहां एक बार फिर उनका स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय उपाध्यक्ष गोपाल मिश्रा और संचालन केंद्रीय सचिव रंजय कुमार ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन संघ के केंद्रीय सचिव अरविंद सिंह ने किया। समारोह में संजीत सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह, रमेश सिंह, विजय सिंह, अनिल कुमार नोनिया, अरुण प्रकाश पांडेय, आनंद कुमार मौर्य, शम्भूनाथ पांडेय सहित सभी क्षेत्रीय और शाखा पदाधिकारी सहित सैकड़ों कोयला श्रमिक मौजूद थे।



### समझौते से रहूंगा आजीवन असंतुष्ट

अपने संबोधन में सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि मैं इस वेतन समझौते से आजीवन असंतुष्ट रहूंगा। 19 फीसदी एमजीबी समझौते के दबाव पर दस्तखत करने के बाद से दुखी हूं। यह समझौता 22 फीसदी पर जाकर खत्म हो सकता था। उन्होंने कहा कि मैं इस सम्मान के काबिल नहीं हूं, क्योंकि 22 फीसदी एमजीबी नहीं दिला सका। उन्होंने कहा कि मैंने ईमानदारी के साथ जेबीसीसीआइ में मजदूरों की आवाज को उठाया है और आगे भी उठता रहूंगा। उन्होंने अन्य ट्रेड यूनियनों के बड़े नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे सभी समझौते के दौरान कमजोर दिखे। उन्होंने मजदूरों से कहा की अब उन्हें किसी और ट्रेड यूनियन से सामंजस्य बैठाने की जरूरत नहीं है, बल्कि हिन्द मजदूर सभा ही उनकी बात मैनेजमेंट के सामने पूरी मजबूती से रखेगी।

## बेरमो विधायक अनूप सिंह ने किया ढोरी मध्य विद्यालय में कंप्यूटर व साइंस लैब का उद्घाटन



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने फुसरो नगर परिषद के वार्ड संख्या 13 स्थित राज्यकीय मध्य विद्यालय ढोरी में शनिवार को कंप्यूटर और गणित/विज्ञान लैब का उद्घाटन किया। विधायक के प्रयास से जिला योजना की ओर से उक्त विद्यालय को 11 कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, प्रिंटर और गणित, विज्ञान लैब मिला है। विधायक ने फीता काटकर दोनों कक्ष का उद्घाटन किया। साथ ही दोनों कक्ष में लगे उपकरण का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों को जरूरी सुझाव दिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सहित विद्यार्थियों ने विधायक का स्वागत किया। वहीं, विधायक ने कहा कि यह स्कूल मेरे परिवार का स्कूल है। पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद सिंह की याद में मुझे इस स्कूल में कुछ योगदान करने में काफी खुशी महसूस होती है। आज इसी के तहत 11 कंप्यूटर, एक प्रोजेक्टर और एक विज्ञान लैब दिया गया है। स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह इस स्कूल के छात्र थे। उन्होंने यहां से पढ़ाई कर काफी ऊंचाई हासिल की। उन्होंने इसका नाम देश-विदेश तक पहुंचाया। उन्होंने सभी छात्रों से आग्रह किया कि आप सब भी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह जैसे बन कर इस विद्यालय का नाम, अपने माता पिता का नाम रोशन करे। इस मौके पर वार्ड पार्षद श्रीकांत मिश्रा, परवेज अख्तर, उत्तम सिंह, रोशन कुमार, शिक्षक महादेव दास, प्रमोद कुमार, मोहम्मद अफरोज आलम, कल्याण तिवारी, किरण कुमारी, कंप्यूटर शिक्षक विक्की कुमार आदि उपस्थित थे।

# चर्चित नीरज हत्याकांड की सुनवाई में भी उपस्थित नहीं हुए अधिवक्ता

दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं ने बनाई न्यायिक कार्यों से दूरी, कोर्ट में पसरा रहा सन्नाटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी धनबाद बार एसोसिएशन के तमाम अधिवक्ताओं ने खुद को न्यायिक कार्यों से अलग रखा। इस कारण धनबाद के चर्चित नीरज हत्याकांड की सुनवाई में भी अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए। हालांकि पूर्व विधायक संजीव सिंह समेत अन्य आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में पेश किया गया। पर अधिवक्ता उपस्थित नहीं होने के कारण मामले की सुनवाई टल गई। वहीं 43 विभिन्न जमानत आवेदनों पर भी बहस करने के लिए अधिवक्ता हाजिर नहीं हुए। 37 गवाहों का प्रति परीक्षण नहीं किया जा सका और मेडिएशन सेंटर में भी सुलह समझौते का काम नहीं हो सका। स्टेट बार काउंसिल के स्टीयरिंग कमेटी के चेयरमैन राधेश्याम गोस्वामी, बार काउंसिल के मेंबर प्रयाग महतो ने कहा कि अधिवक्ताओं की एकता को सरकार नहीं तोड़ सकती। धनबाद में सभी अधिवक्ताओं ने शनिवार की भी खुद को न्यायिक कार्य से अलग रखा है और काउंसिल के निर्णय के साथ है। दूसरी ओर धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि बार काउंसिल के आदेश पर खुद को नए कार्यों से अलग रखा है। ऐसोसिएशन ने सरकार से कोर्ट फी को आम जनता के हित में वापस लेने का आग्रह किया है। साथ ही अधिवक्ताओं का बीमा, बार एसोसिएशन में लोक अभियोजक, को अधिवक्ताओं के बीच से बहाल करने अधिवक्ताओं के हित के लिए कल्याण कोष का गठन करने, अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है। रविवार को बार काउंसिल के साथ सभी जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव की बैठक है। उसमें जैसा निर्णय होगा उसी अनुसार आगे की रणनीति बनेगी।



## खेलकूद के मामले में काफी तरक्की कर रहा झारखंड : डीएसपी



कतरास (आजाद सिपाही)। झारखंड फुटबॉल एकेडमी क्लब धनबाद की ओर से भारतीय क्लब कतरास में शनिवार को समारोह आयोजित कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिसमें बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश खेलकूद के मामले में काफी तरक्की कर रहा है। ऐसे में झारखंड फुटबॉल एकेडमी क्लब द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान करना गर्व की बात है। झारखंड के खिलाड़ी आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने की बात कही। मौके पर विश्वनाथ कुंडू सहायक कोच, विनोद आदि थे।

## पढ़ाई में एकाग्रता के लिए तनाव से मुक्ति जरूरी : डॉ गंगवार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 'पढ़ाई में अच्छा करने के लिए मानसिक शांति, सुकून और शारीरिक स्फूर्ति भी जरूरी है। तभी एकाग्रता आती है। तनावमुक्त माहौल में ही बच्चे एकाग्र होकर पढ़ सकते हैं और बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं। इसके लिए उनका गीत-संगीत और विभिन्न मनोरंजक स्पधाओं से जुड़ाव आवश्यक है।' ये बातें डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कही। शनिवार को विद्यालय की प्राइमरी इकाई में सीनियर विंग के बच्चों के लिए आयोजित पिकनिक सह मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्राचार्य ने केक काटकर सभी बच्चों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए मनोयोग के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया। दो वर्षों के बाद आयोजित इस मिलन समारोह सह पिकनिक में बच्चों ने खूब मस्ती की। इसमें विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनका साथ दिया और उनकी हौसला अफजाई की। इस अवसर पर कक्षा 9, 10 और 12वीं के विद्यार्थियों ने गीत-संगीत और नृत्य पर खूब धमाल मचाया। इसके अलावा विभिन्न खेलों व मनोरंजक स्पर्धाओं का भी आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने खुलकर भाग लिया। बच्चे अपनी पसंद की पोशाक पहनकर आए थे। उल्लेखनीय है कि विगत दो वर्षों तक कोरोना के प्रभाव के कारण पिकनिक नहीं हो सका था। अगले चरण में जूनियर क्लास के बच्चों का पिकनिक होगा।

### डीजीएमएस ने मनाया अपना 122वां स्थापना दिवस, भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा

# 12.5 मिलियन टन उत्पादन की योजना: प्रकाश

## डिजीटलाइजेशन की ओर तेजी से बढ़ रहा डीजीएमएस : महानिदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीजीएमएस का 122वां स्थापना दिवस शनिवार को मनाया गया। धनबाद स्थित मुख्यालय में आयोजित समारोह में कर्मचारी संगठनों, अधिकारियों के प्रतिनिधियों की ओर से संस्थान के लिए आने वाले वर्षों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए भविष्य की चुनौतियों विषय पर चर्चा किया गया। साथ ही फिल्म के माध्यम से संस्थान की यात्रा और उपलब्धियों की प्रस्तुति की गई। समारोह की अध्यक्षता खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार ने किया। इस दौरान मौके पर उप महानिदेशक (यांत्रिक) केडीबी नायक, उप महानिदेशक (विद्युत) अजय कुमार सिंह एवं उप महानिदेशक (सांख्यिकी) आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार ने बताया कि संस्थान निरंतर अपने काम में अग्रसर है। डीजीएमएस तेजी से डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ रहा है। पिछले सभी कार्य का डिजिटलाइजेशन कर दिया गया है। अब सभी कार्य ऑनलाइन हो रहे है। परमिशन सिस्टम, एप्रोच ऑनलाइन होते है। माइंस निरीक्षण ऑनलाइन है यानि जेनरेशन किस क्षेत्र में जायेंगे यह ऑनलाइन निकलता है और फिर उस जगह जाकर इनपेक्शन किया जाता है। इसके लिए सरकार द्वारा श्रम सुविधा पोर्टल बनाया गया है। उन्होंने बताया इससे पारदर्शिता आयी है। स्टेकर होल्डरों में विश्वास बढ़ा है।



स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करते खान सुरक्षा महानिदेशक व अन्य।

### बोकारो स्टील प्लांट का उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना : अमरेंदु

बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि वर्तमान में बोकारों स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता पांच मिलियन टन है। इसके उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी करने कि योजना है। पहले साढ़े सात और फिर साढ़े बारह मिलियन टन उत्पादन करने की योजना है। यह योजना अगले सात वर्षो में जमीन पर उतार लिया जाएगा।

## डीसी रेल लाइन पर बढ़ रहा आग का खतरा चिंता का विषय : डीजीएमएस महानिदेशक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीजीएमएस के स्थापना दिवस समारोह के बाद शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए महानिदेशक ने धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन को लेकर बड़ी बात कह दी। उनसे डीसी रेल लाइन की सुरक्षा संबंधी सवाल किये जाने पर उन्होंने कहा कि डीसी रेल लाइन को खतरा तो है ही पर अभी सभी का ध्यान उसी पर फोकस है जिस कारण रेलवे भी फिलहाल सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही डीसी लाइन पर ट्रेनों का परिचालन कर रही है। बीसीसीएल के लोग भी उस पर ध्यान दे रहे हैं कि ज्यादा खतरनाक न हो। लेकिन खतरा तो धीरे-धीरे बढ़ रहा है। फिलहाल जब तक चल रहा है, तभी तब तक चल रहा। अंत में इसे बंद होना ही है। अभी फिलहाल डीजीएमएस द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। आग की पहले और वर्तमान स्थिति पर नजर बनी हुई है। इसके लिए सिंफर से अध्ययन कराया जा रहा है। इसके अलावे हमलोग प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष जांच भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मीडिया के माध्यम से भी डीसी रेल लाइन पर खतरे की कोई जानकारी आती है तो उस पर त्वरित एक्शन लिया जाएगा। अगर कहीं से भी खतरा लगा तो हमलोग अविलम्ब डीसी रेल लाइन पर ट्रेनों के परिचालन को बंद करने के लिए ऑथोरिटी को लिख देंगे। फिलहाल रेल लाइन के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमलोगों द्वारा डीसी रेल लाइन के आसपास कोयला उत्खनन का कार्य रुकवा दिया है। फिलहाल सिम्फर के वैज्ञानिकों द्वारा अध्ययन किया जा रहा है। बतातें चलें कि इससे पहले धनबाद-चन्द्रपुरा रेल लाइन पर आग व भू-धंसान का खतरा व ट्रेन में सफर करने वाले हजारों यात्रियों की जान माल की सुरक्षा को देखते हुए डीजीएमएस की रिपोर्ट के आलोक में पीएमओ द्वारा 15 जून 2017 को इस रेल लाइन पर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह बंद कर दिया गया था। जिस कारण एक ही झटके में 26 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन बंद हो गया था। स्थानीय लोगों द्वारा 20 माह के आंदोलन के बाद 24 फरवरी 2019 को धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन पर फिर से ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ था।

# भुवनेश्वर से राउरकेला के लिए फ्लाइट शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर और राउरकेला के लोगों के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक है। भुवनेश्वर से राउरकेला और राउरकेला से भुवनेश्वर के लिए उड़ानें शुरू हो गयी हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता षड़ंगी, परिवहन मंत्री टूकुनी साहू और मंत्री अशोक पंडा ने भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उड़ान योजना में इस विमान सेवा एलायंस एयरलाइंस द्वारा प्रदान की गयी है। शनिवार को पहली बार भुवनेश्वर से 40 यात्रियों को लेकर यह एटीआर-72 फ्लाइट राउरकेला एयरपोर्ट पहुंची। राउरकेला एयरपोर्ट पर भी उद्घाटन समारोह अनुष्ठित होगा। हालांकि इस फ्लाइट में कुल 72 यात्री जा सकते हैं। शनिवार को यह फ्लाइट भुवनेश्वर से सुबह 10:45 बजे उड़ान भरी और दिन 11 बजकर 40 मिनट पर राउरकेला पहुंची। इसके बाद फ्लाइट दोपहर 12:05 बजे राउरकेला से उड़ान भरी और दिन के एक बजे भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंची। अगली 12 जनवरी से यह फ्लाइट रोजाना उड़ान भरेगी। फ्लाइट रोजाना भुवनेश्वर से दोपहर 2:55 बजे रवाना होगी और 3:50 बजे राउरकेला पहुंचेगी। इसी तरह राउरकेला से शाम 4:15 बजे रवाना होकर शाम 5:10 मिनट पर भुवनेश्वर पहुंचेगी। भुवनेश्वर से राउरकेला के टिकट की कीमत 2803 रुपये है, जबकि राउरकेला से भुवनेश्वर के टिकट की कीमत 2721 रुपये है।

# भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिश्र ने नालको व्याख्यानमाला के 21वें संस्करण में दिया संभाषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न लोकउद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने शनिवार को अपने सभी परिचालन इकाइयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और निगम मुख्यालयों में आयोजित 43वें स्थापना दिवस समारोह के साथ उत्कृष्टता की अपनी यात्रा को गर्व से मनाया। समारोह के एक भाग के रूप में, नालको व्याख्यानमाला के 21वें संस्करण का आयोजन भी 7 जनवरी की प्रातः इसके निगम कार्यालय सभागार में किया गया। न्यायमूर्ति दीपक मिश्र, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और व्याख्यानमाला के इस संस्करण में अपना उद्बोधन दिया।




न्यायमूर्ति श्री मिश्र ने प्रभावी नेतृत्व- दृष्टि, साहस और सुदृढ़ निगम शासन कौशल विषय के परिप्रेक्ष्य में अपने विचार व्यक्त किये। नालको के प्रदर्शन की सराहना करते हुए न्यायमूर्ति श्री मिश्र ने विकास की गति को जारी रखने और निगम उत्कृष्टता की यात्रा में नये मील के पत्थर हासिल करने के लिए नालको परिवार के समस्त सदस्यों को बधाई दी।

नालको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने अपने व्यक्तव्य में नालको परिवार के समस्त सदस्यों को 43वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बधाई दी और 21वें संस्करण में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिश्र का नालको व्याख्यानमाला में स्वागत किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नालको के निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कई पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और पूर्व कर्मचारी, राज्य सरकार और अन्य लोक उद्यमों के वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम ऑनलाइन ऑफलाइन (हाइब्रिड मोड) दोनों माध्यम में आयोजित किया गया था और सभी इकाइयों के कर्मचारी भी आभासी माध्यम से इस वार्षिक व्याख्यानमाला में शामिल हुए।

# कोलकाता में दो संदिग्ध आतंकी पकड़े गये

**आइएसआइएस से जुड़े होने की है आशंका**

**युवाओं को विस्फोटों और हत्याओं के वीडियो दिखा कर ब्रेनवॉश करते थे**





आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स ने हावड़ा के टिकियापारा इलाके से दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके आतंकी संगठन आइएसआइएस से जुड़े होने की आशंका है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी से मिली सूचना के आधार पर यह गिरफ्तारी की गयी है। उन्होंने कहा कि पकड़े गये आतंकियों में से एक एमटेक इंजीनियर है।

सूचना है कि ये दोनों पाकिस्तान और पश्चिम एशिया में आइएसआइएस के पदाधिकारियों के संपर्क में थे। एसटीएफ की एक टीम ने शुक्रवार रात दोनों को टिकियापारा के आफताबुद्दीन मुंशी लेन स्थित उनके ठिकाने से पकड़ा गया है। पकड़े गये आतंकियों के नाम मोहम्मद सद्दाम (28) और सैयद अहमद (30) हैं। सद्दाम कफी पढ़ा-लिखा है। इनके पास से एक लैपटॉप, 2 मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। एजेंसी ने इनके फोटो जारी किये हैं, लेकिन दोनों संदिग्ध आतंकी हैं इसलिए इनके चेहरे स्पष्ट नहीं हैं।

## नेटवर्क फैलाने में लगे थे

अधिकारी ने कहा कि दोनों हावड़ा में आतंकवादी संगठन का नेटवर्क फैलाने में लगे थे। हम उनसे उनकी भूमिका के बारे में और जानने के लिए पूछताछ कर रहे हैं। ये दोनों सोशल मीडिया पर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों और कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे थे। उनका उद्देश्य लोगों, विशेष रूप से युवाओं को जिहादी गतिविधियों की ओर आकर्षित करने के लिए उनका ब्रेनवॉश करना था। वे युवाओं में राष्ट्र-विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए विस्फोटों और हत्याओं दिखाते थे।

## कई दस्तावेज जब्त

अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि कई युवा उनके जाल में फंस गये हैं। गिरफ्तारी के दौरान दोनों के पास से कई दस्तावेज जब्त किये गये। सिटी पुलिस के एसटीएफ को संदेह है कि इन दोनों के पीछे किसी बड़े दिमाग का हाथ है, जो पाकिस्तान या पश्चिम एशिया में सक्रिय हैंडलर्स से जुड़ा है। स्थानीय अदालत में पेश करने पर दोनों को 19 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## इकट्ठा कर रहे थे हथियार

एसटीएफ को यह भी पता चला कि उन्होंने खिदिरपुर में एक गुप्त बैठक की योजना बनायी थी। गिरफ्तारी के बाद इनके घर की तलाशी ली गयी। आरोपियों के पास से डेबिट कार्ड, इलेक्ट्रॉनिक सबूत बरामद किये गये। सूत्रों के मुताबिक इनके लैपटॉप से जिहादी सामग्री भी मिली है। यह भी पता चला है कि आरोपी हथियारों का जखीरा भी बना रहे थे। इसके अलावा वे पैसा इकट्ठा करने का काम भी करते थे। सभी मामलों की जांच चल रही है।

# तालचेर फर्टिलाइजर कारखाना की प्रगति की केंद्रीय मंत्री ने समीक्षा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ अंगुल जिले का दौरा किया और तालचेर फर्टिलाइजर कारखाने का दौरा किया और संयंत्र की प्रगति की समीक्षा की। श्री प्रधान ने समीक्षा के बाद कहा कि भारत का पहला कोयला गैसीकरण आधारित तालचेर उर्वरक संयंत्र भारत को यूरिया और उर्वरक उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाएगा। इसी तरह, अक्टूबर 2024 के महीने से पहले तालचेर उर्वरक संयंत्र पूरा हो जाएगा और इसे राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा, श्री मंडाविया ने मीडिया के प्रतिक्रिया में कहा।

मीडिया को जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 2018 में शुरू हुई इस परियोजना की लगातार समीक्षा जारी है। 17,000 करोड़ रुपये के निवेश से निर्माणाधीन देश का पहला कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी आधारित तालचेर उर्वरक संयंत्र यूरिया उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनायेगा। इसका लाभ किसानों को मिलेगा और भारत को आत्मनिर्भर बनाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के विजन में इस परियोजना से उर्वरक और यूरिया का उत्पादन बढ़ाने और स्थानीय क्षेत्र में कारोबारी माहौल बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि देश में कोयले का भारी मात्रा में भंडार है। पर्यावरण की समस्या को देखते हुए यह सोचा जा रहा है कि कोयले को और किस तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। इस लिहाज से कोल टू सिन गैस प्रोजेक्ट विश्व में प्रतिपादित बन गया है। कोल इंडिया, गेल और राष्ट्रीय फर्टिलाइजर निगम के बीच एक संयुक्त उद्यम ने भारत में इस तकनीक का उपयोग करके तालचेर उर्वरक संयंत्र परियोजना शुरू की है। इस प्रकल्प जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। श्री प्रधान ने राय व्यक्त की कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और कारोबारी माहौल बनाने में इस परियोजना का बहुत बड़ा योगदान होगा।

श्री मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के अपने कोयले से गैस बनाने और उस गैस से यूरिया बनाने के उद्देश्य से तालचेर में कोल गैसीफिकेशन प्लांट की आधारशिला रखी। काम तेज गति से चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन 5 यूरिया प्लांटों का सपना देखा था, उनमें से 4 उत्पादक हो गए हैं, तालचेर प्लांट का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा हो जायेगा। हमारे देश में अपनी खुद की ऊर्जा मांग को पूरा करने की क्षमता है। लेकिन ऊर्जा को गैस और गैस में बदलने के लिए कई परियोजनाएं चल रही हैं। उन परियोजनाओं में यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है। कोयले से गैस, गैस से यूरिया और यूरिया से किसानों की जरूरतें पूरी होंगी।

# किस के 26 छात्र लेक्चररशिप के लिए चयनित, स्वशासी महाविद्यालयों में पढ़ायेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 2023 की शुरुआत में कलिंग सामाजिक विज्ञान संस्थान (किस) को नया साल जश्न मनाने का एक विशेष मौका मिला है, जबकि इसके 26 छात्रों को राज्य चयन बोर्ड (एसएसबी) के माध्यम से स्वयं शासित महाविद्यालय में पढाने के लिए हुआ हैं। शनिवार को किस के सफल छात्रों ने किस परिसर में किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत से भेंट किये, जो उनके सफलता पर डॉ सामंत ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनकी सफलता के लिए उन्हें सम्मानित किये। किस के ये सफल छात्रों ने उड़िआ, इतिहास, वाणिज्य, शिक्षा, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र और गणित जैसे विषयों में ओडिशा के विभिन्न स्वयं शासित महाविद्यालय में अध्यापना करेंगे। इन सफल छात्रों में आदिम जनजातीय समूहों के (पीटीजी) के कई छात्र भी शामिल हैं। डॉ सामंत ने किस के पूर्व छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि किस विश्वविद्यालय में शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता के कारण यह संभव हो पाया है।




# ज्ञान सर्वोपरि है : डॉ जेबी पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोरोपुट, ओड़िशा।** राजकीय कॉलेज, राउरकेला के विद्यार्थियों का एक दल डॉ सबल टांडी और डॉ सनीराम केरकेट्टा के कुशल नेतृत्व में भ्रमणार्थ ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय कोरापुट पहुंचा। वे सभी विश्वविद्यालय पुस्तकालय देखने के लिए भीतर आये। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ बीएन प्रधान ने सबका शानदार स्वागत किया और पुस्तकालय के सभागार में एकल व्याख्यान का आयोजन किया और कहा कि डॉ जेबी पांडेय के यहां ज्वायन करने से विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां बढ़ गयी हैं और इसका श्रेय हिंदी के विद्वान और ईमानदार कुलपति डॉ चक्रधर त्रिपाठी को जाता है।

मुख्य अतिथि के रूप मे विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के विजिटिंग प्रो डॉ जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि 7 वांछित स्थान हैं : जहां बिना निमंत्रण के भी जाना चाहिए, वहां रहना चाहिए और यदि मौका मिले तो कुछ न कुछ कहना चाहिएः 1. विद्यालय 2. पुस्तकालय सह कवितालय 3. अनुसंधानालय 4. अनाथालय 5. शिक्षकालय 6. देवालय 7.स्वर्गालय। देश का दुर्भाग्य है कि नयी पीढ़ी जहां जाना चाहिए, वहां जाने से कतराती है, बहाना बनाती है और जी चुराती है और अंततः वहां जाना नहीं चाहती, लेकिन जहां नहीं जाना चाहिए वहां जाने की ताक और फिराक में रहती है और मौका लगते ही वहां पहुंच जाती है। आगत अतिथियों का स्वागत डॉ बीएन प्रधान, कार्यक्रम का संचालन डॉ कपिला खेमुंदु और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सबल टांडी ने किया।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**